आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 106, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूजा-राधा के सामने दक्षिण अफ्रीका ढेर 15

कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ 16

## प्रदेश में हाईब्रिड कारों पर पंजीकरण शुल्क माफ



**लखनऊ।** राज्य सरकार ने हाइब्रिड कारों पर लगने वाला पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया है। ऐसे में हाइब्रिड कार खरीदने पर कम से कम दो से तीन लाख रुपये तक की बचत होगी। इस फैसले से मारुति सुजुकी इंडिया, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और होंडा कार्स इंडिया जैसी कंपनियों को लाभ पहुंच सकता है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने जानकारी दी कि हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को शत प्रतिशत माफ कर दिया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। अब प्रदेश में खरीददार मारुति सुजुकी इनविक्टो और टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस पर तीन लाख रुपये से ज्यादा और मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर और होंडा सिटी ई :एचईवी पर दो लाख रुपये से ज्यादा बचा सकते हैं। दरअसल, शासन ने इस संबध में पांच जुलाई को ही एक सर्कुलर जारी किया था। परिवहन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 10 लाख रुपये से कम कीमत वाले चार पहिया पर आठ प्रतिशत और 10 लाख रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10 प्रतिशत रोड टैक्स लगता है।

- **खरीददार को तीन लाख रुपये तक की होगी बचत**

## कठुआ आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर पहुंचे देहरादून

ब्यूरो, देहरादून



अनुज नेगी | आनंद सिंह रावत | कमल सिंह | आदर्श नेगी | विनोद सिंह

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में शहीद उत्तराखंड के पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम लोगों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेज दिए जाएंगे। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते सोमवार को आतंकियों ने घात लगाकर सेना के वाहन पर हमला कर दिया था। सेना के जवानों ने भी जवाबी फारयिंग की, लेकिन आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। हमले में उत्तराखंड के पांच वीर सपूत शहीद हो गए। जिसमें जेसीओ (नायब सूबेदार) आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, राइफलमैन अनुज सिंह, नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी शामिल हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी टिहरी जिले के कीर्तिनगर में थाती डागर के रहने वाले थे। नायक विनोद सिंह टिहरी के जाखणीधार तालुक के चौंद जसपुर गांव के थे। नायब सूबेदार आनंद सिंह रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल के रहने वाले थे। हवलदार कमल सिंह पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के पापरी गांव जबकि राइफलमैन अनुज नेगी पौड़ी जिले के रिखणीखाल तालुक के डोबरिया गांव के रहने वाले थे।

पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, डीएम व एसएसपी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धाजंलि अर्पित की। सैनिकों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास भेजा जाएगा जहां शहीदों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

> हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। – **मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी**

### डोडा में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़

**जम्मू/कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुदूर वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घड़ी भगवा जंगल में तलाशी एवं घेराबंदी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी थी। वहीं, कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घातक हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए मंगलवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डीजीपी आरआर स्वैन अभियान की निगरानी के लिए पहुंचे। एडीजी आनंद जैन के साथ डीजीपी स्वैन ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। तलाश अभियान का दायरा बढ़ाकर उधमपुर और कठुआ के समीपवर्ती जिलों के बड़े क्षेत्रों को शामिल कर लिया गया है, जिनमें बसंतगढ़, सेओज और कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली के ऊपरी इलाके शामिल हैं। सेना की पैरा इकाई के विशेष सुरक्षा कर्मियों को विशिष्ट क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित अभियान के लिए तैनात किया गया है।

- **कठुआ में आतंकियों की तलाश में जुटे सुरक्षाबल**

## एक नजर

### सिख फॉर जस्टिजस पर प्रतिबंध 5 वर्ष बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करके कहा कि सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि 10 जुलाई से पांच वर्ष के लिए बढ़ाई जाती है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया था, जिसकी अवधि अब समाप्त हो रही थी। अधिसूचना में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त है, इसलिए विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा दो की उप धारा के एक के अंतर्गत इसके खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

### डीआईजी फायर जुगल किशोर निलंबित

**लखनऊ।** डीआईजी फायर जुगल किशोर तिवारी को शासन ने निलंबित कर दिया है। वह आईपीएस आचरण नियमावली के दोषी पाए गए हैं। कई जिलों में पुलिस अधीक्षक रहे जुगल किशोर लंबे समय से डीआईजी फायर के रूप में तैनात थे। बताया जा रहा है कि किसी कर्मचारी की शिकायत पर अधिकारों से परे जाकर उन्होंने कार्रवाई की थी। जांच में मामला सही मिलने पर उन पर कार्रवाई की गई। बताया गया कि उनका एडीजी से रिश्ते अच्छे नहीं थे।

# एसडीएम, सीओ समेत 6 निलंबित

### हाथरस हादसा : एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, गहन जांच की बताई जरूरत, साजिश से इनकार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे के जिम्मेदारों पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदराराऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौकी इंचार्ज कचौरा और चौकी इंचार्ज पोरा भी शामिल हैं। हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। दुर्घटना के एक सप्ताह के अंदर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना, साजिश से भी इनकार नहीं किया है।

मंगलवार को यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा को नहीं बल्कि आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद सिंकदराराऊ के एसडीएम रावेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, थानाध्यक्ष आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार के अलावा चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया।

**अब न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का इंतजार :** हाथरस हादसे में दो सदस्यीय एसआईटी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब इंतजार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट भी न्यायिक आयोग के पास है। आयोग को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों उन्हें रोकने के लिए भी अपने सुझाव देने हैं। न्यायिक जांच के मुख्य बिन्दु में घटना कोई दुर्घटना है या फिर कोई षड्यंत्र? या कोई अन्य सुनियोजित आपराधिक घटना? जैसे सवालों को भी तलाशना है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाथरस के भगदड़ मामले की जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैंने कल ही याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता और वकील विशाल तिवारी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। जनहित याचिका में भगदड़ मामले की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

### एसआईटी ने लिए 125 लोगों के बयान

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दिनों सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले की जांच को गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, स्थलीय वीडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का भी संज्ञान लिया गया।

### तथ्यों को छिपाकर ली गई अनुमति

जांच समिति ने हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। दरअसल, उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सिकंदराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए तय शर्तों का अनुपालन भी नहीं किया गया।

- **आयोजकों की लापरवाही से हुआ हादसा, भीड़ को आमंत्रण देकर नहीं किया पर्याप्त इंतज़ाम**
- **पुलिस एवं प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी समुचित जानकारी**

### जांच के मुख्य तथ्य

- अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।
- कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया।
- बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया, उनसे अव्यवस्था फैली।
- आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।
- स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास हुआ।
- सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध आपस में मिलने की छूट दी गई।
- किसी प्रकार की बैरीकेटिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई थी
- हादसा घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटनास्थल से भाग गए।

### राष्ट्रपति पुतिन ने दिया ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोसल

## प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान



- **मोदी बोले- यह सिर्फ मेरा नहीं 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान**
- **सम्मान को भारत-रूस के बीच मित्रता को समर्पित किया**

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में उनके योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति पुतिन ने क्रेमलिन में सेंट एंड्र्यू हॉल में एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। पुरस्कार की घोषणा 2019 में की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय नेता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार को स्वीकार करते हुए इसे भारत की जनता के प्रति और भारत तथा रूस के बीच मित्रता के पारंपरिक बंधन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करता है।

मोदी ने कहा कि मुझे रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। यह सिर्फ मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी और गहरी मित्रता और आपसी विश्वास का सम्मान है।

## आजम के रिसॉर्ट पर चला बुलडोजर, दीवार ढहाई



रिसॉर्ट की दीवार ढहाता बुलडोजर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **खाद के गड्ढों की भूमि को कराया कब्जा मुक्त**
- **कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में तैनात रही पुलिस**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के हमसफर रिसॉर्ट पर मंगलवार की सुबह प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे और सरकारी जमीन पर बनी दीवार को गिराकर कब्जा मुक्त करा दिया। प्रशासन ने यह कार्रवाई शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत पर की है। इस दौरान सपा नेता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने बिना लाल निशान लगाए दीवार और इमारत को ध्वस्त किया है।

सपा शासन में कोतवाली थाना क्षेत्र के पसियापुरा गांव में मंत्री रहते हुए आजम खां ने हमसफर रिसॉर्ट का निर्माण कराया था। जो उनकी पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम के नाम पर है। भाजपा सरकार में आजम खां और उनके परिवार की घेराबंदी शुरू हो गई थी। उनके खिलाफ सरकारी जमीनों को कब्जाने के मुकदमे दर्ज किए गए थे। कुछ समय पहले कब्जे को लेकर जिला प्रशासन ने तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि रिसॉर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है। कोर्ट के आदेश पर पैमाइश कराई गई। इसमें पुष्टि हुई कि यह जमीन खाद के गड्ढों की ही है। कोर्ट ने अवैध कब्जा हटाने और क्षतिपूर्ति वसूलने के आदेश दिए थे। हालांकि इस बीच मामला शांत हो गया था। कुछ दिन पहले शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अधिकारियों से शिकायत करते हुए तहसील प्रशासन के रवैये के खिलाफ नाराजगी जाहिर की थी। मंगलवार को प्रशासन सक्रिय हो गया। जेसीबी से हमसफर रिसॉर्ट की दीवार को गिराकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान एसडीएम मोनिका सिंह के अलावा पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## शेयर बाजार का नया रिकॉर्ड सेंसेक्स 80 हजार के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई का सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। निफ्टी भी 112.65 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 123.05 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 24,443.60 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी इंडिया छह प्रतिशत चढ़ा। उत्तर प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाइब्रिड कार (पेट्रोल और इलेक्ट्रिक से चलने वाली) पर पंजीकरण शुल्क से छूट दिए जाने की खबरों के बीच कंपनी का शेयर चढ़ा।

- **निफ्टी भी उछलकर पहुंची 24400 के पार**

## पतंजलि ने रोकी 14 उत्पादों की बिक्री

### उत्तराखंड सरकार ने निलंबित किए थे लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की। शीर्ष अदालत भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के निर्माण लाइसेंस को 'तत्काल प्रभाव से निलंबित' कर दिया गया है। सर्वोच्च अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

- **5606 फ्रेंचाइजी स्टोरों से उत्पादों को वापस लेने के दिए निर्देश**
- **सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दी थी अवमानना नोटिस, निर्णय सुरक्षित**

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

## मुंबई में दंपती को टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटी को टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की साजिश रच रहा था।

## नीट-यूजी : पटना से दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक बिहार से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात के लातूर और गोधरा में में एक-एक व्यक्ति को तथा साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# नैनी झील ने बनाया रिकॉर्ड, दस दिनों में भरा सात फीट पानी

बबलू चंद्रा, नैनीताल



नैनीताल झील में बढ़ा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की झील ने ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो चिंता में डालने वाला है। पहली बार दस दिन में सात फीट पानी झील में भरा है। झील नियंत्रक झील में पानी भरने की तीव्र रफ्तार को अव्यावहारिक मान रहे हैं। नैनी झील का अस्तित्व शायद लाखों-करोड़ों वर्ष पुराना हो। मगर झील में पानी भरने के स्रोत मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश प्राकृतिक जलस्रोत हैं। मानसूनी बारिश सबसे बड़ा स्रोत रहा है। जलस्तर घटने और बढ़ने की पैमाइश ब्रिटिशकाल से शुरू हुई, जो आज तक जारी है। झील भरने का क्रम एक नियंत्रित गति के साथ रहा है, जो बारिश की मात्रा पर निर्भर करता है। मगर इस बार झील में पानी बारिश की मात्रा की तुलना में कहीं अधिक भरा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 26 जून से छह जुलाई के बीच बारिश लगभग दो फीट हुई और झील में पानी की मात्रा सात फीट को पार कर गई, जबकि नालों व प्राकृतिक स्रोतों से आने वाले पानी की मात्रा बारिश की मात्रा से दोगुने के लगभग ही होनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद करीब तीन फीट अधिक बढ़ गया। जिस कारण चिंता स्वाभाविक है।

### जलस्तर में इतनी तेज वृद्धि बनी चिंता का सबब

### भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना बड़ा कारण

**नैनीताल।** झील नियंत्रण कक्ष के निरीक्षक रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार झील भरने की रफ्तार का बड़ा कारण भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना है। नगर के अधिकांश मार्ग सीमेंट से बने होने के कारण पानी बहकर झील में चला जाता है। साथ ही अधिक भवन निर्माण के चलते जमीन के पानी सोखने का दायरा कम हो चला है। जिस कारण बारिश का पूरा पानी झील में चला जाता है। नैनी झील की गहराई में कमी आई है। इसका कारण झील में बेशुमार गाद भर जाना है। पिछले करीब चार दशक पहले तक झील की अधिकतम गहराई 90 फीट से अधिक थी, जो अब घटकर 72 फीट रह गई है। नगर में भवन निर्माण का मलबा झील में पहुंचना इसका बड़ा कारण माना जाता है। झील के चारो ओर हरे-भरे जंगलों में पिछले कुछ दशक से वैध-अवैध निर्माणों की बाढ़ से भूमि की नमी बनाए रखने वाले हरे-भरे पेड़ों का पतन भी तेजी से बढ़ा है। रिहायशी कालोनियों के बनने व सीसी मार्ग के मकड़जाल से भी जमीन में धीमी गति से रिसने वाला बरसाती पानी अब सीधे झील मे पहुंच रहा है। झील में तेजी से जलभराव का भी ये एक मुख्य कारण है।

## शहर में आज



- इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8 :30 बजे।
- चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे।
- लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 6 :30 बजे।

## एक नजर



एक पेड़ अपने मां के नाम अभियान के अंतर्गत पार्क में पौधा लगाते अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर मां के नाम पर लगाया पौधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अपनी मां राजेश्वरी देवी सक्सेना के साथ नामित सदस्य जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति और ब्रांड एंबेसडर नगर निगम अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना ने डीएल ब्लॉक पार्क दीनदयाल नगर प्रथम में लगाया। उन्होंने बालम खीरे का पौधा लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पौधरोपण करने के बाद उन्होंने दूसरों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कहा कि पौधे ही हमारे लिए प्राण वायु ऑक्सीजन देते हैं। पर्यावरण संरक्षण को हर व्यक्ति को कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए।

### एफएसडीए टीम पहुंची मंडी नष्ट कराए सड़े-गले फल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने मंगलवार को मझोला क्षेत्र में नवीन फल एवं सब्जी मंडी में अभियान चलाकर कार्रवाई की। सहायक आयुक्त राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मंडी में सड़े-गले फलों को नष्ट कराया गया है। इसमें 3 .5 क्विंटल आम, 270 किलोग्राम जैक (कटहल) फल, 315 किलो अनार, 48 किलो सेब और 525 किलोग्राम केला शामिल है। उन्होंने बताया कि मंडी में फल और सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी दी गई।



ग्राम काफियाबाद में सड़क पर आए बाढ़ के पानी को पार करते समय गिरे बाइक सवारों को संभालता युवक। ● अमृत विचार

### संक्रामक बीमारियों से बचाव को फॉगिंग कराएं अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अन्तरविभागीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने बारिश व जलभराव को देखते हुए मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नगर निकायों के अधिकारियों को नियमित रूप से फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। पंचायतीराज विभाग, नगरीय विकास, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को संचारी रोग नियंत्रण की कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए सभी गंभीरता दिखाएं। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक मौजूद रहे।



रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद नाव के सहारे नदी पार से चारा लेकर आते किसान। ● अमृत विचार

# रामगंगा, ढेला नदी का जलस्तर बढ़ा, काफियाबाद में सड़क पर दो फीट पानी

## 200 मीटर के दायरे में दो फीट से अधिक पानी आने से एक दर्जन से अधिक गांवों में 20 हजार से अधिक आबादी प्रभावित, फसलें भी जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ों पर हो रही बारिश से ढेला और रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। एक तरफ रामगंगा किनारे बसने वालों को बाढ़ का खतरा है तो वहीं किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। इस साल बारिश के एक चौथाई हिस्से से भी अधिक बारिश नौ जुलाई से पहले हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अभी कुछ दिन और बारिश होने के आसार हैं।

मुरादाबाद में रामगंगा और ढेला नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी काफियाबाद के पास सड़क पर बह रहा है। यहां लगभग 200 मीटर के दायरे में सड़क पर दो फीट से अधिक पानी आने से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों की लगभग 20 हजार से अधिक आबादी का आवागमन प्रभावित हुआ है।

जबकि सोमवार तक पीपलसाना भोजपुर क्षेत्र के अक्का, भीकनपुर, शाहपुर, इस्लामनगर, काफियाबाद, आदमपुर, बसावनपुर, खईया, सियाली, मिलक सहित लगभग एक दर्जन गावों के लोगों को लगभग 15 किमी. का लम्बा सफर तय कर अपने मंजिल पर पहुंचना पड़ रहा था। मंगलवार सुबह आठ बजे तक कटघर रामगंगा का जलस्तर 189.71 मीटर था। जो अभी खतरे के निशान से नीचे है।

रामगंगा नदी से सटे जिगर कॉलोनी, बंगला गांव और उसके आसपास के लोगों को एक सप्ताह पूर्व ही रामगंगा पर बने अस्थायी पुल के पानी के तेज बहाव में बह जाने से नदी पार कर खेतों में जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के दूसरी ओर खेती करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है।



बाढ़ के पानी से खराब हुई धान की फसल को काटकर छिंटाई करती महिला।



कटघर पुल के पास रामगंगा नदी का बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार



रामगंगा नदी के पानी से घिरी फसल। ● अमृत विचार



बाइक से निरीक्षण करने निकले महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

## एसडीएम सदर ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गांवों में घुसे नदी के पानी को देखकर फसलों के नुकसान का लिया जायजा

**अमृत विचार:** रामगंगा व ढेला नदी के पानी से सदर तहसील क्षेत्र के काफियाबाद, इस्लामनगर सहित अन्य कई गांव जलमग्न हैं। लोगों का आवागमन प्रभावित होने के साथ घरों व खेतों में पानी भर गया है। इसको देखते हुए उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल ने क्षेत्र का निरीक्षण किया।

उप जिलाधिकारी ने राजस्व टीम के साथ गांवों का निरीक्षण कर लोगों की परेशानी सुनी। घरों व खेतों में पानी भरने की स्थिति देखी। कई जगह आवागमन प्रभावित होने की जानकारी गांव वालों ने दी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ का पानी काफियाबाद सहित कई अन्य गांवों और खेतों में भर गया है। बारिश के चलते खेतों में अधिक पानी आया है। ढेला व अन्य नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। लोगों की हर संभव मदद जिला व तहसील प्रशासन करेगा।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल।

## केंद्रों पर सुनिश्चित हो दवा की उपलब्धता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई। जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें। मरीज दवा के अभाव में बिना इलाज अस्पताल से न लौटें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक डिस्प्ले बोर्ड लगाकर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी जन सामान्य को दें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह को निर्देश दिया कि सभी चिकित्सकों की ओपीडी पर नजर रखें। इसकी नियमित समीक्षा कर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों से ही मरीजों को दवा उपलब्ध होना चाहिए। कहीं से शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव के बाद जरूरी टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाए। संबंधित अधिकारी टीम बनाकर सर्वे के बाद सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। चिकित्साधिकारियों को अपने तैनाती स्थल पर निवास करने का निर्देश दिया। पौधरोपण के लिए तय लक्ष्य को पूरा कराने के लिए कहा। आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड के संबंध में दस्तक अभियान के तहत सर्वे करवाकर कार्य जल्द पूरा कराने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति की बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार

## महापौर व नगर आयुक्त ने बाइक से किया महानगर का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीलीकोठी से कांठ रोड, रामगंगा विहार, आशियाना में जलभराव व सफाई की स्थिति देखी
- रामगंगा विहार में नाले की सफाई ठीक न होने पर जताई नाराजगी तत्काल सफाई कराने का निर्देश

**अमृत विचार:** बारिश से महानगर में जलभराव व टूटी सड़कों से नागरिकों को हो रही परेशानी जानने के लिए मंगलवार को महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल अन्य अधिकारियों से साथ भ्रमण पर निकले। दोनों ने पीलीकोठी से लेकर रामगंगा विहार, आशियाना में निरीक्षण किया। रामगंगा विहार में नाले की सफाई ठीक से न होने पर जलभराव की स्थिति देख नाराजगी जताई। सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

महापौर को अपने साथ बाइक पर बैठाकर नगर आयुक्त सड़क पर उतरे। उन्होंने पीलीकोठी से कांठ रोड, रामगंगा विहार, आशियाना में निरीक्षण किया। जलभराव की स्थिति, नाला सफाई व कूड़ा उठान की स्थिति देखी। रामगंगा विहार में नाले की सफाई ठीक से हुई न मिलने पर नाराजगी जताई। दोनों ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए सफाई कराने और जलनिकासी कराने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्रीय सफाई व खाद्य निरीक्षक का स्पष्टीकरण लेने के लिए अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल को निर्देश दिया। आसपास की घास व झाड़ियों की सफाई करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद, अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, सहायक अभियंता रईस अहमद व विजेंद्र यादव, अवर अभियंता शिवमोहन और क्षेत्रीय सफाई व खाद्य निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर निगम के निर्माण अनुभाग की टीम ने शिवनगर, लाइनपार, जाहिदनगर में मड पम्प लगाकर जलनिकासी कराई। भोलानाथ कॉलोनी में जलनिकासी के लिए बोरे में मिट्टी भरकर डाला। जीएमडी रोड पर व अन्य क्षेत्रों में बारिश के पानी की निकासी के लिए गड्ढों को भरवाया। खुले मैनहोल को बंद कराया।



आशियाना में सड़क किनारे नाले से निकला सिल्ट देखकर नाराजगी जताते महापौर।

### नहीं लगने दिया साप्ताहिक बाजार

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को बाजार गंज, बुध बाजार क्षेत्र में टाउनहाल के दोनों ओर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर कार्रवाई की। प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम ने टाउन हाल से चौमुखा पुल से होते हुए अमरोहा गेट तक मंगल बाजार नहीं लगने दिया। माइक से घोषणा कराई कि रेहड़ी पटरी वालों के लिए दुकानों का आवंटन नगर निगम प्रशासन के द्वारा कुटकुटशाला रोड पर किया गया है। वहां जाकर अपनी दुकानों का स्वामित्व ग्रहण कर दुकान लगाएं। टाउनहाल या आसपास के पास दुकान लगाने पर उनका सामान जब्त करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा।

### पाइप लाइन की लीकेज की कराई मरम्मत

निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड नंबर 1, 6, 7, 12, 18, 27, 32, 52 और 57 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड नंबर 12, 20, 31, 42, 48, 63 में सीवर सक्शन व सीवर सफाई का कार्य कराया। वार्ड नंबर 16, 28 और 54 में पानी न आने की शिकायत को दूर कराया गया।

राहत | जन्मजात दोष वाले 10 शिशु रोग मुक्त, 13 का चल रहा इलाज, छह से 18 वर्ष तक आयु वाले 4,776 भी बीमारी से आए बाहर

## 4डी से ग्रसित 4786 नौनिहालों को आरबीएसके ने दिया जीवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) संजीवनी से कम नहीं है। 4डी से ग्रसित नौनिहालों के लिए ये कार्यक्रम वरदान साबित हो रहा है। बीमार शिशु और छह साल से अधिक आयु वाले बच्चों चिह्नित कर उन्हें स्वस्थ बनाने का काम स्वास्थ्य विभाग अभियान के तौर पर कर रहा है। इसमें उसे सफलता भी मिली है।

जून में जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक के कुल 2,29,011 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हुई है। इसमें 4,853 बच्चे रोगी पाए गए हैं। इनमें 23 शिशु हैं और शेष 4,830 बच्चे छह से 18 साल की आयु तक के हैं। बड़ी बात ये है कि इन बीमार बच्चों में 4,786 लोग स्वस्थ हो गए हैं। आरबीएसके के मैनेजर सगीर अहमद ने बताया कि शिशुओं में जन्मजात दोष की जांच की जाती है यदि वह किसी रोग से ग्रसित होता है तो उसे सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज देकर स्वस्थ किया जाता है। इसी तरह छह साल से अधिक आयु वाले बच्चों में 4डी (डिसीज, डिफेक्ट, डिफिशिएंसी और डिसेबिलिटी) की जांच होती है। 4डी रोग जानलेवा हैं। समय से पहचान या उपचार न मिलने से संबंधित बच्चे की मौत भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि बच्चों की सेहत जांचने के लिए आरबीएसके की जिले के आठ ब्लॉकों में कुल 16 मोबाइल हेल्थ टीमें काम कर रही हैं। गांव-कस्बों में जाकर कैंप लगा रही हैं।



मूंढपांडे ब्लॉक के गांव गनियाखेर में कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डॉ. बुशरा।

### शिशुओं में जन्मजात दोष की निगरानी

आरबीएसके के मैनेजर सगीर अहमद ने बताया कि पिछले महीने में कुल 1,21,329 शिशुओं में जन्मजात दोष की जांच हुई है। इसमें कुल 23 बच्चे जन्मजात दोष से पीड़ित मिले हैं। इनमें से इलाज मिलने के बाद 10 शिशु जन्मजात दोष से मुक्त भी हो गए हैं। जबकि, 13 शिशुओं का अभी विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इसी तरह छह वर्ष से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों में 4डी की निगरानी के लिए मोबाइल हेल्थ टीमें और आशा कार्यकर्ता काम कर रही हैं। 4डी से संबंधित रोग की पहचान करने के लिए 1,07,682 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। ये सभी बच्चे स्कूल और आंगनबाड़ी के हैं। इन बच्चों में से 4,830 लोग 4डी के रोगी पाए गए थे। जिनमें से 4,776 बच्चे इलाज पाकर स्वस्थ हुए हैं। शेष 54 बच्चों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

> आरबीएसके की मोबाइल हेल्थ टीमें बीमार शिशुओं और बच्चों को चिह्नित कर रही हैं। इसमें आशाएं भी सहयोग कर रही हैं। संबंधित शिशु या बच्चे के इलाज में कितनी प्रगति या रिकवरी हो रही है। इसकी भी हम लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि परिणाम भी अच्छे देखने को मिल रहे हैं।
>
> -डॉ. देवीदास, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### जन्मजात दोष वाले मिले शिशु

ब्लॉक डिलारी में 6, कांठ में 4, ठाकुरद्वारा में 3, भोजपुर में 4 और ताजपुर व मूंढापांडे में दो-दो शिशु जन्मजात दोष वाले पाए गए हैं। जिला महिला अस्पताल और कुंदरकी में एक-एक शिशु जन्मजात दोष वाला मिला है।

### 16 से आवेदन कर सकेंगे छात्रवृत्ति से वंचित छात्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समाज कल्याण व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2023 -24 की छात्रवृत्ति मिलने से वंचित रहे छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। छात्रवृत्ति से वंचित सामान्य, अन्य पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र 16 से 30 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे।

मंगलवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि निदेशालय ने छूटे हुए छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन की समय सारणी में अब परिवर्तन किया है। छात्रवृत्ति मिलने से वंचित छात्र-छात्राएं दोबारा आवेदन कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामान्य वर्ग,अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति, शुल्क देने तिथि 15 फरवरी 2024 निर्धारित की गई थी।

### दो वोट से राशन कोटे का चुनाव जीते दाऊद

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर के कम्पोजिट विद्यालय फत्तेहपुर खास में खुली बैठक में राशन डीलर का चुनाव हुआ। डीलर के चुनाव के लिए एक पक्ष की ओर से दाऊद पुत्र युसूफ व दूसरे पक्ष के इसरार पुत्र गुलाम साबिर ने नोडल अधिकारी विनीत कुमार, ग्राम सचिव विवेक चौधरी व प्रधान नबाबुल हसन के समक्ष आवेदन किया। चुनाव में दाऊद ने दो वोट से जीत हासिल की।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
• 12A Registration
• 80G Registration
• Website for Ngo
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

धूप निकलेगी, साथ ही कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 :24 | सूर्यास्त 07 :17

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

## बेकाबू होकर डंपर एक घर में घुसा, पांच लोग जख्मी, दलपतपुर-अलीगंज मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार तड़के बाइक सवार को कुचलते हुए बेकाबू डंपर घर में घुस गया। दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद डंपर का चालक व हेल्पर दोनों मौके से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षतिग्रस्त बाइक व डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद जुटी भीड़ ने हंगामा कर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नरखेड़ा निवासी जुनैद फलों को ठेला लगाते हैं। जुनैद बाइक से मंगलवार तड़के दलपतपुर से आम खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान दलपतपुर-अलीगंज रोड पर गांव वीरपुर थान के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जुनैद को कुचलते हुए बेकाबू डंपर सड़क किनारे बने तस्लीम के घर में घुस गया। घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं जुनैद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य डंपर की चपेट में आने बुरी तरह जख्मी हो गए। डंपर का चालक व हेल्पर मौके से फरार हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया। इसके बाद क्षतिग्रस्त बाइक व डंपर को कब्जे में लिया है। मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक रामप्रसाद वर्मा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। डंपर के नंबर से वाहन स्वामी की पहचान की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



बाइक सवार को रौंदने के बाद बेकाबू होकर एक घर में घुसा डंपर और मौके पर जुटी भीड़। • अमृत विचार

### दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए एसएसपी का अधीनस्थों को निर्देश

एसएसपी सतपाल अंतिल ने आए दिन हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए हैं। बता दें, लापरवाही से वाहन चलाने से दो हफ्ते के भीतर दस लोगों की जान जा चुकी है। बीते सप्ताह दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक के बाद एक तीन सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें नौ लोगों की जान गई है। सड़क हादसों को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था सुस्त है। मंगलवार को हुई घटना के बाद एसएसपी ने चुप्पी तोड़ी है। अधीनस्थों को यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सख्त हिदायत दी है।

### घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष, लगाया जाम

हादसे में घर में मौजूद लोगों को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। भड़की भीड़ ने सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन के डंपर तेज रफ्तार से इलाकों होकर गुजरते हैं। जिससे आए दिन इसी तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। बता दें, दलपतपुर-अलीगंज रोड उत्तराखंड से अवैध खनन के ट्रांसपोर्टेशन के लिए बदनाम है। ये रास्ता आगे उत्तराखंड की सीमा में मिलता है। इस सिंगल रोड पर अवैध खनन वाले तेज रफ्तार डंपरों की आवाजाही की वजह से आए दिन हादसे होते रहे हैं। जिसमें तमाम लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मां

## एक नजर

### फलक व औरंगजेब का राज्य प्रतियोगिता के लिए चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में फलक और औरंगजेब आलम ने जनपद का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिताएं 19 से 26 जुलाई तक मऊ में जूनियर बालक वर्ग और बाराबंकी में जूनियर बालिका वर्ग की होंगी। जिसमें राष्ट्रीय प्रतियोगिता बालिका वर्ग में मंडल की कुमारी फलक व औरंगजेब आलम, आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयनित होकर प्रशिक्षण कैंप में शामिल हो गए हैं। दोनों ही खिलाड़ियों को जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, उपाध्यक्ष नावेद सिद्दीकी, अरकान अहमद, कोषाध्यक्ष मंजू खान, सहायक सचिव आमिर मिर्जा, सुरेंदर पाल सिंह, महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुलिस को देख बदमाशों ने शुरू की फायरिंग, लोगों में मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दबंगई**
- पुलिस के सामने तमंचा लहराते हुए फरार हुए आरोपी
- सोमवार देर रात प्रभात मार्केट में हुई घटना, बाल-बाल बचे लोग

**अमृत विचारः** प्रभात मार्केट में बाइक के साथ खड़े युवक को टक्कर मारने के बाद कहासुनी पर बदमाशों ने भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस को देखकर फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुन मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। इसके बाद तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात प्रभात मार्केट में केनरा बैंक के निकट एक युवक बाइक के साथ खड़ा था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने खड़े युवक को टक्कर मारी दी। वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद तीनों से कहासुनी पर युवक के साथ मारपीट करने लगे। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। अचानक से पुलिसकर्मियों की फिल्मी एंट्री हुई। पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। ताबड़तोड़ गोलियों के आवाज सुन मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। तमंचा लहराते हुए तीनों बदमाश पुलिस की नाक के नीचे से फरार हो गए। पुलिसकर्मी समेत अन्य मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची कटघर थाने की पुलिस ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

उनकी तलाश के लिए टीम गठित की गई। जिसमें से एक की लोकेशन शहर के पास एक जगह मिली। वहीं एक आरोपी की लोकेशन पंजाब में मिली है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक, घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर खुलासा किया जाएगा।

# महानगर में खुले में रखे 74 ट्रांसफार्मरों की होगी फेंसिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सिविल लाइंस क्षेत्र में खुले में रखे ट्रांसफार्मर की टूटी जाली। • अमृत विचार

- कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर बिजली विभाग ने की तैयारी

**अमृत विचारः** राज्य सरकार के निर्देश के बाद श्रावण मास और मोहर्रम को लेकर कोई अनहोनी ने हो इसको लेकर बिजली विभाग ने कमर कस ली है। करंट से मोहर्रम में अजादारों और कांवड़ यात्रा में जल लाने वाले कांवरियों को बिजली के करंट से सुरक्षा देने के लिए हाईवे पर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल पर जमीन से लेकर 10 से 12 फीट तक की ऊंचाई तक पॉलीथिन लगाई जाएगी। वहीं मार्ग व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रखे ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराई जाएगी।

मंगलवार को अधीक्षण अभियंता नगरीय मनीष चोपड़ा ने बताया कि इस बार प्रदेश सरकार की निर्देश अनुसार कांवड यात्रा और मोहर्रम को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है। जिसमें तीनों वितरण खंडों में हाईवे पर सड़क किनारे, मोहल्ले व मंदिर, मजिस्द, इमामबाड़ा व सार्वजनिक स्थलों पर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल को जमीन से 12 फीट की ऊंचाई तक पॉलीथिन से सुरक्षित किया जाएगा। जबकि खुले में रखे करीब 74 ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराई जाएगी।

विद्युत वितरण खंड प्रथम में गागन से लेकर कंपनी बाग तक 250 पोल को पॉलीथिन से सुरक्षित किया जाएगा। इस क्षेत्र में खुले रखे 15 ट्रांसफार्मर लोहे के जाल से कवर्ड किया जाएगा। वितरण खंड द्वितीय में 550 बिजली के पोलों को पॉलीथिन से सुरक्षित किया जाएगा। वहीं दीवान का बाजार, नागफनी, नबाबपुरा, 84 घंटा, तहसील स्कूल, मोहल्ले के लटके तारों को ऊंचा किया जाएगा।

वहीं बिना किसी सुरक्षा के खुले में रखे 24 ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग की जाएगी। वितरण खंड तृतीय में 190 बिजली के पोलों पर पॉलीथिन लपेटने का कार्य किया जाना है। कटघर हनुमान मूर्ति रामपुर रोड पर लटके तारों को ऊंचा कर बांधा जाएगा। उसके तार से गार्डिंग भी की जाएगी। सड़क किनारे खुले में रखे 34 ट्रांसफार्मर को जाल से कवर्ड किया जाएगा।

# उमस भरी गर्मी में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मौसम में हुए बदलाव से सुबह से उमस भरी गर्मी की शुरुआत हुई। जिससे लोगों को एसी, कूलर और पंखों के बिना चैन नहीं मिल सका। जिसका नतीजा हुआ कि बिजली उपकरणों पर एक साथ अधिक लोड पड़ने से दो विद्युत केंद्रों में फाल्ट हो गए। दौलत बाग और टाउन हॉल विद्युत केंद्र में रखे ट्रांसफार्मर की लीडे भी जवाब दे गईं। जिससे तहसील स्कूल, नियारियो, चौमुखा पुल, समेत कई मोहल्लों के लोगों के आगे कई घंटे बिजली कटौती का संकट बना रहा है। टाउन हॉल विद्युत केंद्र के यार्ड में फाल्ट होने से कटरा नाज, मानपुर, चौमुख पुल और मालवीय नगर के 3000 उपभोक्ताओं की सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

मंगलवार सुबह से अधिक लोड के कारण दौलत बाग विद्युत केंद्र के विद्युत सप्लाई देने वाले ट्रांसफार्मर की लीड सुबह 10 बजे फुंक गई। जिससे दौलत बाग, दसवां घाट, नबाबपुरा, नागफनी, दीवान के बाजार में रहने 1500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति दोपहर तीन बजे तक बाधित रही। वहीं टाउनहॉल विद्युत केंद्र के यार्ड में फाल्ट होने से सुबह 9 बजे से बिजली आपूर्ति में ब्रेकडाउन हो गया। टाउन हॉल, मानपुर, मालवीय नगर, कटरा नाज, तंबाकू मोहल्ला, अमरोहा गेट मोहल्ले रहने उपभोक्ताओं को पांच घंटे लगातार बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे घरों में रहने वाली महिलाओं और बच्चों को बुरा हाल रहा।

> मंगलवार सुबह से गर्मी बढ़ने से अधिक लोड होने से टाउन हॉल विद्युत केंद्र पर भी फाल्ट हो गया था। जिसे दोपहर ढाई बजे तक सही किया गया। काफी देर महानगर व कई मोहल्लों बिजली कटौती का संकट बना रहा।
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता नगरीय

# दिल्ली रोड पर आपस में भिड़ीं तेज रफ्तार दो बाइकें, एक की मौत, छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मझोला के मंगूपुरा में दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई। जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को बरामद किया है।

थाना क्षेत्र में मंगलवार रात आठ बजे अमरोहा के गांव सुजनपुर निवासी ओमपाल अमरोहा से एक रिश्तेदार की अंत्येष्टि में शामिल होने मुरादाबाद आए थे। वह शाम को तीन बच्चे व पत्नी समेत बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान दिल्ली रोड मंगूपुरा निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार दो लोगों ने टक्कर मार दी। जिसमें से संभल के शहवाजपुर असमोली निवासी सिद्धू पुत्र चंद्रकेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मंगूपुरा निवासी उनका साला विवेक पुत्र सतपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में ओमपाल की पत्नी समेत बच्चे भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं सिद्धू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छह लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं। प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा मुताबिक, घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को बरामद कर लिया गया है। मृतक के परिजनों की भी सूचना दी गई है। देर रात तक परिजन शहर पहुंच जाएंगे। मृतक सिद्धू बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी करता था। वह दो दिन पहले अपनी साली की शादी में शामिल होने मंगूपुरा आया था।



जिला अस्पताल में भर्ती मंगूपुरा में हुए हादसे में घायल महिला।

- एक बाइक पर बच्चों समेत सवार थे पांच लोग, देर रात दिल्ली रोड मंगूपुरा में हुआ हादसा



हादसे में घायल बच्चा।

# कुकर्म का विरोध करने पर की थी 10 वर्षीय बच्चे की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में स्विमिंग पूल में नहाने गए 10 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म कर हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी कुलदीप।

बता दें, थाना क्षेत्र के गांव अक्का पांडे निवासी 10 वर्षीय बालक 26 जून को पास में बने स्विमिंग पूल में नहाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। बच्चे की मां ने उसके कपड़े स्विमिंग पूल के निकट से बरामद किए थे। 27 जून को बच्चे की मां ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं 28 जून को स्विमिंग पूल के निकट गन्ने के खेत से पुलिस ने शव बरामद किया था। डीआईजी मुनिराज जी ने मामले में संज्ञान लेते टीम गठित की थी। मंगलवार को पुलिस टीम ने बच्चे की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी राजू उर्फ कुलदीप सिंह पुत्र जगपाल सिंह ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ में कुलदीप ने बताया कि कुकर्म का विरोध करने के बाद बच्चे की हत्या की थी। इसके बाद उसने बच्चे के मुंह में मिट्टी भरकर गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी कुलदीप को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# बारिश से रेल संचालन प्रभावित, छह ट्रेनें निरस्त

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मूसलाधार बारिश से बाधित रेल संचालन अभी पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाया है। पूर्वोत्तर रेलवे की एक एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ। लालकुआं से आनंद विहार समेत छह ट्रेनें रद रहीं।

मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश से रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। बारिश से पीलीभीत समेत अन्य रेल सेक्शनों पर भी असर पड़ा है। पूर्वोत्तर रेलवे की कई ट्रेनें मुरादाबाद होकर गुजरती है। ट्रेनों के रद होने से मुरादाबाद रूट पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। लालकुआं से आनंद विहार के बीच ट्रेन हफ्ते में दो दिन चलती है। मंगलवार को रेलवे ने इस ट्रेन (15059-60) का संचालन रोक दिया।

**निर्देश** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक

# मोहम्मदपुर बस्तोर में नाला निर्माण जल्द पूरा कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें मोहम्मदपुर बस्तोर सम्भल रोड के नाला निर्माण पर चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने अब तक की प्रगति की जानकारी दी। पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 के 164 किलोमीटर में प्रेम वंडर लैंड स्थित समपार संख्या 413 ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त दो लेन ऊपरीगामी सेतु निर्माण के बारे में मंडलायुक्त ने रेलवे व सेतु निगम के अधिकारी से जानकारी ली। पौधरोपण कराने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम बृजेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी, एनएचएआई, नगर निगम, हैंडलूम, वन विभाग के अधिकारियों के अलावा उद्योग बंधु उपस्थित रहे।



अपने कार्यालय सभागार में उद्योग बंधु की बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

### आर्टिजनों और निर्यातकों ने रखीं कारीगरों की समस्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को महानगर के अर्टीजनों और निर्यातकों ने मंडलीय उद्योग बंदुओं की बैठक में मंडलायुक्त के समक्ष पीतल कारीगरों की समस्या रखी और जल्द से जल्द हस्तशिल्प ग्राम और एमएसएमई क्लस्टर को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हैंडीक्राफ्ट डेवलमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष नोमान मंसूरी व निर्यातक मोहम्मद सुहेल के नेतृत्व में आर्टिजनों व निर्यातकों ने मंडलायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान नोमान मंसूरी ने कहा कि एमडीए की महायोजना में हस्तशिल्प ग्राम शामिल किया गया है। दूसरी ओर जामा मस्जिद रामगंगा किनारे रहने वाले पीतल कारीगरों के मकानों को तोड़ने की बात कही जा रहा है। इसलिए हम मांग करते है कि रामगंगा नदी किनारे बने पीतल कारीगरों के मकान तोड़ने से पहले हस्तशिल्प ग्राम का निर्माण कराया जाए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। वहीं एमडीए की सचिव अंजूलता ने आर्टिजनों को बताया कि एमडीए द्वारा हाईवे पर जमीन की तलाश की जा रही है। जिसके बाद जल्द से जल्द हस्तशिल्प ग्राम का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

एक नजर

## सीएमएस को सात दिन बाद पता चला 32 बैटरियां हुईं ब्लास्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में सात दिन पहले 3 जुलाई को बैटरी में शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई थी। लेकिन, अस्पताल प्रशासन अभी तक यह स्पष्ट ही नहीं कर सका है कि ट्रामा सेंटर की सीटी स्कैन मशीन जल गई है या सुरक्षित है। घटना के सात दिन बाद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संगीता गुप्ता को यह स्पष्ट हो पाया है कि 34 नहीं, 32 ड्राई बैटरियां ब्लास्ट हुई थीं। बैटरी रूम में पहले से निष्प्रयोज्य पुरानी दो बैटरियां रखी थीं। उन्होंने बताया कि ट्रामा सेंटर भवन की रंगाई-पुताई शुरू करा दी है। बैटरियों के लिए आर्डर किया जा चुका है। यह ब्लास्ट हुई 32 बैटरियां वर्ष 2018 में आई थीं। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि बिना बैटरी के सीटी स्कैन मशीन चालू नहीं कर सकते हैं। यह मशीन सीपीयू के माध्यम से चालू होगी। यह बैटरियां भी 6 लाख रुपये कीमत से आनी हैं। उन्होंने बताया कि यूपीएस ढाई-तीन लाख रुपये की लागत की है। यह यूपीएस 100 केवीए का है।



एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षक संघ ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद की जिला संघर्ष समिति के सह प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त से मिला और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि द्वारा पुरानी पेंशन के विकल्प में विषय विशेषज्ञों तथा तदर्थ शिक्षकों को भी उक्त शासनादेश के अनुसार पुरानी पेंशन का विकल्प दिए जाने के विषय में मुख्यमंत्री को संस्तुति करने का अनुरोध किया। जिस पर एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वह पत्र द्वारा मुख्यमंत्री को इसकी संस्तुति भेजेंगे और वह पत्र भी संगठन को उपलब्ध कराएंगे। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष राजीव पाठक, जिला मंत्री पुष्पेश मिश्र, एनपीएस जिला संयोजक राजेश बाबू रस्तोगी व सत्येंद्र सिंह शामिल रहे।

### दूसरे मुहर्रम पर इमामबाड़ों में हुईं मजलिसें, कर्बला की दास्तान सुनकर अजादारों के छलक आए आंसू

# शहीद होने के बाद भी इंसानियत के रूप में जिंदा हैं इमाम हुसैन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को दूसरे मुहर्रम पर शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। महानगर के अलग-अलग स्थानों पर हुई मजलिसों में कर्बला की दास्तान सुनकर अजादारों की आंखों से आंसू छलक आए।

मुहर्रम की दूसरी तारीख पर मंगलवार सुबह 8:30 बजे पहली मजलिस मोहल्ला लाकड़ी वालान स्थित मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। मजलिस से पूर्व हाजी शबी हैदर ने मर्सिया खुवानी की। मजलिस को मौलाना हसन मुज्तबा साहब ने खिताब करते हुए कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्म का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कर्बला में जिस तरह यजीद ने इमाम हुसैन और उनके चाहने वालों पर जुल्म किया, उससे यह प्रतीत होता है कि यजीद किस तरह से इस्लाम का दुश्मन था और किस तरह इंसानियत को खत्म करना चाहता था। यही वजह है आज तक किसी ने भी अपने बच्चों का नाम यजीद नहीं रखा। जबकि इमाम हुसैन शहीद होने के बाद भी हर दिल में इंसानियत के रूप में जिंदा हैं। कर्बला में हुई यजीद की ज्यादतियों को सुनकर आजादरों की आंखों से आंसू छलक आए और हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगी। मजलिस के बाद आसिम यावर ने नोहा पड़ा। जिसमें अजादरों ने मातम किया। महानगर के चौमुखापुल स्थित इमामबड़ा मीर सआदत अली में दूसरी मजलिस हुई। यहां मौलाना अली मोहमद ने मजलिस को खिताब किया। जबकि तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। सभी मजलिसों में कर्बला की दास्तान सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। इस दौरान आसिम यावर, डॉ. तनवीर, हाजी अमीरूल हसन, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद अब्बास, शाहनवाज सिब्तेन, जावेद यावर, गुलरेज हैदर रिजवी, मोहम्मद आलम आब्दी, नावेद यावर, कुमैल नकवी, अली अनवर प्रिंस, जिम्मी नकवीं, आसिफ रजा, गौहर मिर्जा, जाफर अब्बास, मोहम्मद आलम, समेत अजादार शामिल रहे।



लाल मस्जिद में जिक्र ए कर्बला कार्यक्रम में बयान करते मुफ्ती दानिश कादरी।

### 70 माताओं से ज्यादा मोहब्बत करता है अल्लाहः मुफ्ती दानिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मरकजी जमीयत अहले सुन्नत के तत्वावधान में जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला का आगाज मंगलवार से शुरू किया गया। जिसमें मुफ्ती दानिश कादरी ने अल्लाह से बंदों का ताल्लुक कैसा होना चाहिए, इस पर बयान किया। महानगर की लाल मस्जिद में आयोजित जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला प्रोग्राम को खिताब करते हुए मुफ्ती दानिश कादरी ने बयान में कहा कि अल्लाह अपने बंदों से 70 माताओं से ज्यादा मोहब्बत करता है। हमारा ईमान है कि अल्लाह से जो मांगों वह आता करता है। बस हमसे मांगने का तरीका नहीं आता। अल्लाह के नबी की हदीस है कि अल्लाह से ऐसे मांगों के जैसा बच्चा अपनी मां से जिद करके मांगता है। हमें किसी गैर से मांगने की जगह सिर्फ अल्लाह से मांगना चाहिए। अल्लाह की रहमत बहुत बड़ी है और तमाम गुनाहों को माफ करने वाला है। अल्लाह के सच्चे बंदे वह है जो अल्लाह की इताअत करते हैं। अल्लाह हमें यह हुक्म देता है कि तुम जमीन वालों पर रहम करो तो आसमान वाला तुम पर रहम करेगा। इस दौरान रिजवानुर रहमान, सुजात अशरफी, रईस अकरमी, फरीद साबरी, फुरकान एडवोकेट, अहमद अली, सलीम अकरमी, रेहान कादरी, सोहेल अत्तारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षकों ने दूसरे दिन भी किया विरोध

### शिक्षकों ने कंपनी बाग स्थित कंपोजिट विद्यालय में बैठक कर बनाई रणनीति, कहा- जारी रहेगा विरोध-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ मंगलवार को दूसरे दिन भी शिक्षकों का आंदोलन जारी रहा। शिक्षकों ने कंपनी बाग के गांधी पार्क स्थित कंपोजिट विद्यालय में बैठक कर तुगलकी फरमान के वापस होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

बैठक में ऑनलाइन हाजिरी का विरोध और बहिष्कार किया गया। बैठक में सभी शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए विरोध का निर्णय लिया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि महानिदेशक शिक्षा विभाग कंचन वर्मा द्वारा शिक्षकों के सम्मान को धूमिल करने तथा प्रदेश सरकार की छवि को खराब करने के उद्देश्य से गैर जरूरी आदेश किया है। उन्होंने कहा कि जब तक ऑनलाइन हाजिरी का तुगलकी फरमान वापिस नहीं हो जायेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि आंदोलन के तहत 11 ओर 12 तारीख को शिक्षकों से आंदोलन और बहिष्कार के लिए सहमति प्राप्त करना, 14 जुलाई को ट्विटर पर अभियान चलाना, 15 जुलाई को धरने के लिए नोटिस दिया जायेगा और 23 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन होगा। महानगर मंत्री उस्मान आरिफ ने कहा कि शिक्षकों की छवि को धूमिल करने ओर मनोबल कमजोर करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आदेश जारी किए गए हैं। जबकि विभाग के महानिदेशक तथा अधिकारी खुद विभाग की योजनाओं को समय से पूरा करने में नाकाम रहे हैं। पिछले वर्ष 10 से 15 प्रतिशत बच्चे डीबीटी से वंचित रह गए थे और इस वर्ष भी अभी तक कक्षा एक व दो की पुस्तकें नहीं आई हैं। ऐसी स्थिति में अपनी नाकामी का ठीकरा शिक्षकों पर फोड़कर अधिकारी बचना चाहते हैं। शिक्षकों ने बताया कि विभाग के द्वारा बिना उनकी सहमति और जानकारी के एक ही कंपनी के सिम टैबलेट में उपयोग के लिए भेज दिए हैं, जबकि कंपनी का नेटवर्क खराब है। बैठक में राहुल शर्मा, सुगंध गुप्ता, सीमा सिंह, आशीष शुक्ला, शहनाज अख्तर, मनीला शर्मा, सऊद आसिफ, अरशद अली, आयशा नूर, रेखा चौहान, रेनू सिंह, शहला जमील, फरहा वाजिद, प्रशांत कुमारी, हुमा उस्मानी, मोनिका पाल, नमिता गुप्ता, सुषमा यादव, तनुश्री मित्तल, अर्चना रानी, मो. शाकिर, व्योम गुप्ता, पंकज कुमार, रोशनी वर्मा, नीतू सिंह, नसीम बी, विष्णु भारद्वाज, साल्वी जुल्फिकार, शिक्षा मित्र संघ के यासीन खान, शगुफ्ता परवीन आदि शिक्षक रहे।



कंपोजिट विद्यालय में बैठक करते शिक्षक। ● अमृत विचार




ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### जिले में एक भी शिक्षक ने नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : सोमवार से शुरू हुआ ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जिसके चलते जनपद में किसी शिक्षक ने भी ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। जनपद में 1408 विद्यालय है, जिसमें लगभग साढ़े छह हजार शिक्षक कार्यरत हैं। मंगलवार को दूसरे दिन पूरे जिले में किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति नहीं लगाई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को दूसरे दिन मुरादाबाद जिले में कही भी किसी शिक्षक ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सिर्फ अलीगढ़ में एक हाजिरी लगी है। उनका कहना है कि जब यह आदेश वापस नहीं हो जाता है, तब तक हम लोग विरोध जारी रखेंगे।

### डिजिटल हाजिरी के विरोध में आर-पार की लड़ाईः संजय

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश संगठन के आह्वान पर डिजिटाइजेशन व ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ब्लॉक मूंढापांडे के ब्लाक कार्यकारिणी एवं ब्लॉक संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में हुई। बैठक में सभी शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह ने अध्यापकों की ऑनलाइन हाजिरी पर असहमति व्यक्ति कर कहा की हम ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे। शिक्षक कोई प्रयोगशाला नहीं है कि हर प्रयोग शिक्षकों के ऊपर ही किया जाए। बैठक में डिजिटाइजेशन का संपूर्ण विरोध किया गया और आर-पार की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया गया। इस मौके पर मोहम्मद हारुन, राजीव सिंह, सुरेंद्र सिंह,नीरज शर्मा, शिवचरण, अमान अली, प्रतीक शर्मा, वेद प्रकाश, देश दीपक, चमन सिंह, अवशेष कुमार, नरेंद्र कुमार, चंद्रकिरण, राजीव कुमार, हाकिम अली, पराग यादव, भूपेंद्र यादव, मयंक शर्मा, अंजलि गुप्ता, रेनू यादव, रश्मि भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, देवेश चक्रवर्ती, हरि ओम प्रकाश व हिमांशु वशिष्ठ शामिल रहे।

## 250 कुपोषित बच्चों को मुफ्त मिलेंगे मिलेट्स के उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : दिल्ली रोड मनोहरपुर गांव में बने वीपीसीएल में मिलेट्स के उत्पादों को बनाने वाले यंत्रों का मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने फीता काटकर आरंभ किया। समारोह के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल वीपीसीएल की ब्रांड एंबेसडर होने की मंच से घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने मिलेट्स से बने उत्पादों के बारे में लोगों की जागरूक करने की बात जोर दिया।

मंगलवार को जार्डस प्रांगण में वीपीसीएल के अंतर्गत पृथ्वी के अन्न ब्रांड की मिलेट्स उत्पाद बनाने वाले संयंत्र के उद्घाटन समारोह में मिलेट्स के उत्पादों को हर घर तक पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पौष्टिक मिलेट्स खाद्य पदार्थ जैसे कि बिस्किट, मफिन आदि को जन जन तक पहुंचाना स्वस्थ भारत लक्ष्य में सहयोग करने जैसे होगा है। ये सभी उत्पाद पूर्णतः मिलेट्स से युक्त हैं। यह हानिकारक केमिकल से रहित हैं। यह जन स्वास्थ्य के साथ-साथ किसानों और स्वयं सेवा समूह की महिलाओं की सशक्तिकरण में भी सहायक होंगे। इस दौरान मंच से प्रिया अग्रवाल को पृथ्वी अन्न की ब्रांड एंबेसडर बनने की बात कही गई। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति व्यक्त की। प्रिया अग्रवाल ने अपनी ओर से पृथ्वी अन्न के साथ मिलकर 250 कुपोषित बच्चों को चार महीने तक मिलेट्स युक्त बिस्कुट और मफिन खिलाने का देने का निर्णय लिया। यह बिस्किट व मफिन आरडीए मानक के अनुसार कुपोषण मिटाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। इनमें ज्वार, बाजरा, व रागी का उपयोग किया गया है, जो पोषण तत्वों से भरपूर हैं। मिलेट्स युक्त ये उत्पाद कुपोषण के साथ साथ एनीमिक व गर्भवती महिलाओं के लिए भी लाभदायक साबित होंगे। सभी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई यह पहल स्वस्थ व सशक्त भारत के लिए एक नई शुरुआत होगी। कार्यक्रम के अंत में वीपीसीएल के डायरेक्टर डॉ. दीपक मेंदीरत्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में यस वंडर वुमैंस क्लब की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, उपाध्यक्ष रूपाली व अन्य भी उपस्थित रहे।

## चोरी के पैसे से करना चाहते थे कारोबार, दो गिरफ्तार

- दुकानदार ने 12 जून को दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कोतवाली थाना क्षेत्र में दुकान से तीन लाख रुपये लेकर फरार हुए नौकर समेत दो को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जिसमें 78 हजार रुपये खर्च कर दिए। दुकान संचालक ने 12 जून को गल्ले पैसे चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के न्यू खुशहालनगर निवासी तिलक राज सिक्का की दुकान से 12 जून को गल्ले में रखे तीन लाख रुपये चोरी हो गए थे। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मंगलवार को दुकान के नौकर ऋषिपाल उर्फ बबलू और उसके दोस्त को गिफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मझोला के जयन्तीपुर ऋषिपाल उर्फ बबलू व कटघर के गाडीखाना निवासी निखिल गर्ग के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि दोनों कारोबार करना चाहते थे। 11 जून को दोनों ने तिलक राज सिक्का की दुकान से चोरी करने की योजना बनाई। इसके बाद 12 जून को घटना को अंजाम दिया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि, आरोपियों के पास से दो लाख 21 हजार रुपये बरामद किए हैं। वहीं बाकी लगभग 78 हजार रुपये खर्च कर दिए। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## प्रेमी के साथ युवती फरार पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मझोला क्षेत्र में युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दोनों एक साथ जाते समय की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। युवती के पिता ने प्रेमी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के निवासी युवती के पिता ने तहरीर में बताया है कि 28 जून को उनकी बेटी को संभल के हसनगढ निवासी युवक सोनू बहला फुसलाकर भगा ले गया है। घर से थोड़ी दूरी पर दोनों एक साथ जाते समय की घटना आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने पड़ोसी के घरों के सीसीटीवी कैमरे चैक करके आरोपी का पता लगा लिया। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा के मुताबिक, मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। फिलहाल सोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

# विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माणः प्रिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नौ जुलाई स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि अनमोल लोहिया, कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय के डायरेक्टर ओम प्रकाश सिंह, मुख्य वक्ता अभाविप मेरठ प्रांत, प्रांत प्रमुख (खेलो भारत) डॉ. प्रवीण कुमार, महानगर अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार पांडे और महानगर मंत्री रितिक चौहान ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत

मंगूपुरा स्थित कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल ने कहा कि ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ कार्य करने वाला छात्र संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण के एक-एकत्र छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद् के अनुसार छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा आज ही के दिन छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। एबीवीपी अपने बारे में बताते हुए लिखता है कि आजादी के बाद एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण और अपनी संस्कृति को बचाए और बनाए रखने के लिए पूरे देश ने एक विकसित देश का सपना देखा, जिसमें विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं की समुचित भागीदारी के लिए नौ जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई। विशिष्ट अतिथि अनमोल लोहिया ने कहा की विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र-हित से लेकर भारत के व्यापक हित से सम्बद्ध समस्याओं की ओर बार-बार ध्यान दिलाया है। विद्यार्थी परिषद छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए निरंतर कार्यरत रहता है। कार्यक्रम अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, साथ ही साल भर चलने वाली विद्यार्थी गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से छात्राओं ने देखा। कार्यक्रम में संचालन विभाग संयोजक अमन शर्मा ने किया। इस मौके पर विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, विभाग छात्रा प्रमुख शिवांगी शर्मा, महानगर सहमंत्री अश्मित चौधरी, गौरव छत्रिय, मेघना प्रजापति, तहसील संयोजक अभिषेक चौहान, छविनाथ अरोड़ा, सनी सिंह, अनिकेत चौहान, साहिल कठेरिया, मुकुल शर्मा, निशांत धारीवाल व पायल यादव शामिल रहे।




मंगूपुरा में एबीवीपी के स्थापना दिवस पर छात्र उत्सव में विचार रखते विनोद पांडे।

### एबीवीपी ने रखी देश का नाम भारत रखने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मंगलवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा में छात्रों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी गई। प्रार्थना सभा में मेजर राजीव ढल ने बताया कि आज के दिन नौ जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई थी। उन्होंने बताया कि देश की आजादी के आंदोलन में युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में देश आजाद हो गया तो युवाओं की भूमिका को तय करने के लिए युवाओं का राष्ट्र के पुनर्निमाण में किस प्रकार से उपयोग किया जाए, इसी सोच को विकसित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई। जब देश का संविधान तैयार हो रहा था तो संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मांग रखी कि हमारे देश का नाम भारत होना चाहिए।

आयोजन — हरे कृष्ण चौक नवीन नगर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

# श्रीराम के चरणों में समर्पण कर भगवान को जानें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** हरे कृष्ण चौक नवीन नगर में मंगलवार को सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। इसमें आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान राम सदैव हनुमान जी को अपने साथ रखते हैं। राम रसायन तुम्हरे पासा सदा रहो रघुपति के दासा। भगवान राम की कथा को विश्वास के साथ सुनना होगा। पूरे मन से श्रीराम के चरण कमलों में समर्पण करने के भगवान को जान सकते हैं।

आचार्य धीरशांत ने बताया कि भक्ति में विभिन्न प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। भौतिक इच्छाओं के सागर में डूबने का खतरा होगा। श्रीराम के चरण कमलों के अतिरिक्त हमें कोई नहीं बचा सकता। हरि का निर्बाध भजन करना वास्तविक संन्यास है। भक्तों का संन्यास या त्याग, इन्द्रिय भोग भुक्त और मुक्ति की उनकी अस्वीकृति है। भक्त इन्द्रिय भोग और मुक्ति की इच्छा को त्याग कर हरि भजन करता है। साधु बनने के लिए साधु के साथ जुड़ना पड़ता है। अगर हम साधु को समर्पण करके उसके साथ जुड़ते हैं। साधु का कार्य उन लोगों के भय और चिंता को दूर करना है जो उनकी शरण लेते हैं या उनके साथ जुड़ते हैं और उन्हें खुशी देते हैं।

कहे हनुमान विपत्ति तभी आती है जब भजन, कीर्तन एवं सुमिरन में बाधा आती है। भगवान की सेवा में लगे हुए भक्तों कभी भी कोई संकट नहीं होगा। साधुओं की संगति और दया से, हम भी अपने हृदय में भगवान को देख सकते हैं। केवल श्री भगवान ही हमें आश्रय देकर हमारी रक्षा करने की क्षमता रखते हैं। उसके अतिरिक्त और किसी के पास ऐसी शक्ति नहीं है। ऐसे दृढ़ विश्वास से हम भय और चिंता से मुक्त होकर सुखी और सफल बन सकते हैं।

कार्यक्रम में सोना रानी, मंजू श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, सरोज सोनाली, बबीता श्रीवास्तव, अंजलि श्रीवास्तव, विनीता वर्मा, संजीव श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, सपना चौधरी, मुस्कान श्रीवास्तव, अनमोल श्रीवास्तव, सुधा शर्मा, अनन्या, पीयूष, केपी सांवरिया, माधुरी सक्सेना, पूनम चावला, निशी गुप्ता, शिखा सक्सेना, मंजू आदि मौजूद रहे।



नवीन नगर में सुंदरकांड सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## दो मुहर्रम को कर्बला पहुंचे थे इमाम हुसैन

**अगवानपुर, अमृत विचार** : नगर पंचायत में मजलिसों का सिलसिला जारी है। मोहल्ला सराय फारूख के इमामबाड़ा पंजेतनी में मौलाना हाफिज सैय्यद मुअस्सिर अब्बास रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन 28 रजब सन् 60 हिजरी में मदीने से रवाना हुए थे और दो मुहर्रम सन् 61 हिजरी को कर्बला पहुंचे।

बताया कि इस जमीन को कर्बला कहते हैं। कर्बला का नाम आना था कि इमाम हुसैन ने कहा भाई अब्बास हमारी मंजिल यही है। इमाम हुसैन की बहन जनाबे जैनब ने इमाम हुसैन से कहा कि भाई मुझे इस जमीन से आपके खून की खुशबू आ रही है। इमाम हुसैन ने कहा बहन जैनब ये वही जमीन है। जहां रसूल के प्यारों का खून बहाया जाएगा। मजलिस में आदिल नकवी ने मर्सिएख्वानी की और जामिन नकवी ने नोहेखवानी की।

# शहीद जवानों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले शहीद सेना के पांच जवानों को मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सरकार से आतकंवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए जाने एवं शहीद के परिवार को विशेष नागरिक का दर्जा दिये जाने की मांग की गई।

महानगर के पान दरीबा स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार की शाम कांग्रेसी भारी संख्या में जमा हुए। कांग्रेसियों ने कश्मीर में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंता जताई। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नही होता। सरकार इनसे सख्ती से पेश आए। उन्होंने कहा कश्मीर में कानून व्यवस्था में सुधार के सरकारी दावे इन घटनाओं से खुद ही झूंठे साबित हो गए है। इस दौरान देश सेवा शहीद सैनिकों के परिजनों पर्याप्त आर्थिक सहायता, आश्रितों को मकान व नॉकरी के अलावा परिजनों को विशेष नागरिक का दर्जा दिये जाने की मांग भी सरकार से की गईं। इस दौरान कांग्रसेसियों ने शहीद हुए सैनिकों को मोमबत्तियां जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रवक्ता सुधीर पाठक, अनूप दुबे,अमीरुलहसन जाफरी, विवेक गुप्ता, अफजल साबरी, अकरम खां,विवेक अग्रवाल, गौरव त्रिवेदी, श्यामसरण, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, विवेक सागर, शहजाद खां, तबस्सुम, सबा सैफी, बाबर सैफी, इरशाद हुसैन, जुनैद, मोज्जम, परवेज, गुड्डे भाई, बब्बन अब्बासी व अफसर अली शामिल रहे।



शहीद जवानों को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### दुष्कर्म के प्रयास के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने एसएसपी को पत्र भेजकर देवर पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उसका देवर अश्लील हरकतें करता है। आरोप है कि चार जुलाई को जब वह खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी, तब देवर उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर पास ही खेत में काम कर रहे महिला व व्यक्ति के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया था। उसने शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की दी है।

### पोस्ट आफिस की बिजली खराब होने से परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को फाल्ट होने से पोस्ट आफिस की विद्युत आपूर्ति कई घंटे बाधित रही। जिससे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को परेशानी हुई। धनराशि निकालने एवं जमा करने तथा अन्य कार्यों से आए ग्रामीणों को तीन घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। दोपहर करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकी। इसके उपरांत ही डाक खाने से संबंधित कार्य किए गए।

### ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की

**कांठ, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने एसडीओ के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेज किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की है। भाकियू अराजनैतिक की पंचायत एसडीओ कार्यालय कांठ में हुई। वक्ताओं ने कहा कि समस्याओं का समाधान 24 जुलाई तक नहीं हुआ तो 25 जुलाई से एसडीओ कार्यालय कांठ पर धरना होगा। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि उनके पास जितनी शिकायतें पहुंचती हैं, उनका समाधान किया जाता है। इस अवसर पर जितेंद्र विश्नोई, कुलवीर सिंह, इमरान, प्रदीप वर्मा, नितिन विश्नोई, गुड्डू घोसी, सचिन सैनी, जितेंद्र शर्मा, एहसान अहमद, अब्दुल रशीद, पारुल चौहान, इंतजार अहमद, अनीश अहमद, विवेक चौहान, आशीष विश्नोई रहे।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 11 पर भी।

# धान रोपने गई महिला का खेत में मिला शव

## नाड़े से गला घोटकर की गई हत्या, ग्रामीणों ने गन्ने के खेत से बरामद किया शव

संवाददाता, बिलारी



गन्ने के खेत में जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़ मरेशी में खेत में धान रोपने गई महिला शाम को वापस घर नहीं पहुंची। परिजनों के तलाश करने पर रात करीब एक बजे महिला का शव गांव के ही ग्रामीण के गन्ने के खेत में पड़ा मिला। महिला की हत्या उसी के नाड़े से गला घोटकर की गई थी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में पतली रस्सी से गला घोटकर मौत होने की पुष्टि हुई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीणा में भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

बिलारी थाना क्षेत्र के गांव भूड़ मरेशी की रहने वाले गोपाली पुत्र चुरामन की 48 वर्षीय पत्नी ओमवती अपने खेत पर धान की पौध रोपने के लिए गई थी। देर शाम जब गोपाली बाहर से अपने घर आया तब उसने पत्नी को घर न पाकर तलाश परिजनों के साथ उसकी तलाश की। बताते चलें गोपाली के परिवार में सात बच्चे हैं, जिसमें चार लड़कियों में दो लड़कियों की शादी कर दी गई हैं एवं तीन लड़कों में से दो लड़कों की शादी हो चुकी है। सोमवार रात परिवार सहित ग्रामीण महिला को ढूंढते रहे। रात करीब एक बजे गांव के पप्पू के गन्ने के खेत में ओमवती का शव पड़ा मिला। ओमवती के गले में नाड़े से फंदा बनाकर किसी ने उसकी हत्या कर दी थी। रात में ही पुलिस को सूचना दी गई। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति देखी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम में भी नाड़े से गला घोटकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। वहीं, मामले में अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी।

## धान रोपाई के दौरान किसान के सीने में उठा दर्द, मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत में धान की रोपाई करते समय अचानक किसान के सीने में दर्द उठा। किसी तरह खेत से निकलकर वह बाहर पहुंचा तो गिर गया। परिजन उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी किसान 45 वर्षीय कल्लू सिंह जाटव खेत में धान की रोपाई करने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पौध कर रहे थे। बताते हैं कि दोपहर 11 बजे किसान के सीने में अचानक तेजी से दर्द उठा। खेत से निकलते ही वह गिर गए। जिस पर परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार से उसके पुत्र सतवीर, राजवीर और पुत्री रीना का बुरा हाल है। किसान की पत्नी संतोष की कुछ साल पहले सड़क दुघर्टना में मौत हो गई थी।

## सार-संक्षेप

### इंटर की मेधावी छात्रा का किया सम्मान

**बिलारी, अमृत विचार :** आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में मेधावी छात्रा को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंगलवार को विद्यालय में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने इंटर की छात्रा शिखा को पुरस्कार देकर एवं अध्यापिका ममता रानी ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं सहायक अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।



विद्यालय में छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य।



बिलारी में पौधरोपण करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### अभाविप ने पौधरोपण कर मनाया स्थापना दिवस

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें संगठन की जानकारी देकर पौधरोपण किया गया। मंगलवार को नगर के एक विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें पौधरोपण कर विद्यार्थी परिषद के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मुख्य वक्ता पूर्व जिला प्रमुख धर्मेंद्र गांधी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की स्थापना 1949-50 में नौ जुलाई को हुई थी। इस दौरान 75 वर्षों में विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र के कार्यों के साथ सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेती आई है। आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। स्थापना दिवस पर पौधरोपण किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के लोगों के साथ सामाजिक संगठन के लोग भी शामिल रहे। जिसमें रजनीश गर्ग, विकास गुप्ता, चंद्रभान सिंह चौहान, अभिलाष गौड़, मयंक शर्मा, राजेंद्र सिंह, सचिन शर्मा, मनीष गोस्वामी, प्रेम कुमार, पुलकित गुप्ता, रामपाल कश्यप, आदि कार्यकर्ता व छात्र साथ रहे।

### शोकसभा कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**बिलारी, अमृत विचार :** मोहल्ला हर्ष नगर स्थित महाराणा प्रताप बाल विद्या मंदिर स्कूल में शोक सभा हुई। शोक सभा में कठुआ जिले में आतंकी हमले की निंदा की गई। मंगलवार को विद्यालय में शोकसभा में आतंकी हमले की निंदा की गई। इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हुए तथा छह जवान गंभीर घायल हुए हैं। विद्यालय में शहीद सैनिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। शिक्षकों ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकियों का कश्मीर में सर्च ऑपरेशन चलाकर सफाया किया जाए तथा एलओसी की सख्त निगरानी की जाए। केपी सिंह राणा, ममता कश्यप, माधवी गुप्ता, तनु कश्यप, सलोनी यादव, कल्पना, उर्वशी, रिकी सिंह, सरोज यादव, नीतू यादव, दीपिका ठाकुर, सोनम, सुषमा आदि ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### होटल में मारपीट करने में दो लोगों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर मारपीट करने में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आशाद पुत्र इफ्तेकार हुसैन निवासी मोहल्ला नूरुल्ला थाना कुंदरकी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह आठ जुलाई को नगर कुंदरकी में सैफी वाली पुलिया के सामने होटल में बिरयानी खा रहा था। शाम छह बजे पप्पू पुत्र लल्ला, जावेद पुत्र सज्जाद निवासी मोहल्ला नूरुल्ला बाजार कुंदरकी व दो अज्ञात वहां पर आ गए और बिरयानी खाते समय उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। उसके विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे चोटें भी आई हैं। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि किसी तरह पर वह अपनी जान बचाकर वहां से निकला। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिंचाई खंड की मासिक बैठक में की समीक्षा

**कांठ, अमृत विचार :** सिंचाई खंड की मासिक बैठक में पूर्व में किए कार्यों की समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उप्र धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खण्ड की मासिक बैठक नलकूप कालोनी में हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि वर्तमान में तुम्हरिया बांध की अधिकांश नहरें बारिश के कारण बंद कर दी हैं, जिनमें आवश्यकतानुसार पानी छोड़ा जाएगा। कालागढ़ बांध की नहरें खो बैराज से जोड़ दी गई हैं। खो नदी में सिल्ट के कारण उसका पानी रामगंगा नदी में छोड़ा है। सिल्ट कम हो जाने पर पानी नहरों में छोड़ा जाएगा। निजी नलकूपों से निशुल्क सिंचाई के लिए नलकूपों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। जिन नलकूपों के विद्युत कनेक्शन वाले किसानों की मृत्यु हो चुकी है, उनके वारिस विद्युत कनेक्शन अपने नाम करा लें। पांच नलकूप तकनीकी कारणों से बंद हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड मुरादाबाद आरपी सिंह, मलखान सिंह, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, दीपक चौहान, शीशपाल सिंह, नजमा, विजयपाल सिंह, शिया राम रहे। बैठक का संचालन अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम मुरादाबाद नीरज कुमार गुप्ता ने किया।

### खेत में गए किसान की बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर अमरु भीकनपुर में राजेंद्र सिंह पुत्र राकेशचंद्र का परिवार रहता है। राजेंद्र सिंह का खेत राजेंद्रा एकेडमी के निकट है। 18 मई को राजेंद्र सिंह पुत्र राकेशचंद्र सिंह स्पलेंडर प्लस यूपी21बीआर7161 से खेत गए थे। बाहर बाइक खड़ी कर राजेंद्र सिंह खेत में चले गए। वापस आकर देखा कि उसकी बाइक गायब थी। राजेंद्र सिंह ने बाइक की तलाश की, मगर कुछ पता नहीं चला था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी। मामले में पुलिस ने सोमवार रात रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी पिछले माह तीन बाइकें और चोरी हो चुकी हैं। जिनकी तलाश करने में पुलिस असफल रही है।

# विधायक ने की रामगंगा नदी पर तटबंध बनवाने की मांग

संवाददाता, कांठ

● कांठ विधायक कमाल अख्तर ने मुख्य अभियंता सिंचाई से की मुलाकात

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने मुख्य अभियंता सिंचाई से मुलाकात की। उन्होंने कांठ क्षेत्र में रामगंगा नदी पर तटबंध बनवाने की मांग की।

क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्य अभियंता सिंचाई मुरादाबाद से मुलाकात कर उन्हें कांठ के विभिन्न सिहाली खद्दर, गखरपुर, मंझोली, चटकाली, काजीपुरा, वढ़ेरा, सलमसराय, महदूद कलमी, हसनगढ़ी और बेगमपुर के लोगों की समस्याएं बताईं। विधायक ने बताया कि रामगंगा नदी के किनारे होने की वजह से और क्षेत्र में तटबंध न होने से अधिकतर बारिश में किसानों की करोड़ों रुपये की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। विधायक ने कहा कि मैंने इस मुद्दे को कई बार विधानसभा में भी उठाया है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द रामगंगा नदी पर तटबंध बनाया जाए। जिससे के इस क्षेत्र के लोगों की बर्बादी को रोका जा सके। इस पर मुख्य अभियंता सिंचाई ने क्षेत्रीय विधायक को आश्वासन दिया कि वह बहुत जल्द क्षेत्र का दौरा कर और तकनीकी अभियंता से इस बारे में वार्ता करके प्रस्ताव को शासन को भेजने का कार्य करेंगे और किसानों की समस्याओं का निदान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर रहमत अली प्रधान, अहमदुल्ला प्रधान, डॉ. जुबैर, नजाकत चौधरी, प्रोफेसर साकिब हसन उपस्थित रहे।

# गाइडलाइन के मुताबिक त्योहार मनाएं

संवाददाता, बिलारी



बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में मुहर्रम व सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थाना बिलारी, मैनाठेर, कुंदरकी, सोनकपुर के संभ्रांत लोगों व ताजियेदारों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार को तहसील सभागार में हुई बैठक में लोगों ने थाना सोनकपुर के गांव बेहटा सरथल में ताजियों के गुजरने वाले रास्ते पर बिजली के तार नीचे होने, अलीपुर के रास्ते में पानी भरने की समस्या के बारे में बताया। इब्राहिमपुर मिर्जा में हुई घटनाओं के बारे में बताया, इसके साथ ही सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए। मैनाठेर प्रभारी ने बताया कि मिलक, मैनाठेर में ताजिये निकालने वाले रास्तों पर पानी भरा है। लोगों ने रास्ते खराब होने, तारों के नीचे होने आदि की समस्याएं बताईं। बताया गया कि कुंदरकी में ताजियों के जुलूस के रास्तों के दोनों तरफ घरों के छज्जे पर महिलाएं व बच्चे जुलूस देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में बारिश अधिक होने के कारण अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया सकता, लिहाजा किसी को वहां नहीं बैठने दिया जाए। वहीं, पुलिस का उचित प्रबंध किया जाए, तेवर खास के ताजियेदारों ने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ताजिए नहीं बनाए जा रहे। एसडीएम बिलारी ने तेवर खास के ताजियेदारों को बिलारी कोतवाली में बुलाकरनिर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार कमलेश कुमार, नायब तहसीलदार बिलारी, ईओ रजनी सिंह के अलावा कुंदरकी, महमदपुर माफी के ईओ, एसडीओ विद्युत प्रणव चौधरी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, खलील अहमद, जहीर अहमद, प्रेमपाल सिंह, शमीम अहमद, दुष्यंत चौहान, शमशाद हुसैन, फरमूद अली आदि रहे।



विद्यालय परिसर में भरे पानी के बीच खड़े बच्चे और स्टाफ। ● अमृत विचार

# विद्यालय में पानी भरने से परेशानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते ठाकुरद्वारा-डिलारी मार्ग पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझाड़ा में जलभराव हो गया। जिससे शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बारिश के कारण स्कूल में बच्चे भी कम पहुंचे। किसी तरह अध्यापक बच्चों को विद्यालय तक लाए। छुट्टी के बाद अध्यापकों व छात्रों ने विद्यालय में हुए जलभराव के समाधान की मांग की। अध्यापकों व ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग ऊंचा होने के कारण बारिश के बाद विद्यालय में पानी भर जाता है।

### पानी से गोशाला का रास्ता कटा

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव ईलर के क्षेत्र में ढेला नदी में बाढ़ आने से गोशाला का रास्ता कट गया। कई दिनों से हो रही बारिश से ढेला नदी में बाढ़ की स्थिति है। जिससे खेत में किसानों की फसलें डूब गईं। गोशाला का रास्ता कटने से पशुओं को चारा नहीं मिल पा रहा है। गोशाला में तैनात पांच केयरटेकर चारों तरफ पानी होने से गोशाला में फंस गए हैं। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि नवाब जान ने बताया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी गोशाला तक जाने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से पक्की सड़क बनवाने की मांग की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## कर्बला ने दिया इत्तेहाद और अमन का पैगाम

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मोहर्रम की दूसरी तारीख को नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में मजलिस ए अजा हुई।

इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में गुलाम मेंहदी नकवी ने कहा कि रसूले करीम और अहलेबेत की मुहब्बत ही जन्नत की कुंजी है। इजहार हैदर रिजवी के अजाखाने में कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी दी। जिल्ले हैदर के अजाखाने पर हबीबुल हसनैन ने कहा कि इस्लाम इत्तेहाद का पैगाम देता है। काशिफ काजमी ने कहा कि कर्बला अच्छाई और बुराई की पहचान कराता है। अजहर अब्बास नकवी ने कहा कि इस्लाम तरक्की करने और इल्म हासिल करने और अमन शांति का पैगाम देता है। शफन हुसैन के अजाखाने पर मजलिस को खिताब करते हुए मेंहदी नकवी ने कहा कि रसूले ए करीम ने फरमाया है कि मैं शहरे इल्म हूं और अली उसका दरवाजा है। अली खैबर हुसैन, मरहूम गययूर अब्बास, मुहम्मद सालीम के अजाखाने पर मजलिसें हुईं।

# सऊदी में पति से बात करने के बाद महिला ने फंदे से लटककर जान दी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● महिला के फोन न उठाने पर पति ने रिश्तेदारों को किया था फोन

**अमृत विचार :** सऊदी अरब में रह रहे पति से मोबाइल पर बात करने के बाद महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। दूल्हापुर निवासी महिला का पति सऊदी अरब में राज मिस्त्री का काम करता है। पति के काल करने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने परिजनों को फोन कर अनहोनी की आशंका जताई। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि महिला ने जान दे दी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर शव को उतरवाया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दूल्हापुर निवासी 30 वर्षीय फरजाना की शादी नौ वर्ष पहले उत्तराखंड के थाना जसपुर की नगर पंचायत महुआडाबरा निवासी रियासत हुसैन से हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। महिला का पति एक वर्ष पूर्व काम के लिए सऊदी अरब चला गया। फरजाना अपने तीनों बच्चों के साथ एक मकान में रहती थी। रविवार रात करीब 10 बजे फरजाना की अपने पति से फोन पर बात हो रही थी। उस दौरान तीनों बच्चे घर में सोये हुए थे। बताते हैं कि पति से बात होने के बाद फरजाना ने कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे से लटककर जान दे दी। पति ने उसे फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। तब उसने अपने रिश्तेदार साढू जसपुर निवासी राशिद को कॉल कर अनहोनी की आशंका जताई।

इससे उनके होश उड़ गए। वह तत्काल अपनी पत्नी को साथ लेकर महुआ डाबरा पहुंचे। पुलिस एवं अन्य परिजनों को सूचना देकर शव को उतरवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। राशिद ने बताया कि मृतका उनकी पत्नी की सगी बहन थी। उन्होंने ही अपने घर से उसकी शादी की थी। रियासत एक साल पहले सऊदी अरब गया था। उसी ने ही फरजाना के फंदे से लटकने की सूचना दी। दंपति में क्या बात हुई थी उन्हे इसकी जानकारी नहीं है।

**निरीक्षण** — एसएसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर उत्तराखंड सीमा का जायजा लिया

# समय से निस्तारित करें लंबित विवेचनाएं : एसएसपी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मंगलवार को कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली में मालखाने, मेस, हवालात, पुलिस बैरक से लेकर कार्यालयों के रजिस्टर, कम्प्यूटर रूम, महिला हेल्प डेस्क की जानकारी ली।

उन्होंने लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए और क्षेत्र की कानून व्यवस्था परखी। एसएसपी ने उत्तराखंड सीमा की जानकारी कर कोतवाली परिसर के साफ सफाई देखी और निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, नितिन कुमार, आसिम खान, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोरा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने कानून व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की।



ठाकुरद्वारा में पैदल मार्च करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी।

### शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

**डिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को एसएसपी ने थाना का निरीक्षण किया। जांच के दौरान उन्होंने सभी आपराधिक दस्तावेज देखे और थाने की साफ सफाई का निरीक्षण किया। एसएसपी ने सीज किए गए दोपहिया और चार पहिया वाहनों की थाना प्रभारी से जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाने आने वाले सभी फरियादियों की शिकायत सुनकर निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि थाने आने वालों से बेहतर व्यवहार करें। एसएसपी ने थाना प्रभारी को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण थाने में तैनाति पुलिसकर्मी सतर्क रहे।

## 12 फीट से ऊंचे ताजिए न बनाएं : क्षेत्राधिकारी

**भोजपुर, अमृत विचार :** मुहर्रम व कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सीओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में ईओ नीतू सिंह, जेई ललित कुमार, चैयरमेन के पुत्र अर्शमान अंसारी के साथ सभासद भी शामिल हुए।

मंगलवार को हुई बैठक में सीओ ने कहा कि 12 फीट से ऊंचे ताजिए न बनाएं। कोई भी समस्या होने पर प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने कहा त्योहारों को सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में अहमदपुर के मुहर्रम मुख्य मुद्दा बना रहा। बैठक में भोजपुर व ग्राम हमीरपुर, धारक नंगला, पीपलसाना के ताजियेदारों ने समस्याएं बताईं। इस मौके पर सभासद शरिफ उर्फ कल्लू भाई, यासीन सैफी, ग्यासुद्दीन, ग्राम प्रधान मुजफ्फर अली, पंकज भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल उपस्थिति के विरोध में होगा धरना

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** डिजिटल उपस्थिति को लेकर क्षेत्र के शिक्षकों की बैठक ब्लॉक कार्यालय में हुई।

मंगलवार को बैठक में शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष वीर सिंह ने कहा कि सरकार का यह तुगलकी फरमान है, जिसको शिक्षक तब तक नहीं मानेंगे। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती है। जिसमें राज्य कर्मचारियों की भांति एक साल में मिलने वाली 30 ईएल, हाफ डे लीव, कैशलेस चिकित्सा तथा एक महीने में तीन बार से अधिक यदि अध्यापक निर्धारित समय से लेट आते हैं तो उनको अनुपस्थित न माना जाए। संगठन के बैनर तले शिक्षक 11व 12 जुलाई को डिजिटल उपस्थिति के संबंध में सहमति और असहमति का अभियान चलाएंगे, 14 जुलाई को 2 बजे से 3 बजे ट्विटर पर अभियान चलाया जाएगा तथा 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को डिजिटल उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर होने वाले धरने का भी ज्ञापन दिया जाएगा जो कि 23 जुलाई को प्रस्तावित है। बैठक में वीर सिंह, त्रिवेंद्र कुमार, अशोक कुमार, भूरे खां, अश्विनी यादव, निकेश चौहान, अनुज चौहान, विशाल चौधरी, नितिन कुमार, हरि सिंह, नवनीत शर्मा, भूरे खां, अतुल प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, विनीता चौधरी, रजनीश कुमार जयंत, कुलदीप कुमार, मिथलेश आदि शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

### ऑनलाइन उपस्थिति अव्यवहारिक : कपिल

**छजलैट, अमृत विचार :** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की ब्लॉक कार्य समिति व संघर्ष समिति की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र कांठ में हुई। बैठक में कपिल सिरोही ने कहा कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश व्यवहारिक नहीं है। ब्लॉक मंत्री मेघराज, दुष्यंत यादव ने कहा कि विभागीय अधिकारी जबरन ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जिसका संगठन विरोध करता है। हेतराम सिंह ने शिक्षक इस आदेश का बहिष्कार करते हैं। चन्दर वीर त्यागी, मोहम्मद रिजवान, रेहाना नेगी ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षक समाज स्वयं को ठगा महसूस कर रहा है। बैठक में मधुबाला चौहान, गौरव चौधरी, कृष्ण गोपाल, दिनेश सैनी ने विचार रखें। बैठक में दुष्यंत यादव, मनीष ठाकुर, कृष्ण गोपाल, दिनेश सैनी, अकरम अली, प्रियंका चौधरी, मधुबाला, कंचन चौरसिया, मानसी विश्नोई, गरिमा गुप्ता, दमन चौहान, गौरव चौधरी, अनुज कुमार, मेघराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनुज विश्नोई, भूपेंद्र यादव, नितिन देवल, शमीम अहमद, रोहित चौधरी, राजवीर सिंह, सर्मेंदर सिंह, चन्दरवीर त्यागी आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### श्री रामलीला प्रबंध समिति का चुनाव कराने की मांग

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रामलीला प्रबंध समिति के सदस्यों ने मंगलवार को बैठक कर श्री रामलीला प्रबंध समिति के संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी को पत्र जारी किया। श्री रामलीला प्रबंध समिति का चुनाव कराने को कहा। सदस्यों ने बताया कि श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर की नई कमेटी का चुनाव जल्द कराया जाए। समिति का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। पत्र पर श्री समिति के सदस्य गजब सिंह, सुनील त्यागी, आमोद, राकेश कुमार, शंकर सिंह, नवनीत वर्मा, पुनीत मांगलिक, जगौतार त्यागी के हस्ताक्षर हैं।

### मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति घायल

**रहरा, अमृत विचार :** गांव गंगेश्वरी में शाहिद के मकान की छत गिर गई थी। गृहस्वामी ने परिवार के लोगो को सकुशल घर से बाहर निकाल दिया। मकान की छत गिरने से दीवारें टूट गईं। इससे शाहिद घायल हो गया। इनवर्टर बैटरी टूटे, घर में रखा लगभग पांच क्वंविटल गेहूं खराब हो गए।

## जिले भर में जगह-जगह किया गया पौधरोपण, संरक्षण करने का लिया संकल्प, दूसरों को किया प्रेरित

# पेड-पौधे मानव जीवन के लिए रक्षक, नहीं हो कटान : तरारा

संवाददाता, हसनपुर/अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलेभर में मंगलवार को जगह-जगह पौधरोपण किया गया। लोगों ने पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लेकर दूसरों को प्रेरित किया। हसनपुर में रिलायंस पेट्रोलियम की स्थापना दिवस पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांठ विधायक ने पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। नगर के संभल बस स्टैंड चौराहे के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर रिलायंस पेट्रोलियम का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर पौधरोपण भी किया। विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि पंप परिसर में 12 पौधे लगाए। इस मौके पर संदीप रस्तोगी, अभिनंदन अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, बिट्टू शर्मा आदि मौजूद रहे।



पौधे को पानी देते विधायक कमाल अख्तर।

**विधायक राजीव तरारा ने लगाया पौधा : हसनपुर :** दि किसान सहकारी समिति लिमिटेड भदौरा की ओर से चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत मंगलवार को विधायक राजीव तरारा ने समिति परिसर में पौधा लगाया। विधायक ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को ठीक करने के लिए बड़ी संख्या में पौधरोपण करने की आवश्यकता है। पौधों पर 10 लोग हाथ लगाकर फोटो खिंचवा लेंगे, लेकिन पानी देने की जिम्मेदारी कोई नहीं निभाएगा। बड़े पेडों को काटे नहीं, वे बाधा नहीं हमारे रक्षक हैं। हमें जीवन देते हैं। इस दौरान सभापति कृष्ण कुमार शर्मा, उपसभापति समरपाल सिंह, सोनवीर सिंह, सचिव निधि शंकर त्यागी, आंकिक अतीक चौधरी, कंप्यूटर सहायक टिंकू सिंह आदि रहे।


भदौरा समिति में पौधरोपण करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

### जयतौली में किया गया पौधरोपण

**रहरा, अमृत विचार :** ब्लॉक गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत जयतौली में पौधरोपण के अवसर पर जॉब कार्ड धारकों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता जकी खान ने भी श्रमदान किया। जकी ने बताया कि जीवन के लिए पेड़ों का होना बहुत जरूरी है। पेड़ों की कटाई और कमी से वातावरण खराब हो रहा है। ग्राम पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम को एक पर्व की तरह मनाना चाहिए। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों को पालन पोषण कर बड़ा करती है, इस तरह आपको भी लगाए गए पेड़ की सुरक्षा का ध्यान रखकर उसे बड़ा करना होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान पति विनोद कुमार, ग्राम विकास अधिकारी कपिल कुमार यादव, रोजगार सेवक सलाउद्दीन, सतपाल सिंह अंबावता एवं मनरेगा मजदूर आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण की शुद्धता के लिए पौधरोपण जरूरी

**सैदनगली, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत ढक्का में मोहम्मद आसिफ अफ्फान चौधरी और उनके साथियों ने फलदार पौधे लगाए। आसिफ ने बताया कि पेड़ मानव जीवन के लिए अनेक तरह से लाभकारी हैं। फल और सब्जियों में बहुत से रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है। जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। हमें जीने के लिए शुद्ध हवा नहीं मिल पा रही है। लगातार जलवायु बदलती जा रही है। यह सब पृथ्वी में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और पेड़ों की कमी का परिणाम है। अपने खेत पर व खाली पड़ी अन्य जमीन पर पौधे अवश्य लगाएं। यह हम सब के और आने वाली पीढियां के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। इस धरती मां को बचाने वातावरण के शुद्धिकरण के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है।


सिहाली जागीर में लोगों को पौधा देते प्रदीप अग्रवाल। ● अमृत विचार

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोग करें पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक संजय सिंह गौर व गौरव नर्सरी के स्वामी प्रदीप अग्रवाल ने सिहाली जागीर में पौधरोपण किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला गो सेवा प्रमुख विवेक कुमार नमामि गंगे के नगर संयोजक शक्ति सिंह उपस्थित रहे।

पर्यावरण का चिंतन करते हुए जिला संयोजक ने कहा कि अगर पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारा अस्तित्व रहेगा। हम जीवित रहने के लिए कोई दूसरा रास्ता भी नहीं खोज पाएंगे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में पौधरोपण कार्यक्रम

**गजरौला, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। प्रभारी अधिकारी डॉ. एके मिश्र, वैज्ञानिकों व किसानों ने पौधरोपण किया। प्रभारी अधिकारी ने पौधरोपण के महत्व और उनकी उपयोगिता की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. शीशपाल सिंह, अमित तोमर,हादी हुसैन खान, प्राची पटेल, आरएन सिंह, आरोपी सिंह रहे।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

## अल्लीपुर भूड़ और मोहल्ला लक्ष्मीनगर में हुए हादसे, महिला भी घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर मंगलवार को हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। सोमवार रात हाईवे किनारे खड़े ट्रक में कैंटर घुस गया। इससे गांव भटपुरा निवासी कैंटर चालक काले की मौत हो गई। उधर, शहर मोहल्ला लक्ष्मी नगर के सामने पैदल जा रहे भीम सिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। देर शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके अलाना मंगलवार सुबह आठ बजे रहरा थाना क्षेत्र के गांव खनौरा में ससुराल से लौट रहे मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के बसी मुश्तकम निवासी बाइक सवार कमल को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी रूमा गंभीर रूप से घायल हो गईं।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी काले कैंटर चालक था। वह सोमवार रात दिल्ली की ओर से कैंटर लेकर लौट रहा था।


क्षतिग्रस्त कैंटर।

वह गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो वहां हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गया। इससे काले (34) की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव बसी मुश्तकम निवासी कमल सिंह की रहरा थाना क्षेत्र के गांव खनौरा में ससुराल है। वह मंगलवार सुबह ससुराल से घर लौट रहा था। पत्नी रूमा व पांच साल का बेटा भी साथ था। शहर अल्लीपुर भूड़ के सामने गजरौला-हसनपुर मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें कमल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी रूमा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के दौरान बेटा दूर जा गिरा। बेटा स्वस्थ हैं। मोहल्ला लक्ष्मीनगर में पैदल जा रहे भीम सिंह (45) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत हुई है। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### वाहन की टक्कर से भाकियू नेता की जान गई

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला सचिव राकेश कुमार गिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल भाकियू नेता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। यह हादसा थाना रजबपुर क्षेत्र के बागड़पुर गांव के पास हुआ। दरअसल, भाकियू नेता राकेश कुमार गिल (40) क्षेत्र के गांव चोटीपुरा के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी रेखा के अलावा चार बेटी और एक बेटा है। राकेश भाकियू टिकैत गुट के जिला सचिव थे। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह किसी काम से अमरोहा तहसील गए थे। देर शाम वह घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बागड़पुर गांव के पास पहुंची, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राकेश कुमार गिल गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना के बाद पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल राकेश कुमार गिल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों में शोक व्याप्त हो गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हादसे में भाकियू नेता की मौत हुई है। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसकी तालाश कर गिरफ्तार किया जाएगा।



## सभासद उपचुनाव में कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी मतगणना

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका के वार्ड नंबर 17 उपचुनाव के मतदान के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया। इसकी सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। 24 घंटे स्ट्रांग रूम पर पुलिस का पहरा है।

हसनपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 17 के सभासद का पद रिक्त चल रहा था। सोमवार को सभासद पद के लिए मतदान कराया गया। मतदान के बाद दोनों मतपेटियों को ब्लॉक परिसर स्थित ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को 24 घंटे ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की ओर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। बुधवार सुबह अधिकारियों एवं प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम से मतपेटियों को निकाल कर मतगणना स्थल तक ले जाया जाएगा और मतगणना की जाएगी।

# गोशालाओं में नहीं हो जलभराव

संवाददाता, रहरा/ मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकासखंड गंगेश्वरी स्थित नंदी बिहार गोशाला गुरैठा का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के लिए व्यवस्थाएं देखीं। भूसे के साथ खली चोकर, हरा चारा, पानी और बीमार पशु का इलाज कराने के गोशाला एनजीओ सचिव को निर्देश दिए। कहा कि मजदूरों का भुगतान किया जाए।

जिलाधिकारी ने गोशाला में बनाए जा रहे रास्ते का भी निरीक्षण किया। लगाए जा रहे खड़ंजा और मार्ग में मिट्टी और राख के भराव में अधिक से अधिक मजदूर लगाकर कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। कहा कि गोशाला परिसर में जलभराव नहीं हो। जलभराव वाले स्थलों पर मिट्टी और राख डालें। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी से कहा कि सभी कार्य अभियान चलाकर कराएं। खंड विकास अधिकारी और पशुपालन विभाग के अधिकारी चारा, भूसा, पानी, इलाज का ख्याल रखें।

एसडीएम पर गोशाला का निरीक्षण करें। पशु चिकित्सक से कहा कि कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए। इस दौरान परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सुनीता सिंह, खंड विकास अधिकारी हसनपुर एवं गंगेश्वरी नीरज गर्ग, एपीओ मनरेगा सौरभ चौधरी रहे।


गोशाला गुरैठा में निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजीव कुमार त्यागी, साथ में अन्य।

### बिना कटा चारा देखकर बिखरे जिलाधिकारी

**रहरा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी पशुओं के पास पहुंचे तो देखा कि पशु चारा खा रहे थे। लेकिन चारा साबूत था, चारे को काटा नहीं किया गया था। इसे लेकर जिलाधिकारी ने एनजीओ अरविंद कुमार को फटकार लगाई।

### गोशाला में पशुओं को खिलाएं हरा चारा

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लाक में स्थित गोशाला में व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए खंड विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। विकासखंड कार्यालय सभागार में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल की अध्यक्षता में गोशालाओं को लेकर बैठक हुई। इसमें उन्होंने ग्राम प्रधान और अधिकारियों से कहा कि गोशाला मार्ग पर डाली गई पाइपलाइन के बाद सड़क का निर्माण नहीं किया गया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गोशाला में 99 पशु हैं। इनकी देखभाल के लिए तीन कर्मचारी तैनात हैं।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या करने का आरोप

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कांकाठेर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया और हंगामा किया। इस बीच ससुराल वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।



हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव झुंडी माफी निवासी तारा (21) की शादी 23 अप्रैल को गांव कांकाठेर के रहने वाले महेश पुत्र रामअवतार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने महिला से दहेज में कार की मांग कर दी। एक सप्ताह पहले भी पति-पत्नी के बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद फिर से ससुराल वालों ने महिला से दहेज की मांग की। सोमवार देर रात तारा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार सुबह उसके पति ने फोन से घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तिगरी गंगा के जलस्तर में 40 सेंटीमीटर की कमी

**गजरौला, अमृत विचार :** कई दिन वृद्धि के बाद मंगलवार को गंगा के जलस्तर में कमी देखने को मिली। पहले जहां जलस्तर 200.10 मीटर गेज था, वहीं अब जलस्तर 199.70 मीटर गेज मापा गया।

सोमवार को जलस्तर 200.10 मीटर गेज पर था, वहीं ओसीता जगदेवपुर के खेतों में भी पानी भर गया था। मंगलवार को बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 41929 क्युसेक रही। पानी में गिरावट आने से तिगरी के साथ-साथ खादर के ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली है। हरिद्वार व बिजनौर स्थित बैराज से भी पानी की अधिकता होने पर डाउन स्ट्रीम में पानी छोड़ा जाता है। इस कारण तिगरी में जलस्तर बढ़ता है। इससे लोगों की चिंता बढ़ी हुई है।

# आले रसूल का चेहरा देखकर मुस्कुराना भी सदका : मेहंदी

संवाददाता, सैदनगली/ उझारी

**अमृत विचार :** हजरत मोहम्मद के चेहरे को देखकर मुस्कुराना भी सदका होता है और सदका तमाम रेशानियों को टाल देता है। नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में मजलिस हुई। इसमें मर्सियाख्वानी सय्यद जीशान हैदर और उनके साथियों ने की। मजलिस को मौलाना अली हैदर नूरी ने खिताब किया। मजलिस के बाद कल्बे अब्बास ने नोहाख्वानी की।

इमामबारगाहे अबू तालिब में मजलिस को खिताब फरमाते हुए मौलाना हुसैन मेहंदी ने कहा कि सदका सिर्फ माल और दौलत का ही नहीं होता, बल्कि अहलेबैत और आले रसूल के चेहरे को देख कर मुस्कुराना भी सदका है। उन्होंने कहा कि जब इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपने खेमे लगा लिए तो वहां की महिलाओं को जमा करके खिताब फरमाया कि देखो जब हमें शहीद कर दिया जाए और हमारे लाशें बेगौर व कफन तपती रेत पर पड़े हो, तो तुम अपने किसी काम के बहाने आकर हमें दफन कर देना। महिलाओं के बाद बच्चों को जमा किया और उनसे फरमाया कि अगर जालिम यजीदी महिलाओं को भी वहां न जाने दें, तो प्यारे बच्चों तुम खेलते-खेलते हमारी लाशों के पास आना और खेल-खेल में हमारी लाशों पर मिट्टी डालकर दफन कर देना। इस बात से अंदाजा होता है कि इमाम हुसैन को दफन होने की कितनी ख्वाहिश थी, लेकिन यजीदी फौजी जो जुल्म की इंतहा तक पहुंच चुकी थी, उसने इमाम हुसैन की लाश को तपती हुई रेत पर छोड़ दिया और इमाम के सिर को नेजे की नोक पर बुलंद कर लिया। कर्बला का वाकिया सुनकर आजादार रोने लगे। मजलिस के बाद जामिन बाकरी ने नौहाख्वानी की तथा मौलाना आसिफ रजा ने जियारत पढ़ी। मजलिस में नूरुल हसन, बिलाल बाक़री, इब्ने अब्बास, बंदे हसन, सलमान हैदर, शोएब जैदी, जावेद कैसर, अलाउद्दीन आदि रहे।


सैदनगली में मजलिस में बोलते मौलाना कम्बर अली व मौजूद लोग।

### दो मुहर्रम को कर्बला पहुंचे हुसैन : मौलाना

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे में दो मुहर्रम को पूरा दिन इमामबारगाहों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। कर्बला वालों की याद में हर जगह मजलिस और मातम हुआ। घरों में महिलाएं भी हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिसें और मातम कर रही हैं। इमामबारगाह दादे हिमायत अली में मजलिस हुई। मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर बाकरी और हमनवा ने की। मजलिस को मौलाना कम्बर अली ने खिताब किया। कहा कि दो मुहर्रम को इमाम हुसैन अपने पूरे परिवार के साथ कर्बला पहुंचे और वहां के जमींदार को पैसे देकर जमीन खरीदी और अपने खेमे लगाए। उन्होंने कहा कि यजीद ने कर्बला के मैदान में रसूल के नवासे को कत्ल किया था। उन्ही की याद में मंगलवार को हर जगह हुसैन हुसैन की सदाएं बुलन्द होती रहीं। नोहे सुहैल अब्बास, मिसाल अब्बास, हैदर अब्बास आदि ने पढ़े। दिन में इमामबारगाह फात्मा दख्खिन, सखी हुसैन,अलमदार हुसैन व अजाखाना मीर मुजाहिद हुसैन में मजलिसें हुईं। इस दौरान सलमान अब्बास, दानिश बाकरी रहे।

**समस्या** छपना-बुरावली और हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर रहते हैं पशुओं के झुंड

# सड़कों पर घूम रहे गोवंश से हादसों का बढ़ा खतरा

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं के झुंड सड़कों पर खुले में घूम रहे हैं। पशुओं की समस्या से शहर से देहात क्षेत्र लोग परेशान हैं। इन पशुओं से हादसों का खतरा बढ़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि खुले में घूम रहे गोवंश किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबक बने हुए हैं। 15 से 20 पशुओं का झुंड सड़कों पर बैठा व खड़ा रहता है। उससे गांव छपना व बुरावली मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाइक सवार लोग सड़कों से गोवंश के हटने के इंतजार में खड़े रहते हैं। सुबह से लेकर शाम तक पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में दुर्घटनाएं हो जाती हैं। हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर जगह-जगह गोवंश पशु खड़े रहते हैं। गोवंश से लोगों को निजात नहीं मिल रही है।


सड़कों पर घूमते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

> गोशालाओं के होने का सिर्फ ढिंढोरा पीटा जा रहा है। गोशालाओं से अधिक गोवंश पशु सड़कों व खेतों में घूमते दिखाई देते हैं। फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान रात दिन रखवाली करते हैं। इस तरफ जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। छुट्टा गोवंश को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। -गजेंद्र विधूड़ी, प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भूमि



> ग्रामीण क्षेत्रों में गोशालाएं तो खोली गईं लेकिन छुट्टा गोवंश पशुओं को वहां ठिकाना नहीं मिल रहा है। सड़कों पर पशुओं का जमघट लगा रहता है। सड़कों से गुजरने वाले जन प्रतिनिधि व अधिकारी इन पशुओं के झुंड को नजर अंदाज कर रहे हैं। आम जनमानस इस समस्या से प्रतिदिन जूझ रहा है। - अनुज नागर, जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शंकर



इस संबंध में क्षेत्र के लोग प्रशासन से कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पशुओं को पकड़वा कर गोशालाओं में संरक्षित नहीं करा रहे हैं। इस समस्या को लेकर किसानों व ग्रामीणों में रोष है।

### आज 11 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में ताफियों का जुलूस निकाला जाना है। इसे देखते हुए नगर क्षेत्र में बुधवार को 11 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत निगम के एसडीओ प्रजापति ने बताया कि नगर में जुलूस निकाला जाएगा। दाऊद सराय और अहरोई बिजली घर से सुबह 8:30 से लेकर शाम 7:30 बजे तक बिजली आपूर्ति को बंद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंध में सभी बिजली उपभोक्ताओं को सूचित कर दिया गया है। एसडीओ ने बताया कि जिन मार्गों से जुलूस निकाला जाएगा उन मार्गों पर बिजली लाइन को भी हटाया जाएगा।

### पालिका ने सड़कों की मरम्मत कराई

**अमरोहा, अमृत विचार :** ताजियों के जुलूस से पहले नगर में सड़कों की हालत सुधारी जा रही है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि शिया समुदाय की ओर से बुधवार को ताजियों को जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस को देखते हुए नगर की सड़कों की हालत में सुधार दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन मार्गों से जुलूस निकाला जाएगा। उन मार्गों पर गड्ढे भरने का कार्य पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जुलूस को लेकर नगर पालिका प्रशासन की तरफ से पेयजल व्यवस्था भी सुचारू की गई है।

### पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**अमरोहा, अमृत विचार :** सदर एसडीएम सुधीर कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार व पुलिसकर्मियों ने नगर में मार्च निकाला। मार्च नगर कोतवाली से निकल गया और मुख्य बाजार से होता हुआ आजाद रोड टीपी नगर चौराहा आदि मार्गों से होता हुआ कोतवाली पर समाप्त हो गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### बदले मार्गों पर चलेंगी रोडवेज की बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर परिवहन निगम रोडवेज की बसों को बदले मार्गों पर चलाएगा। रविवार और सोमवार को बसें मार्ग पर नहीं चलेंगी। अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान रोडवेज की बसों को बदले मार्गों से चलाया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार रविवार और सोमवार को मार्गों पर पूरी तरह से ट्रैफिक बंद रहेगा। रोडवेज की बसें भी नहीं चल सकेंगी। सहायक क्षेत्र प्रबंधक ने बताया कि मुरादाबाद जाने वाली रोडवेज की बसों को कैलसा-पकबाड़ा होकर चलाया जाएगा। जबकि बिजनौर नूरपुर चांदपुर धामपुर जाने वाली रोडवेज की बसों को अमरोहा कांठ मार्ग से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोडवेज बसों के मार्ग बदल दिए जाने के साथ किराया भी बढ़ा दिया जाएगा। यह व्यवस्था पूर्व वर्षों की तरह जारी रहेगी। उधर, बसें बदले मार्गों पर चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### मखदूमपुर और कताई मिल के सामने सड़क पर जलभराव, प्रशासन कर रहा व्यवस्थाएं दुरुस्त होने का दावा

# कांवड़ियों की राह में बाधा बनेंगे नौगांवा सादात रोड के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में इस बार भी कांवड़ियों की राह में सड़कों पर बने गड्ढे बाधा बनेंगे। साथ ही जलभराव का सामना करना पड़ेगा। जिलाधिकरी के आदेश के बाद भी अमरोहा बिजनौर रोड पर गड्ढे नहीं भरे गए हैं। कांवड़ यात्रा करीब होने के बाद भी नौगांवा रोड व बिजनौर रोड पर गड्ढों को नहीं भरा गया है।

22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। अमरोहा से होकर कई जिलों के कांवड़िये पैदल गुजरेंगे। कांवड़िये गंगा जल लेने हरिद्वार जाते हैं। उधर से फिर बिजनौर नौगांवा रोड से पैदल कांवड़ में गंगा जल लेकर अमरोहा से गुजरेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों का रैला लगा रहता है। अमरोहा बिजनौर मार्ग पर नौगांवा सादात तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। कांवड़िये नौगांवा से होकर बिजनौर जिले से होते हुए हरिद्वार जाते हैं। लेकिन इस मार्ग की हालत बेहद खस्ता है। गांव मखदूमपुर के सामने सड़क पर जलभराव है। कताई मिल के पास भी सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे हैं व जलभराव भी है। यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। श्रावण मास में कांवड़ियों को इन मार्ग से गुजरने में भारी कठिनाई उठानी पड़ेगी। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने कई बार बैठक कर लोक निर्माण विभाग से गड्ढे भरने के लिए कहा है। लेकिन अभी इस मार्ग के गड्ढे भी नहीं भरवाए गए हैं।


मखदूमपुर गांव के पास अमरोहा-नौगांवा रोड पर गड्ढे। ● अमृत विचार

> कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त कराया जाएगा। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> – **मनोज कुमार**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### 19 जुलाई से बदले मार्गों पर चलेंगे भारी वाहन

**अमरोहा।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। 22 जुलाई को पहला सोमवार है। उससे पहले ही नेशनल हाईवे पर 19 जुलाई की सुबह आठ बजे से वाहनों को बदले मार्गों से गुजारा जाएगा। हाईवे पर निजी बस, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली व बड़े माल वाहक प्रतिबंधित रहेंगे। 21 जुलाई की दोपहर 12 से 22 जुलाई की शाम 8 बजे तक छोटे वाहन जीप, कार, पिकअप को भी डायवर्ट किया जाएगा। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कांवड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन प्लान तैयार है। इस बार पांच सोमवार हैं। इसलिए एक दिन पहले ही रूट डायर्जन किया जाएगा। कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए प्लान में बदलाव भी किया जा सकता है। बताया कि मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जाने वाले सभी वाहन मुरादाबाद व पाकबड़ा से डायवर्ट होंगे। जबकि, दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ आने वाले सभी वाहनों को गढ़मुक्तेश्वर से डायवर्ट किया जाएगा।

### अमरोहा से होते हुए हरिद्वार व बृजघाट जाएंगे लाखों लोग

**अमरोहा।** 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ने लगा है। यहां मुरादाबाद बरेली, रामपुर, संभल, बदायूं और अमरोहा के लाखों श्रद्धालु हरिद्वार व ब्रजघाट से कांवड़ में जल लेकर गंतव्य को लौटते हैं। प्रत्येक सोमवार को मंदिर और शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। इससे पहले शनिवार और रविवार को शिवभक्त जल लेने जाते हैं, जबकि कुछ भक्त वापस लौटते हैं। कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस व प्रशासन सतर्क है और तैयारियों में लगा है।

# पंचायतों में भाकियू के गुटों ने उठाईं किसानों की समस्याएं

### हसनपुर, गजरौला और मंडी धनौरा में हुईं पंचायतें, बिजली समस्या को लेकर बुलंद की आवाज, पशुओं के संरक्षण की भी मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** जिले में कई जगहों पर भाकियू के गुटों की बैंठकें और पंचायतें हुईं। इनमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

हसनपुर नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति परिसर में मंगलवार को भाकियू की मासिक हुई। किसानों ने कहा कि मध्य गंगा नहर में जल्द पानी छोड़ा जाए। किसान अपने निजी नलकूपों पर विद्युत मीटर नहीं लगवाएंगे। छुट्टा पशुओं से किसानों को परेशानी हो रही है। पंचायत की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव महावीर सिंह चौहान ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। इस दौरान सीता आर्य, हरिओम सिंह, शीशपाल सिंह, संजीव बालियान, कुंवर पाल सिंह,कृपाल सिंह,महेश, डीपी ठाकुर, ठाकुर महेश सिंह,कैलाश सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

**खड़गरानी में हुई भाकियू की पंचायत : रहरा :** क्षेत्र के गांव खड़गरानी में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत हुई। इसकी अध्यक्षता सतीश तथा संचालन अजब सिंह ने किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। निजी नलकूपों के लिए 10 घंटे बिजली मांगी। गांवों में सीसी रोड व खड़ंजा तोड़कर पाइप डाले गए हैं। टूटे सीसी रोड व खड़ंजे जल्दी ही ठीक करवाई जाए। बारिश से गिरे मकानों को बनवाया जाए। किसानों को फसलों की भरपाई के लिए मुआवजा दिलवाया जाए। इस मौके पर जयचंद, जयपाल, छत्रपाल, तोलाराम सैनी, मोहर सिंह ,बलवीर, गजेंद्र सिंह, अजब सिंह, मंगल सेन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ढींगरा बिजली घर की क्षमता बढ़ाई जाए : मंडी धनौरा :** ब्लॉक परिसर में मंगलवार को भाकियू असली की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि छुट्टा पशुओं पर अंकुश लगाए जाए। घरेलू विद्युत मीटरों की धांधली पर रोक लगाई जाए। ट्यूबवेलों की केवाईसी को रोका जाए। ढींगरा विद्युत केंद्र की क्षमता बढ़ाई जाए। भारतीय किसान यूनियन असली आंदोलन के लिए तैयार है। पंचायत में बागडपुर माफी निवासी लोकेश सिंह को भाकियू असली का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त व हरज्ञान सिंह को अनुसूचित जाति का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर चौधरी डूंगर सिंह, शब्बन खान, नरेश चौधरी, जयपाल गिल, रामवीर सिंह, गाजवीर सिंह,खचेडू सिंह, कलुआ खा, मनोज त्यागी,बचन सिंह, कविंद्र सिंह, गंगाराम सैनी,अनवर अली, दिनेश प्रधान, प्रदीप कुमार, समरपाल सिंह, जबींद्र सिंह, मेकर सिंह सहित आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में भाकियू की पंचायत में बोलते ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह।


गजरौला में धरने बैठे किसानों को संबोधित करते चौधरी उपेंद्र सिंह।

### धनौरा तहसील में होगी किसानों की बैठक

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू जनशक्ति की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष रविपाल सिंह नेतृत्व में जिला कार्यालय में हुई। धनौरा तहसील में किसानों की समस्याओं को लेकर एक बैठक आयोजित की जाएगी। जनशक्ति का विस्तार करते हुए शूरवीर सिंह को मंडल संगठन मंत्री एवं पुनीत कुमार को युवा जिला महासचिव अमरोहा के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, प्रदेश महासचिव जोगिंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अरुण गिल, जिला कोषाध्यक्ष गुरमीत चाहल, नरेश धारीवाल,भूप सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

### सीडीपीओ को सौंपेंगे ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय मांग दिवस कर्मचारी के विकास परियोजना कार्यालय रहरा में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों का एक ज्ञापन सीडीपीओ को सौंपेंगे। अखिल भारतीय मांग दिवस कर्मचारी के बैनर तले बुधवार को आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन, आशा कर्मचारी यूनियन एवं मिड डे मील कर्मचारी यूनियन रहरा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर दोपहर 12 बजे अपने झंडे एवं बैनर के साथ एकत्र होकर धरना प्रदर्शन कर बाल विकास परियोजना अधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी संगठन की अध्यक्ष कुसुम गिरि एवं दीपिका ने दी।

### नलकूपों के बिल माफी के नाम पर गुमराह कर रही सरकार: उपेन्द्र

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने खादगूर्जर स्थित बिजलीघर में धरना दिया। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा सरकार ने एक वर्ष पहले किसानों के नलकूपों के बिल माफी की घोषणा की थी। लेकिन बिल माफी के नाम पर शर्तें लगाकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। प्री-पेड मीटर को लेकर कहा कि सरकार पहले किसान की फसलों के नकद भुगतान कराने की व्यवस्था करें। बाद में गांवों में प्री-पेड मीटर लगाने की सोचे। मंडल प्रभारी राजवीर सिंह ने बकाया विलम्ब गन्ना भुगतान पर ब्याज दिलाने की मांग की। धरना स्थल पर एसडीओ बछरायूं ने पहुंच कर समस्याओं के निस्तारण की बात कही। पदाधिकारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तरुण सिवाल,अंकित चौधरी, लकी गौसल, सावेन्द्र सिंह, डालचन्द सिंह, जोगेन्द्र आर्य, रोहित सिवाल, जसपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलराज यादव, दयाराम यादव, रईस प्रधान,गंगू सिंह, सरदार कुन्दन सिंह, रामकिशन सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ट्यूबवेल पर पुलिया में डूबने से किसान की मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ट्यूबवेल पर पानी से भरी पुलिया में डूबकर किसान की मौत हो गई। हादसा किसान का पैर फिसलने पर हुआ। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

शहर के फाजलपुर मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय हरपाल सिंह मंगलवार को किसी काम से अहरौला तेजवन गए थे। रास्ते में ट्यूबवेल चलता देख वह पुलिया में नहाने लगे। पुलिया में पैर फिसलने पर वह अंदर गिर गए। जिससे पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। ट्यूबवेल स्वामी लौटा तो पुलिया में शव पड़ा देखकर शोर मचा दिया। आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। जानकारी मिलने पर वृद्ध के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि वृद्ध के परिवार वालों के अनुसार पानी में डूबने से उनकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बाइक के साथ बिजनौर का आरोपी पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार रात गश्त के दौरान चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार यादव को एमडीए कालोनी के पीछे बाइक सवार एक संदिग्ध युवक खड़ा मिला। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी के पास मौजूद बाइक की जांच की गई तो वह चोरी की निकली। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने बाइक मेरठ से चोरी की थी। चौकी इंचार्ज के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी बिजनौर के मोहल्ला बख्शी वाला निवासी शमीम है।

# किसान की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मंडी धनौरा

- गांव मलंगपुरा में कार सवार लोगों ने घर में घुसकर की थी फायरिंग, हुई थी किसान की मौत

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मलंगपुरा में कार सवार लोगों की फायरिंग में किसान की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर दो नामजद व तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव मलंगपुरा निवासी अर्जुन सैनी पुत्र बिजेंद्र सैनी ने दो माह पहले जनपद मुज्जफरनगर के एक गांव निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। लेकिन युवती के परिजन इस शादी से खुश नहीं थे। इसी रंजिश के चलते बीते दिनों युवती के पिता सहित चार लोगों ने बिना नंबर की कार से आकर अर्जुन के घर में फायरिंग की थी। फायरिंग के दौरान अर्जुन के पिता बिजेंद्र व एक पड़ोसी छत्रपाल को गोली लग गई थी। गोली लगने से बिजेंद्र की मौत हो गई थी और छत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र अर्जुन की तहरीर पर दिनेश चौहान, रकम सिंह व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस तीन दिन से लगातार आरोपियों गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। मंगलवार को पुलिस ने रकम सिंह व मोहनी उर्फ मोनी को फंदेड़ी सादत चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## सार-संक्षेप


प्रदर्शन करते दुकानदार। ● अमृत विचार

### पांच माह से खराब हैं दो सरकारी नल, प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में संभल अड्डे पर पांच महीने से दो सरकारी नल खराब हैं। इससे दुकानदारों एवं राहगीरों को पेयजल की समस्या हो रही है। दुकानदारों ने कई बार नगर पालिका में इसकी शिकायत की। लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। इसे लेकर मंगलवार को दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने बताया कि पांच महीने से दोनों नल खराब पड़े हैं। जबकि दुकानदारों के लिए दोनों हैडपंप से ही पेयजल व्यवस्था है। दुकानदारों ने प्रदर्शन कर जल्द हैडपंपों को ठीक कराने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में जाकिर, इदरीस, जुगनू, राहुल, अकील अहमद, भूरा, सद्दाम, फरमान, छोटे, फहीम, विकास, नदीम, मुबीन, सलमान, राशिद, शब्बू आदि दुकानदार मौजूद रहे।


पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### संत रविदास की प्रतिमा लगवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खेवान के लोगों ने आत्माराम कुंड के पास पूठ रोड आंबेडकर तिराहा पर संत रविदास की प्रतिमा लगवाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि बीते दिनों मोहल्ले के लोगों को पालिका अध्यक्ष ने प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो सकी है। नगर में अन्य जगहों पर फाउंडेशन व प्रतिमा लगवाने का कार्य तेजी से चल रहा है। संत शिरोमणि रविदास सेवा महाराज सेवा समिति के सदस्य रविदास की प्रतिमा लगवाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार, धर्मवीर, अंकुर सेठी, ओंकार, रणवीर सिंह, कुलवंत सिंह, सचिन, प्रकाश, फतेह सिंह आदि मौजूद रहे।

### तहसील में महिलाओं के बीच मारपीट, मची अफरा तफरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** बार भवन के पास तहसीलदार व पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं के बीच मारपीट होने से अफरा तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने दोनों को समझाकर शांत कर दिया। बताया जा रहा है कि संभल बस स्टैंड के पास एक युवक ने जमीन लेने के लिए अपनी बहन से 50000 उधार लिए थे। तहसील में इसी को लेकर भाई बहन अपने परिवारों के साथ आए हुए थे। मंगलवार शाम तहसीलदार कार्यालय के सामने व बार भवन के पास अधिवक्ता के चेंबर में महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। अधिवक्ताओं ने दोनों पक्षों को समझ कर शांत कर दिया। लेकिन एक पक्ष ने डायल 112 को फोन करके बुला लिया। इसके बाद एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। तहसीलदार सुदीप कुमार तिवारी वहां पहुंचे। तहसीलदार व पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच मारपीट होनी शुरू हो गई।

### नहर की पुलिया के पास मार्ग क्षतिग्रस्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर संभल मार्ग से लिंक मार्ग हसनपुर झकड़ी भदौरा मार्ग पर एक किलोमीटर के मील पत्थर के पास स्थित नहर पुलिया पर खड़ंजा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे वाहन सवारों को हादसे का डर सता रहा है। मंगलवार को डीएपी से भरा एक ट्रक पुलिया से कुछ दूर धंस गया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने इस प्रकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को जानकारी देकर मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने उन्हें कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।


क्षतिग्रस्त मार्ग।

### चामुंडा मंदिर से तीन घंटे चोरी, तहरीर दी

**कैसरा, अमृत विचार :** अभी दो दिन पहले मंडी धनौरा नगर के मोहल्ला गोविंदपुरम स्थित मंदिर से 11किलो का घंटा ओर तांबे के बर्तन चुरा लिए गए थे। अब क्षेत्र के गांव ढ़योटी, सुजमना, शेरपुर, विशावली गांव के मंदिरों से घंटे चोरी हो गए हैं। ढ़योटी गांव में चामुंडा मंदिर से तीन बड़े घंटे लगभग 70 किलो के चोरी हो गए। जब पुजारी सुबह को मंदिर में गए। पुजारी ने ग्रामवासियों को जानकारी दी। बछरायूं थाने में जाकर कारवाई करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ढ़योटी के ग्राम प्रधान ऊधम सिंह, मणि कुमार , हिरदेश सैनी, पुजारी नरोत्तम गिरि, जयप्रकाश प्रजापति ने तहरीर दी।

### गांव में गंदगी के बीच लोगों को निकलने में हो रही परेशानी

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सुतावली की मढ़ैया बरतौरा में मुख्य मार्ग पर गंदा पानी बहने से जलभराव व कीचड़ पसरी हुई है। बच्चे व बुजुर्ग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पांच वर्ष तक लगातार ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी ग्राम प्रधान व ब्लाक अधिकारियों ने इस समस्या का निस्तारण नहीं किया। गांव सुतावली की आबादी करीब ढेड़ हजार है। मार्ग पर जलभराव के संबंध में अधिकारियों से रास्ते व नाली निर्माण की मांग की गई। लेकिन रास्तों को ठीक नहीं कराया गया।

**विरोध** | चंदनपुर खादर के ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई शिक्षकों की बैठक

# ऑनलाइन हाजिरी से पहले समस्याओं का हो निस्तारण

संवाददाता, हसनपुर/रहरा

**अमृत विचार :** चंदनपुर खादर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी की कार्यसमिति की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह की उपस्थिति में हुई। इसमें शिक्षकों की मांगे पूरी न होने तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रखने का निर्णय लिया। कहा कि ऑनलाइन हाजिरी का आदेश शिक्षकों के साथ छलावा है।

ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी मांगों को नहीं माना है। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को एक वर्ष में 15 आकस्मिक अवकाश, 15 हॉफ अवकाश, 30 उपार्जित अवकाश, राज्य कर्मचारी का दर्जा, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति आदि मांगों को पूरा नहीं किया गया है। कहीं स्कूलों में जाने के लिए रास्ता नहीं है, तो कहीं जलभराव है। कई जगह इंटरनेट की सुविधा भी नहीं है। ऐसे हालातों में ऑनलाइन हाजिरी देना पूर्ण रूप से अव्यावहारिक है। ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों से ऑनलाइन अटेंडेंस लेने का आदेश अव्यवहारिक है। इसे शिक्षक स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में शिक्षकों को बिना सुविधाएं दिए इसे लागू किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से चरणबद्ध तरीके से डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में कार्यक्रम चलाए जाएंगे। 11 एवं 12 जुलाई को सभी शिक्षक अपने-अपने बीआरसी पर दोपहर दो बजे के बाद पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को वापस लिए जाने के लिए सहमति अथवा असहमति प्रपत्र भरकर देंगे। 13 जुलाई को जनपद स्तर पर जिला कार्यसमिति की बैठक की जाएगी। 14 जुलाई की दोपहर दो बजे से 3.30 बजे तक ट्विटर अभियान चलेगा। 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 23 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष करनपाल, गौरव नागर, मोहम्मद कौसर, कोषाध्यक्ष वैभव गुप्ता, अनिल कुमार, योगराज सिंह, सचिन मलिक आदि रहे।


बैठक में शामिल प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह व अन्य।

# शिक्षकों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बीआरसी में मंगलवार को ब्लॉक संयुक्त समिति एवं संघर्ष समिति की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष योगेश चौधरी ने कहा कि शिक्षकों की जिंदगी से खिलवाड़ किया रहा है

कहा कि जब तक सरकार राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल, हाफ सीएल व लेट होने पर स्पष्टीकरण का प्रावधान नहीं करती तब तक ऑनलाइन हाजिरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ब्लॉक मंत्री जितेंद्र कटारिया ने कहा कि प्रांत के नेतृत्व पर हाजिरी के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान गौरव सिंह, हरिओम त्रिवेदी, मनोज शर्मा, अनुज देवल, वीरेंद्र सिंह, भंवरजीत सिंह, विकास कुमार, सुनील सिद्धू, मुनेंद्र सिद्धू, कुशल सिद्धू, गौरव सिद्धू, अंकित बालियान, विक्रांत यादव, मेघराज सिंह, राजपाल सिंह, युसूफ, धर्मेंद्र सिंह, सिद्धार्थ गिल आदि रहे।


बैठक में शिक्षकों को संबोधित करते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों की बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई हसनपुर और संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र करनपुर माफी में हुई। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि 11 एवं 12 जुलाई को सभी शिक्षक बीआरसी पर ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सहमति व असहमति देंगे। शिक्षकों की सहमति के बाद सभी विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष एवं मंत्री प्रस्ताव पारित कर जिला अध्यक्ष एवं मंत्री को प्रेषित करेंगे। बैठक में ब्लॉक मंत्री इरशाद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोम सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, गजेंद्र सिंह, दिलीप कुमार करनपाल सिंह, निजामुद्दीन, इरशाद अली, विनीत कुमार, नामित कुमार, विक्रम सिंह, देशवीर सिंह, धर्मचंद जी, राजकुमार, अरविंद कुमार ,संजय यादव, कुलदीप सिंह, सूर्यकांत, सोनू धामा, सौरभ जिंदल आदि मौजूद रहे।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

बुद्धौ कलुषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयान्नापसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# निरंतर प्रयास जरूरी

भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। इसके बावजूद इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल में भारत में जारी एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है। यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य देशों ने सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा अपनाया, जो 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ। एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है 'किसी को पीछे न छोड़ें'। वैश्विक स्तर पर एसडीजी की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक समुदाय का छठा हिस्सा है। हमारी विकास संबंधी जरूरतें बहुत बड़ी हैं। भारत में लोगों को आधुनिक सुविधाओं और विकास के साधनों तक पहुंच के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ा है। हमने इस कार्य को अनुमान से पहले ही पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सोमवार को न्यूयॉर्क में सतत विकास के लिए वर्ष 2024 के उच्च स्तरीय राजनैतिक मंच (एचएलपीएफ) में संयुक्त राष्ट्र की उप प्रमुख आमिना मोहम्मद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का लक्ष्य 2030 की समय सीमा में हासिल करने के लिए जरूरी प्रतिबद्धता और निवेश को तत्काल वास्तविकता में तब्दील करना होगा। एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में भारत सरकार की नीतियों का अहम योगदान है। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटीज, प्रधानमंत्री जन धन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फिर भी भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। बहुआयामी गरीबी में 9.89 प्रतिशत की कमी आई और यह 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर भारत तेज गति से बढ़ रहा है, वहीं वृद्धि के लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेहतर होगा कि सरकार आने वाले वर्षों में तय लक्ष्य पाने के लिए उन क्षेत्रों पर जोर दे, जहां हम अभी पीछे हैं। इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी। साथ ही अपने घरेलू संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव कार्य करने का प्रयास करने होंगे।

# फ्रांस चुनाव: हिंसा, नैतिक हार और गठबंधन सरकार



रंगनाथ सिंह
पत्रकार

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई।

इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया एक हफ्ते से सांसत में था। अब जाकर उसे राहत मिली है। इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया की अच्छी बात ये है कि अच्छे मौसम में वह 'निष्पक्ष' रहता है, लेकिन मौसम प्रतिकूल होते ही वह अपने पसंदीदा दल के सिर पर हार की तलवार लटकता देख, नि ष्पक्षता का केंचुल उतारकर उनके लिए परिष्कृत दुष्प्रचार शुरू कर देता है। पिछले एक हफ्ते में भारत में लोकप्रिय इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया दुबला हुआ जा रहा था कि 7 जुलाई के बाद फ्रांस में कहर आ जाएगा। फ्रांस में दो चरण में चुनाव होता है।

फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में जो पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी वही दूसरे दौर के चुनाव के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचती दिख रही है। पहले चरण में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले दल दूसरे चरण के लिए आपस में मिल गए थे। उन्होंने जनता से अपील की थी कि जिस सीट पर जो उम्मीदवार पहले चरण के नंबर वन दल को हराता दिखे, उसे ही वोट दें। दूसरे चरण में पहले दल को हराने के लिए 200 से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इतना सब करने के बावजूद सबसे बड़े चुनाव पूर्व गठबंधन को फ्रांस में बहुमत से कम मिलने का अनुमान है। याद रखें कि एक दल को नहीं, बल्कि कई दलों के गठबंधन को बहुमत से कम सीटें मिल रही हैं। बहुमत के लिए इस तरह की रस्साकशी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक है। उल्लेखनीय ये है कि फ्रांस का चुनाव भारत के चुनाव से तीन बिंदुओं पर मिलता दिख रहा है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। वे तीन बिंदु हैं- हिंसा "नैतिक हार" और गठबंधन सरकार।

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई। फ्रांस और हमारे बंगाल के बीच यह अद्भुत समानता है कि हार की आशंका और हार टलने की खुशी, दोनों स्थितियों में हिंसा हो जाती है। राहत की बात ये है कि बहुमत से सीट कम पाने के बाद भी फ्रांस में सबसे बड़े वामपंथी गठबंधन (जिसमें कई दल

> 1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया।

शामिल हैं) की 'नैतिक हार' नहीं होगी। बहुमत प्राप्त करना लोकतांत्रिक देशों की समस्या है। चीन, कतर और अफगानिस्तान में किसी को अल्पमत की तानाशाही से समस्या नहीं होती। जिन देशों में लोकतंत्र जितना मजबूत है, वहां किसी एक दल का बहुमत प्राप्त करना उतना कठिन है, क्योंकि वहां एक नहीं कई दल किसी न किसी इलाके या समुदाय के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए खास पदों पर ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसमें कई चरण में चुनाव होते हैं ताकि अंतिम चरण में बस दो-तीन लोग बचे और जनता किसी एक को 50 प्रतिशत से ऊपर मत देने को बाध्य हो। चीन में अगर एक पार्टी की तानाशाही है तो अमेरिका में दो दलों की तानाशाही है। चीन और अमेरिका का पॉलिटिकल मॉडल उत्तरी कोरिया, ईरान और कतर जैसे देशों से बेहतर है, लेकिन भारत, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन का मॉडल अमेरिका और चीन से बेहतर है, जो बहुदलीय व्यवस्था को पोषण देता है। ये मॉडल यह मानकर नहीं चलता है कि कोई एक या दो दल ही, पूरे देश की बेहतरी के चौकीदार हैं। आजादी के खुमार से निकलने में भारत को करीब 45 साल लगे और 1989 में भारत में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। सबसे बड़े दल सरकार गठन से किनारा कर लिया। दूसरे बड़े दल ने तीसरे दल एवं अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन वह करीब 11 महीने में गिर गई। उसके बाद सबसे बड़े दल ने एक छोटे से धड़े को बाहर से समर्थन देकर उसकी सरकार बनवा दी। इस विडंबना को किसी विद्वान ने नैतिक संकट नहीं बताया कि जिस दल के खिलाफ बड़े दल ने चुनाव लड़ा था, उसकी ही सरकार बनवा दी गई। 1989 के चुनाव का संदेश साफ था कि सबसे बड़ा दल सरकार चलाएगा तभी वह 5 साल चलेगी नहीं तो ऐसे ही हर साल नया प्रधानमंत्री मिलेगा। दो साल में दो सरकार गिरने के बावजूद देश की जनता ने 1991 के चुनाव में खुद को देश का डिफाल्ट रूलर समझने वाले दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। 1991-92 के चुनाव में जिस दल को सबसे ज्यादा 244 सीटें मिलीं उसने बिना किसी गठबंधन के अगले 5 साल तक सरकार चलाई। संदेश साफ था कि या तो हमें बाहर से समर्थन दो या फिर पिछली बार की तरह 11 महीने वाले रेंटर पीएम के लिए तैयार रहो।

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया, जिसे महज 46 सीटों पर जीत मिली थी, जो कुल सीटों की 10 प्रतिशत भी नहीं था। यानी तकनीकी तौर पर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए जरूरी 55 सीटों से भी कम सीट पाने वाले दल ने करीब दो साल देश में सरकार चलाई, लेकिन 11 महीने वाला पुराना रेंटर सिस्टम जारी रहा। इस पूरी कवायद को विद्वानों ने अनैतिक घोषित नहीं किया गया। इसे लोकतंत्र की माया या त्रिशंकु संसद बताया। 1998-1999 में जो दल सबसे बड़ा बनकर उभरा उसने बाहर से समर्थन के लेन-देन के रेंटल सिस्टम को नकारते हुए दो दशक पुराना नुस्खा नए एंगल से अपनाया। 1977 में कई दलों ने आपस में विलय कर लिया था तो इस बार उन्होंने विलय करने के बजाय गठबंधन बनाकर एक गुट बनाया। विद्वानों ने इसे भी अनैतिक नहीं माना और गठबंधन युग के आगाज की मुनादी करवा दी। सरकार छह साल चली। 1996 में जिस दूसरे बड़े दल ने 140 सीटें जीतकर सरकार नहीं बनाई थी उसी दल ने 2004 में महज 145 सीटें जीतकर सरकार बना ली। 1989 और 1996 में उसने साफ संदेश दे दिया था कि हमारा पीएम नहीं रहेगा तो 11 महीने का रेंटर पीएम सिस्टम सहना पड़ेगा। नतीजा ये हुआ कि महज सबसे बड़े दल ने महज 145 सीटों के साथ आराम से 5 साल गठबंधन सरकार चलाई, लेकिन किसी विद्वान ने इसे अनैतिक नहीं कहा। इसे गठबंधन युग का नया अध्याय कहा।

2004 में दूसरे बड़े दल को 138 सीटों पर जीत मिली थी यानी उसे सबसे बड़े दल से केवल 7 सीटें कम मिली थीं, लेकिन वे सात सीटें उन मौसरे भाइयों जैसी साबित हुईं, जिनमें 7 दिन पहले पैदा हुए भाई को आजीवन भैया कहना पड़ता है। दूसरा बड़ा दल अगले पांच साल तक भइया-भइया कहता रहा, लेकिन यह कभी न कह सका कि भइया आपकी नैतिक हार हुई है, आपकी सरकार अनैतिक है। दूसरा दल तो छोड़िए किसी बड़े विद्वान ने इस प्रक्रिया को अनैतिक घोषित नहीं किया, बल्कि गठबंधन को देशहित में बताया। 5 साल राज करने के बाद भी सत्ताधारी दल को 2009 में बहुमत से 66 सीटें कम मिलीं तो भी किसी ने नहीं कहा कि आपको अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला, इसलिए यह नैतिक हार है और जनता ने आपको नकार दिया है। किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की भारत में पिछले 35 साल में किसी विद्वान ने 2024 से पहले "नैतिक पराजय" नहीं कहा था। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा इत्यादि में गठबंधन सरकारें चल रही हैं, लेकिन किसी विद्वान ने वहां की सरकार को "नैतिक रूप से हारी हुई" सरकार नहीं कहा।

गठबंधन सरकार की नैतिकता के लिए पहले विद्वानों ने यह राय बनाई थी कि चुनाव परिणाम आने के बाद महज सत्ता प्राप्ति के लिए किया गया जोड़-तोड़ जनता के साथ धोखा है। ऐसे में चुनाव पूर्व गठबंधन को नैतिक माना गया। चुनाव पश्चात के गठबंधन को मजबूरी। चुनाव बाद गठबंधन को अनैतिक नहीं बताया गया, क्योंकि जनता पर चुनाव के खर्च का बोझ डालना सही नहीं रहेगा। आप देख रहे होंगे कि नैतिकता भी खर्च के हिसाब से पाला बदल लेती है। जिस समाज में दो तरह की नैतिकता हो, वह नैतिक रूप से भ्रष्ट समाज होता है। इधर मैं ये सोच रहा हूं कि भारत हो या फ्रांस, ऐसी दोहरी निष्पक्षता या नैतिकता किसी पार्टी या राजनीतिक समूह की कब तक रक्षा कर पाएंगे?

## प्रसंगवश

# जिंदगी का सबक मोहर्रम

मोहर्रम के महीने से, सीखना कर्बला से, सीखना इमाम हुसैन से, सीखना शहीदों और बीबी जैनब से की, कैसे जुल्म के खिलाफ खड़ा हुआ जाता है। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। हम खुद, हमारे बुजुर्ग और बहुत से लोग इसकी मुबारकबाद नहीं देते हैं। ऐसा हजरत ईमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम और उनकी शहादत के सम्मान में किया जाता है।

कोई इसके इतर भी चल सकता है, यह उसकी अपनी मर्जी। वैसे भी कर्बला जबरदस्ती का नाम नहीं, बल्कि सहयोग और त्याग का नाम है। मैं मोहर्रम को कभी इस्लामी नुक्ते नजर से नहीं देखता। मैं इसे उस आंदोलन की तरह देखता हूं, जिसने यजीद को चुनौती दी, जिसने शहादत चुनकर जुल्मी के पांव उखाड़ दिए, जिसने प्यासे रहकर गुरूर के महलों की दीवारें चटखा दीं, जिनकी तारीख में कर्बला जैसे उदाहरण हों, वह किसी भी कीमत में अधर्मी और पापी के सामने नहीं झुक सकते, जो झुक जाते हैं, उनके दिलों से ईमाम हुसैन रुखसत हो जाते हैं। मोहर्रम में कर्बला की जंग और उसके बाद बीबी जैनब का कर्बला से निकलकर, शहीदों की शहादत की दास्तान को घर-घर पहुंचाना। शायद दुनिया का पहला आंदोलन था, जिसे किसी औरत ने लीड किया था। उन्होंने अपनी आंखों देखी जुल्म की सियाह रातों को, तपती दोपहर को और खून से भीगी सुबह की सच्चाई, दुनिया के सामने रखी।



हफीज किदवई
लेखक

बच्चों की प्यास से सूखे गले में चुभे तीर के दर्द को बतलाया तो बुजुर्गों का जोश से लड़ते हुए शहीद होना बतलाया। रसूल के चश्मे चिरागों के सर, नेजो पर चढ़े, जब कर्बला से जीत की जंग में लाए जा रहे थे। तब ही तय हो गया तो, जो आज जीत के घमंड में इतरा रहा है, असल में वह ही हार गया है।

हर धर्म मे ऐसे उदाहरण हैं। हर अधर्म का मुकाबला करो, पाप के विरुद्ध खड़े हो। मोहर्रम से सीखें, यह महीना इंसानियत और उसूल का बहुत बड़ा सिलेबस है। इंसानी जात को बचाए रखने के लिए, क्या कर गुजरना पड़ेगा, सारे चैप्टर इसमें मौजूद हैं। मोहर्रम और कर्बला को हमेशा याद रखिए, यह जिंदगी का सबक है।

# वर्तमान संदर्भ में भारतीय लोक संस्कृति

संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय अस्मिता तथा परंपरा का महत्व कम नहीं है।

लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार अपराधी को दंड तथा पंच-पंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोक संस्कृति सामूहिक जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है। यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन संस्कृति सामान्यजन संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास कल्चर अथवा जन संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्वों का समाहार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है। सांस्कृतिक धारा की एक लहर, एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोक विरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोक संस्कृति विलुप्त हो रही



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है।

हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं। अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डॉ. रामविलास शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। मोटा खाने मोटा पहनने की सादगी की जगह तड़क-भड़क की जिंदगी का आकर्षण बढ़ा।

चिकित्सा में किसी जमाने में सेवा समितियां हुआ करती थीं, धर्मार्थ चिकित्सालय होते थे। आज उसका व्यावसायीकरण हो चुका है। भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है। उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोक विश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

माइकल जैकसन मेडोना का आना और विचित्र व्यंजन में मदिरा, मेकअप, फैशन, वेशभूषा का प्रवेश होना। बहुजन समाज उसकी ओर ललचाए नजरों से देखता है। इससे लक्ष्य भ्रम हो जाता है। व्यावसायीकरण है और संप्रदाय करण है। लोक संस्कृति का लोक शिल्पकार ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है, जैसे मिट्टी के बर्तन दलिया चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों पर संस्थाओं का दबाव है, लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है, आराम की जिंदगी। भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है।

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है। मनुष्य की युगयात्रा आज एक ऐसे पड़ाव पर आ पंहुची है, जहां संसार की विभिन्न संस्कृतियों का संवाद हो रहा है। जहां-जहां संबंधों में गहनता है, वहां-वहां लोक संस्कृति किसी न किसी रूप में आज भी जीवित जागरित है। परंपराएं आज भी जीवित हैं। परिवर्तन भी हो रहे हैं और निरंतरता भी बनी हुई है। दूसरी ओर अपनी जड़ों की ओर लौटो जैसे नारे भी दिए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कौन-कौन हैं वे

जो-जो सुनहरे भविष्य को बेचकर बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं और उनके मां-बाप को लूट रहे हैं। वे कौन-कौन हैं? कोचिंग सेंटर वाले, सौ प्रतिशत रिजल्ट का झांसा देकर एयर कंडीशंड स्कूल चलाने वाले इंजीनियरिंग, एकाउंटेंसी, लॉ जैसे विशेषता के पाठ्यक्रमों के लिए मोटी फीस वसूलने वाले, 'पक्का पास कराने' के लिए पर्चा लीक का गोरखधंधा चलाने वाले, परीक्षा के समय नकल की समुचित व्यवस्था करने वाले, एक बार में सफल न हो पाए प्रतियोगियों से दोबारा फीस वसूलने वाले, इन सबको संरक्षण देकर सामाजिक प्रतिष्ठा पाने में मददगार राजनीतिज्ञ और अफसर, कानून से इन्हें आवश्यक पर्याप्त कठोर दंड न देने वाले, आत्महत्या करके जंजाल से निकल जाने वाले विद्यार्थियों का पैसा वापस न करने वाले, वगैरह-वगैरह।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

इस विराट माफिया तंत्र के मुकाबले साधनहीन, सरकारों पर निर्भर और दयनीय परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को लेकर जो सरकारी स्कूल चलते हैं, फिर भी अच्छा रिजल्ट देते हैं, उनका जयजयकार करने का मन होता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसा रामचरितमानस में राम और रावण का थाः रावण रथी विरथ रघुवीरा।/ देख विभीषण भए अधीरा।।

ज्यादातर खुद सरकार संचालित विद्यालयों-विश्वविद्यालयों में पढ़कर इतने योग्य बने हैं कि वे सरकारी संस्थाओं को मटियामेट करने का अभियान चलाएं। हमारी वैदिक संस्कृति से चली प्राचीन गुरुकुल परंपरा रही हो या बौद्ध काल में विकसित तक्षशिला और नालंदा की विश्वविद्यालय परंपरा, उसमें शिक्षा माफिया की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए जिन बच्चों के सपने टूट रहे हैं, जिनके माता-पिता खेत बेचकर बच्चे को योग्य बनाने का वहम पाले हैं, जो बच्चे असफल होने के डर से या असफल होने के बाद आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे अतीत के आदिम साम्यवाद के आदर्श पर हों या भविष्य के काल्पनिक स्वप्न के अनुरूप वैज्ञानिक समाजवाद के आदर्श पर हो, लेकिन इस समस्या का हल निकलना चाहिए, युवाओं की जिंदगी चंद माफियाओं मुनाफे से ज्यादा कीमती है।

-फेसबुक वॉल से

# गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या

गीता का प्रारंभ प्रश्न से होता है। यह बात अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह है जिज्ञासा। जिज्ञासा से ही विज्ञान पैदा होता है और जिज्ञासा से ही धर्म। अगर जिज्ञासा न हो तो हमारा विकास रुक जाएगा। जैसे पशुओं का विकास रुका हुआ है। पशु जो होकर जनमता हैं, मरने के समय भी वही रहता है, लेकिन मनुष्य क्या से क्या हो जाता है। जिज्ञासा ही उसे पशुओं से अलग करती है। अगर मनुष्य को मनुष्य बनाना है तो उसे जिज्ञासा से भर देना होगा। भर देना शब्द सही नहीं है, क्योंकि मनुष्य जिज्ञासा लेकर ही पैदा होता है।

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं। दुखद स्थिति है कि बच्चों की जिज्ञासा बचपन में ही मार दी जाती है। एक बार मार देने पर फिर से उसे पैदा करना बहुत कठिन होता है। जिज्ञासाएं अनेक तरह की होती हैं, जिसकी जैसी जिज्ञासा होती है, उसकी उपलब्धि भी वैसी ही होती है। धृतराष्ट्र के पास न केवल बाहरी आंखें नहीं हैं, वरन् भीतरी आंख भी नहीं है। वे मोहांध हैं। पुत्र-मोह में पड़कर उनकी न्याय बुद्धि नष्ट हो गई है। कुरुक्षेत्र में दोनों तरफ की सेनाएं लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने पुत्र की विजय कामना से भरे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि बताओ वहां क्या हो रहा है? श्लोक इस प्रकार है-धृतराष्ट्र उवाच धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं।

संजय।। धृतराष्ट्र ने पूछा-हे संजय, धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध के लिए इकट्ठे हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? इस श्लोक के तीन शब्दों को ठीक से समझने की आवश्यकता है। वे हैं-धर्मक्षेत्र, धृतराष्ट्र और संजय। प्रश्न उठता है कि क्या धर्मक्षेत्र में युद्ध हो सकता है? अगर धर्मक्षेत्र में भी युद्ध होगा तो उसका समाधान किस क्षेत्र में होगा? जहां एक-दूसरे के खून के प्यासे दो दल मरने और मारने को आतुर हों, वह धर्मक्षेत्र नहीं हो सकता। कहा जा सकता है कि धर्मयुद्ध उस स्थल पर होने की वजह से कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है। फिर वही प्रश्न! क्या युद्ध भी धर्म के लिए हो सकता है? धर्म है क्या? अगर धर्म आत्मज्ञान है तो क्या यह मरने-मारने से उपलब्ध होता है? बुद्ध ने किस युद्ध में आत्मज्ञान हासिल किया था? धर्म के लिए तो यह युद्ध लड़ा ही नहीं गया है। युद्ध तो स्वार्थों की टकराहट से पैदा होता है। भले किसी का स्वार्थ जायज हो और किसी का नाजायज। न्याय पाने के लिए यह युद्ध लड़ा जा रहा है। संपत्ति की हिस्सेदारी और प्रतिशोध के लिए लड़ा जा रहा है। सांसारिक चीजों के लिए युद्ध हो रहा है।

इसे धर्मयुद्ध कहना फिजूल है। धर्मयुद्ध ही नहीं तो धर्मभूमि कैसे? लेकिन कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा है धृतराष्ट्र ने, जो कि अंधे हैं और अंधों की धर्म की धारणा ही अलग होती है। वे तो मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों और गुरुद्वारों में भगवान खोजते हैं। ऐसी बात भी नहीं, किसी भौतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही प्रायः वे वहां जाते हैं। या देखा-देखी के कारण जाते हैं। अगर शांति की खोज उन्हें होगी तो अंदर प्रवेश करना पड़ेगा। बाहर कहीं शांति है ही नहीं। जनसाधारण काबे और कैलास को धर्मक्षेत्र कहते हैं, क्योंकि कभी वहां स्थित किसी व्यक्ति के भीतर धर्म का अवतरण हुआ था। हो सकता है कि पुराने समय में कोई आध्यात्मिक घटना कुरुक्षेत्र में घटी हो और उसे धर्मक्षेत्र मान लेने की परंपरा रही हो।

धृतराष्ट्र एक साधारण मनुष्य हैं। शायद इसलिए उन्होंने प्रथा के अनुसार कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कह दिया है। मैं भी कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र कहने के लिए राजी हूं, सिर्फ एक कारण से, वह कारण यह है कि वहां भगवान श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। जहां साक्षात् भगवान विद्याज्ञान हों, वह भूमि तो धर्मभूमि हो ही जाएगी। कृष्ण को अगर धृतराष्ट्र पहचानते तो युद्ध की अनुमति वे कभी नहीं देते। इसलिए यह तो स्पष्ट है कि कृष्ण की मौजूदगी के कारण धृतराष्ट्र कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र नहीं कह रहे हैं। संजय को लेकर ऊहापोह है। नास्तिक बिना जाने कहते हैं कि यह कोरी कल्पना है। संजय जैसा आदमी नहीं हो सकता। आस्तिक भी बिना जाने कहते हैं कि यह गलत हो नहीं सकता। संजय सत्य है। ये दोनों प्रकार के लोग ज्ञान के दुश्मन हैं। बिना जाने, बिना खोजे, बिना प्रयोग किए इन दो तरह के लोगों का निष्कर्ष तैयार रहता है, लेकिन ओशो जानकर कहते हैं कि ऐसा हो सकता है। इस तरह की शक्ति थोड़े प्रयास से पाई जा सकती है। यह बहुत बड़ी शक्ति नहीं है। यह आत्मज्ञान नहीं है। यह एक मानसिक शक्ति है।

इस बात को समझाने के लिए वे अनेक तरह के वर्तमान समय में उपलब्ध उदाहरण देते हैं। उनमें से एक उदाहरण मैं यहां देना चाहूंगा। ओशो के जीवित रहते अमेरिका में एक व्यक्ति जीवित थे। उनका नाम था टेड सीरियो, जो हजारों मील की दूरी पर कुछ भी देखने में समर्थ थे। अगर न्यूयॉर्क में बैठे सीरियो को कहा जाता कि बताइए अहमदाबाद के खास मैदान में इस समय क्या हो रहा है तो वे पांच मिनट के लिए आंख बंद करेंगे और सब कुछ बता देंगे। उनकी आंखों में वहां के लोगों की तस्वीर आ जाती थी, जिसे कैमरे से अनेक बार खींचा गया था। उनका हर तरह से परीक्षण कर इस घटना को सही पाया गया था। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि संजय कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। इस तरह की शक्ति वाला व्यक्ति उस समय अवश्य रहा होगा।

# छद्मविज्ञान ही नहीं छद्मअध्यात्म का भी बोलबाला

पढ़े-लिखे भी झांसे में आ रहे हैं। सावधान रहने की जरूरत है। कोई भी बाबा और संन्यासिन आपके दुख-दर्द को दूर नहीं कर सकते। पुरुषार्थ करिए। पुरुषार्थ सब कष्टों के निवारण का मूलमंत्र है। अपने बुद्धि पर पड़े पर्दे को हटाए। कर्म में लगिए। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। अध्ययन के प्रति लगाव है तो प्रमाणित भारतीय शास्त्रों को पढ़ने में अभिरुचि जगाएं। वे सभी बुढ़ापे के साहित्य नहीं हैं। अभी से नहीं पढ़ना शुरू करेंगे तो बाद में पल्ले नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अध्यात्म दर्शनशास्त्र की अपनी विशिष्ट शब्दावली और अर्थ है। जैसे बिना प्रारंभिक गणित में गति के आप इसके उच्चतर स्वरूप को समझ नहीं पाएंगे। आप श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस से अपनी अध्यात्म यात्रा शुरु कर सकते हैं। आप जब श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ेंगे तो यह बात और भी स्पष्ट होती जाएगी। वहां निरर्थक कर्मकांडों का निषेध है। 'पुष्पिताम वादिनम' वाले लोभी भविष्यदर्शियों से सावधान किया गया है। आपकी अपनी निजी आत्मिक उन्नति आप स्वयं के चिंतन से पा सकते हैं और रामचरित मानस में तो धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने को बहुत दुत्कारा है। किंतु यह कितना दुखद है कि एक विशाल आध्यात्मिक वाङ्मय से समृद्ध भारत की एक बड़ी जनसंख्या मूढ़ बनकर पाखंडी, ढकोसलेबाज बाबाओं के पीछे भाग रही है। उनकी चरण रज लेने के लिए आत्मोसर्ग कर रही है और कैसे पापी हैं वे बाबा लोग जो निज रज स्पर्श का आह्वान करते हैं। उनकी चरण रज? माई फुट। वे तुलसीदास के गुरु सदृश भला हैं, जिनके लिए रामचरित मानस की प्रस्तावना में ही संत कवि कहते हैं - बंदऊ गुरु पद पदुम परागा सुरुचि सुवास सरस अनुरागा। एक तुलसी के आराध्य, प्रातः वंदनीय गुरु और आज के स्वयंभू ये अक्ल से पैदल और सूटबूट के बाबा जो अपना चरण रज बांट रहे हैं। ओह यह विद्रूप। चेतो भारत चेतो! उठो कर्म प्रधान बनों। स्वयं के सिवा कोई और मददगार नहीं है आपका। सारे बाबा आपको ठग रहे और खुद ऐयाशी कर रहे हैं। उनके किए कुछ नहीं होता। अपने दिमाग से पर्दे हटाएं। मूर्खतामूलक आस्था में बंद पड़े चक्षुओं को खोलकर देखिए, ज्ञानचक्षु तभी खुलेंगे। अन्यथा हाथरस हादसे होते रहेंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

## एक नजर

### जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए धरना 11 को

**संभल, अमृत विचार :** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र स्वामी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देशभर के जिला मुख्यालय पर धरना एवं ज्ञापन का कार्यक्रम 11 जुलाई को 10 बजे से 3 बजे के बीच दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रहित में इस कानून की मांग को लेकर होने वाले धरना एवं ज्ञापन के कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक प्रशासनिक सहयोग करने की मांग की है।

### गाली गलौज के विरोध पर मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी सौदान ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सुबह गांव का ही व्यक्ति आकर बेवजह गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर व्यक्ति ने लाठी डंडे से मारपीट करते हुए सौदान को घायल कर दिया जिसके बाद सौदान थाने आ गया।

### दहेज लाने से मना करने पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी शहनवाज की पत्नी हिना खातून ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। हिना खातून की शादी दो वर्ष पहले मुहल्ला निवासी शहनवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करते हुए हिना खातून को प्रताड़ित करने लगे। चार माह पहले मायके से दहेज में बाइक, जेवर व 50 हजार रुपये लाने से मना करने पर ससुराल वालों ने गाली गलौज व मारपीट करते हुए हिना खातून को घर से निकाल दिया था। तभी से हिना खातून अपने मायके में रह रही है।

### पति ने पीटा तो महिला ने पुलिस को दी तहरीर

**धनारी अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी किरनवती पत्नी शिशुपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मंगलवार दोपहर 11 बजे देवर की बारात की निकासी हो रही थी। वह निकासी के लिए लेट हो गई तो पति ने डंडे से पिटाई कर दी। जिससे किरनवती घायल हो गई। आरोप लगाया कि पति दहेज की मांग करता है। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# कैंटर की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

## बाइक से शादी समारोह में जा रहे थे दोनों, मेरठ-बदायूं राजमार्ग पर हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** मेरठ- बदायूं राजमार्ग पर सोमवार को देर रात शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार दो दोस्तों की हादसे में मौत हो गई। गलत साइड से अचानक सामने से आए कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने उपचार के लिए अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया, लेकिन चालक फरार हो गया।

बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव करियावैन निवासी बबलू (22 वर्ष) पुत्र छोटे सिंह, दोस्त पप्पू (30 वर्ष) पुत्र सोरन के साथ बाइक पर सवार होकर बहन के देवर की शादी में शामिल होने रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव रजावली जा रहे थे। सोमवार रात करीब आठ


बबलू और पप्पू की फाइल फोटो।

बजे गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मेरठ बदायूं राजमार्ग पर गांव जगन्नाथपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को रौंद डाला। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल बबलू और पप्पू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टर ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया जबकि बबलू ने अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। बताते चलें कि बबलू और पप्पू बचपन से पक्के दोस्त थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद चालक भाग गया जबकि कैंटर को कब्जे में ले लिया है।

### दोनों दोस्तों की मौत से छाया मातम

**गुन्नौर,अमृत विचार :** पप्पू और बबलू की मौत से दोनों परिवारों में मातम है। दोनों के शवों का मंगलवार शाम को गांव के समीप स्थित नदी पर एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों जिगरी दोस्त थे। पप्पू दिल्ली में चाट की ठेली लगाता था जबकि बबलू गांव में ही खेतीबाड़ी में घर वालों का हाथ बटाता था। पप्पू गांव लौटकर जितने दिन गांव रहता, बबलू साये की तरह साथ रहता था। गांव में दोनों की दोस्ती मिसाल थी। जिंदगी भर दोस्ती निभाने का वादा करने वाले दोनों दोस्तों को मौत भी एक साथ ही नसीब हुई। पप्पू की दो शादियां हुई लेकिन दोनों पत्नी असमय काल कवलित हो गयीं। जबकि बबलू की शादी 2020 में सहसवान के गांव जल्लूपुर निवासी विमलेश के साथ हुई। उसके दो बेटे हैं।

### जेनरेटर के नीचे दबे बच्चे की उपचार के दौरान मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** जेनरेटर के नीचे दब कर बुरी तरह जख्मी बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को कस्बे में मोहल्ला मुंडा निवासी रतन सिंह का बारह वर्षीय पुत्र शिवकुमार अपने घर के पड़ोस में मेरठ- बदायूं स्टेट हाईवे पर एक निर्माणाधीन मकान के पास खेल रहा था। बच्चों के खेल के दौरान ऊंचाई पर रखा जेनरेटर खिसक कर साइड की खाली जगह में पलट गया। जिसके नीचे शिवकुमार दब गया। बताया जाता है कि शिवकुमार भारी भरकम जनरेटर के नीचे करीब आधा घंटे तक दबा पड़ा रहा। जेनरेटर के नीचे दबे बच्चे पर किसी राहगीर की नजर पड़ी तब उसे जनरेटर के नीचे से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डाक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान सोमवार रात करीब 11 बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया।

## करंट से पांच वर्षीय बालिका की जान गई

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बिजली का करंट लगने से पांच वर्षीय बालिका की मौत हो गई। मुहल्ला टंकी निवासी आस मोहम्मद की पांच वर्षीय पुत्री सुहाना मंगलवार शाम को घर की छत पर गई थी। तभी बिजली के तार से उसे करंट लग गया।

परिजन झुलसी सुहाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सुहाना की परिजन बशीरन का आरोप है कि सीएचसी पर कोई डॉक्टर नहीं था। डॉक्टर के आवास पर आवाज लगाने के बावजूद डाक्टर नहीं आए। फार्मासिस्ट ने हायर सेंटर रेफर की स्लिप दी, तब तक सुहाना की मौत हो गई।

पिता आस मोहम्मद का कहना है कि यदि डाक्टर आ जाते तो बेटी की जान बच सकती थी। वहीं, सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि बच्ची अस्पताल लाई गई थी उसे देखा गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला अनूपशहर मार्ग पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार फरुखाबाद जिले निवासी एक युवक की मौत हो गई। जबकि युवक का साथी गंभीर घायल हो गया। मौत की सूचना मिलने पर युवक के परिजनों में कोहराम मच गया।

फर्रुखाबाद जिले के थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव नरसिंगपुर निवासी प्रभुदत्त द्विवेदी उर्फ सोनू 25 वर्ष मंगलवार को गांव के ही निखिल 18 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने दिल्ली जा रहा था। रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव चाऊपुर डांडा के पास सामने से पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रभुदत्त द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निखिल गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जबकि मौका मिलते ही चालक पिकअप लेकर भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निखिल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। परिजनों को प्रभुदत्त द्विवेदी की मौत की सूचना मिली तो कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए। वहीं हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर निखिल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### सड़क किनारे ईंटों से टकराई बाइक, तीन घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव गांव चबूतरा निवासी चचेरे तहेरे भाई दुर्वेश कुमार, संजू और सोनू मंगलवार को बाइक पर सवार होकर जुनावई से कपड़े खरीदकर घर वापस आ रहे थे। मेरठ बदायूं मार्ग पर गांव धनीपुर के पास अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे रखी ईंटों से टकरा गई। जिससे दुर्वेश कुमार, संजू व सोनू गंभीर घायल हो गए।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला में अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण करने का प्रशिक्षण दिया गया। डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक वीरेश सिंह कटियार ने जिला स्तरीय अधिकारियों, नोडल लिपिक व कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि शिकायत का किस प्रकार निस्तारण करना है, कैसे ऑनलाइन संदर्भ की अच्छी तरह से आख्या भरी जाए। भूमि से संबंधित विवादित प्रकरण, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, तहसील के संबंधित प्रकरणों की अपलोड की गई आख्या के विषय में बारीकी से बताया। डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने प्रशिक्षण पा रहे


बहजोई में प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

- **प्रशिक्षक ने जिला स्तरीय अधिकारियों व लिपिकों को बताई आईजीआरएस की बारीकी**
- **डीएम ने शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करने के लिए निर्देश**

अधिकारियों से कहा कि कार्यशाला में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। ताकि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे न रहें। शिकायत की पत्रावली को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसका निस्तारण किया जाये। कार्यालय में अपनी समस्या लेकर आए जनमानस के साथ अच्छा व्यवहार रखें।

इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, सीएमओ डा. तरन्नुम रजा, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बाढ़ आशंकित क्षेत्र का दौरा, कहा-अभी स्थिति ठीक

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- **बाढ़ चौकियां भी स्थापित कर दी गई हैं, उन पर कर्मचारियों की तैनाती हो चुकी है**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने जुनावई क्षेत्र में बाढ़ आशंकित गंगाघाट साधु मणि आश्रम का निरीक्षण किया। सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों के बचाव के लिए तैयारी पूरी होने की बात कही। हालांकि अभी बाढ़ के हालात नहीं हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के चलते मैदानी क्षेत्र में नदियों का जलस्तर बढ़ चुका है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र से गुजर रही गंगा में भी जलस्तर बढ़ा है लेकिन अभी पानी खतरे के निशान से नीचे है। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने तहसील क्षेत्र के बाढ़ आशंकित क्षेत्र गंगाघाट साधु मणि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बचाव को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। कहा कि एसडीएम रमेश बाबू हालात पर नजर बनाए हुए हैं पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग की टीमों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ चौकियां भी स्थापित कर दी गई हैं। उन पर कर्मचारियों की तैनाती हो चुकी है। बाढ़ की वजह से ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान एसडीएम एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम रमेश बाबू आदि रहे। वहीं चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज के गेज प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि निचले स्तर पर 92181 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जबकि ऊपरी सतह पर 104113 क्यूसेक पानी बह रहा है। अभी गंगा में पानी खतरे के निशान से नीचे है।

## सार-संक्षेप



जागरुकता रैली निकालते मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ता।

### बच्चों को शिक्षित करने के लिए घर-घर दी दस्तक

**संभल, अमृत विचार :** मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने मुहल्लों में जाकर साक्षरता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मुहम्मद नाजिम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुहल्ला देहली दरवाजा और फतेह उल्ला सराय में घर-घर जाकर स्कूल चलो का नारा लगाया। लोगों से अपील की कि वह अपने बच्चों को स्कूल भेजकर शिक्षित करने का काम करें डॉ.मुहम्मद नाजिम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा अभियान सराहनीय कदम है। हरेक बच्चा शिक्षित होगा तो देश की उन्नति होगी। कहा कि आधी रोटी खाएं और खर्चों में कमी करके बच्चों को जरूर पढ़ाएं। बच्चे मां-बाप का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान नवाब साद आदिल, यासीन अंसारी, मोहसिन अली, शरीफ अब्बासी, भूरा अल्वी, उमर, इब्राहीम अंसारी, महावीर सिंह यादव, कैलाश सिंह, शफीक अंसारी, मुस्तफा आदि रहे।

### बहजोई में सदर तहसील निर्माण की उठाई मांग

**बहजोई,अमृत विचार :** जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेश गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया से शिष्टाचार मुलाकात करके उनका स्वागत किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बहजोई में जिला मुख्यालय संचालित किया जा रहा है। जबकि स्थाई मुख्यालय के लिए भी जमीन की खरीद हो गई है। पूरे जिले के लोगों को सुलभ सस्ता न्याय मिले इसके लिए जिला मुख्यालय की स्थापना की गई है। जिले के जगह-जगह सरकारी दफ्तर होने के कारण आम आदमी को अपनी समस्या का निस्तारण करने के लिए भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सदर तहसील जल्द बहजोई में निर्माण कराया जाये। उपसंचालक चकबन्दी न्यायालय, बंदोबस्त चकबंदी न्यायालय को मुख्यालय बहजोई से सुचारू रूप से संचालन करने करने की मांग उठाई। इस दौरान अध्यक्ष हितेश गुप्ता, सचिव अखिलेश, निवर्तमान अध्यक्ष नीरज यादव, अमर सिंह, ओमवीर सिंह, संजीव, निर्मला दिवाकर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।


सड़क के गड्ढे भरते लोक निर्माण विभाग के श्रमिक। ● अमृत विचार

### पीडब्ल्यूडी ने शुरू कराया सड़क के गड्ढे भरने का काम

**संभल,अमृत विचार :** कई दिनों तक हुई बारिश के चलते संभल-बहजोई मार्ग की हालत खस्ता हो गई। चंदौसी चौराहा से लेकर चौधरी सराय चौराहा तक कई स्थानों पर सड़क में गड्ढे बन गए। कई गड्ढे गहरे होने के साथ-साथ चौड़े भी हो गए हैं। मार्ग से वाहनों के निकलने के दौरान इनसे हादसे का अंदेशा बना हुआ है। भारी वाहनों के गड्ढों की वजह से पलटने का डर है। इस बीच मंगलवार को पीडब्ल्यूडी विभाग ने गड्ढों को भरने का काम शुरू कराया। मजदूरों ने चंदौसी चौराहा से गड्ढे भरने शुरू किए। बताया गया कि बहजोई मार्ग पर चौधरी सराय तक और उससे आगे गवां मार्ग पर भी गड्ढों को भरने का काम होगा।



पौधे लगाते कालेज प्रबंध समिति से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

### अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन का करें काम

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंध समिति के पदाधिकारी व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।। प्रबंधक अजय कुमार आयरन, उप सचिव अजय कुमार तंबाकू व प्राचार्य डा. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय के बगीचे में पौधे लगाकर छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने का आह्वान किया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से कहा कि भीषण गर्मी से बचना है और पर्यावरण को बचाना है तो इसके लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसका पालन पोषण जब तक किया जाए जब तक वह वृक्ष न बन जाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण पर करना जरूरी है। इस दौरान प्रधानाध्यापक अतुल कुमार, गौरव कुमार, श्रीनिवास सिंह यादव, डॉ. बलबीर, मनोज कुमार यादव, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, रामतीर्थ, निधि राघव, नेमपाल सिंह यादव, भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## ढाई साल की बेटी पति के पास छोड़ महिला लापता

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में ढाई वर्षीय पुत्री को पति के पास छोड़कर महिला मौका मिलते ही घर से फरार हो गई। आसपास व रिश्तेदारी में भी पता नहीं चला तो युवक ने पुलिस में महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी चार वर्ष पहले ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र निवासी युवती के साथ हुई थी। दंपति के ढ़ाई वर्ष की पुत्री है।

गुरुवार को युवक घर पर नहीं था। महिला पुत्री को घर छोड़कर कहीं चली गई। युवक ने सोचा कि पत्नी आसपास में किसी काम से गई होगी, लेकिन काफी देर तक वह वापस नहीं आई। जिसके बाद युवक ने उसकी तलाश की। कई दिन तक युवक पत्नी को आसपास व रिश्तेदारी में ढूंढता रहा, लेकिन महिला का कहीं पता नहीं चला। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# पहले बनेंगे डिवाइडर फिर शुरू होगा ट्रैफिक लाइट सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **32 लाख रुपये के प्रोजेक्ट को लेकर दो चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें**
- **बिना डिवाइडरों के नियम सुचारू रूप से नहीं हो सकता लागू**

**अमृत विचार :** शहर में यातायात सुचारू करने के लिए दो चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लग चुकी हैं लेकिन अभी यह नियम लागू नहीं किया जा सकता क्योंकि दोनों चौराहों पर डिवाइडर नहीं है। यातायात पुलिस की ओर से चौराहों के चौड़ीकरण के साथ-साथ डिवाइडर निर्माण को पत्राचार किया जा रहा है। जिसके बाद ही ट्रैफिक लाइट सिस्टम को लागू किया जा सकता है।

शहर में जाम से निजात पाने और यातायात को सुचारू करने के लिए ट्रैफिक लाइट सिस्टम की कवायद शुरू हुई थी। 32 लाख रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत नगर पालिका परिषद ने पहले चंदौसी चौराहा और चौधरी सराय चौराहा पर गड्ढे खुदवाकर पोल लगवाए जबकि बाद में ट्रैफिक लाइट भी लगवा दी गईं। अब ट्रैफिक लाइट सिस्टम लागू करने में डिवाइडर की बाधा आड़े आ रही है। टीएसआई अनुज कुमार मलिक ने बताया कि दोनों चौराहों का न तो चौड़ीकरण हुआ है और न ही डिवाइडर बना है। इसके बिना ट्रैफिक लाइट सिस्टम लागू होने पर जब वाहनों को जाने का इशारा होगा तो सामने की तरफ तमाम वाहन पहले से खड़े रहेंगे।

ऐसे में यातायात सुचारू कैसे संभव हो जाएगा। इसलिए दोनों चौराहों के चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर का निर्माण होना चाहिए। ट्रैफिक लाइट सिस्टम के सुचारू रूप से संचालन के लिए यह कार्य होना जरूरी है। इसके लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया जा रहा है।

# मोहर्रम पर कोई नई परंपरा कायम न हो

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** मोहर्रम को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए कोतवाली में कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार ने ताजियादारों और डीजे संचालकों के साथ बैठक की। मोहर्रम के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव, सामाजिक सौहार्द्र और कानून-व्यवस्था को लेकर ताजियादारों को निर्देश दिए गए। कोतवाल ने कहा कि मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस और ताजिया को लेकर नई परंपरा न डाली जाए। तेज आवाज वाले डीजे के स्थान पर मानक के अनुसार आवाज में लाउडस्पीकर का प्रयोग करें। साथ ही, अपील भी की कि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखें और कोई भी अवांछित सूचना पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। माहौल बिगाड़ने वालों, गलत अफवाह फैलाने वालों और अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


गुन्नौर कोतवाली में बैठक करते कोतवाली प्रभारी विनीत कुमार। ● अमृत विचार

### विधायक ने ताजियों के मामले से डीजीपी को कराया अवगत

**संभल,अमृत विचार :** मोहर्रम पर 10 फिट ऊंचाई से ज्यादा के ताजिये न निकालने की प्रशासन की हिदायत के बीच संभल विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक इकबाल महमूद ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार को पत्र भेजकर बीते सालों की तरह ताजिये निकालने की मांग उठाई है। सपा विधायक ने कहा कि हर साल अमन के माहौल में मोहर्रम मनाया जाता है लेकिन इस साल प्रशासन की वजह से समस्या आ रही है। कहा कि थानों में जितनी ऊंचाई दर्ज है उतनी ही ऊंचाई के ताजिये हर साल निकाले जाते रहे हैं। इस ताजियों के रास्ते में आने वाली बिजली लाइन के तारों को भी काटा जाता रहा है। इस साल प्रशासन केवल दस फिट ऊंचाई के ताजिये निकालने की बात कह रहा है। विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि जनपद संभल के प्रशासन को सरकार हिदायत दे कि पिछले सालों की तरह ही ताजिये निकलने दें।


इकबाल महमूद।

## हरि बाबा बांध धाम पर 15 से शुरू होगा गुरु महोत्सव, जुटेंगे श्रद्धालु

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** ख्यातिलब्ध संत हरि बाबा की कर्मस्थली हरि बांध धाम पर गुरू पूर्णिमा के मौके पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। इसके लिए प्रबंध समिति द्वारा सात दिवसीय गुरू पूजा महोत्सव की तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। 15 से 21 जुलाई तक वृहद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार है। 21 जुलाई को मुख्य पर्व के साथ महोत्सव का समापन होगा। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की उम्मीद है।

श्री हरि धाम बांध ट्रस्ट समिति के हरे कृष्ण ब्रह्मचारी ने बताया कि हरि धाम बांध पर 15 जुलाई से सात दिवसीय गुरू पूजा महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान ब्रज की सुप्रसिद्ध श्री गोरांग रामकृष्ण लीला मंडल द्वारा नियमित रूप से रासलीला का मंचन और कोलकाता


हरिबाबा धाम मंदिर। ● अमृत विचार

के प्रख्यात कथा वाचक शिवम विष्णु पाठक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान नियमित भजन संकीर्तन, प्रातःकालीन मंगला आरती, रामायण पाठ, सायंकालीन आरती और भक्त चरित्र लीला आदि धार्मिक अनुष्ठान होंगे। आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को विशेष कार्यक्रम में देश विदेश के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के हरि धाम बांध पहुंचने की उम्मीद है।

# डीआईजी ने पैदल मार्च कर देखा सुरक्षा इंतजाम, सतर्कता रखने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। मंगलवार को शाम डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। डीआईजी ने अधिकारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए।

डीआईजी मंगलवार की शाम संभल में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। यहां से अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पैदल मार्च शुरू किया।

उस रास्तों का भ्रमण किया जहां से होकर ताजिये गुजरते हैं। डीआईजी शंकर कालेज चौराहा से अस्पताल चौराहा पहुंचे और फिर बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी


पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

तिराहा, आर्य समाज रोड, मैंथा मंडी होते हुए खग्गू सराय तक पैदल मार्च किया। डीआईजी ने मोहर्रम को लेकर सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी ली। अधीनस्थ अधिकारियों को निगरानी एवं सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। कहा कि किसी भी हालत में कोई नई परम्परा कायम न होने पाये। असमाजिक तत्वों पर पैनी निगाह बनाकर रखी जाये। कोई माहौल खराब करने की मंशा रखता हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इस दौरान एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, सीओ असमोली आलोक सिद्धू, कोतवाल पवन कुमार आदि रहे।

## मृतक मजदूर के परिजनों को सौंपा एक लाख का चेक

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली निवासी मजदूर राजकुमार की कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी के पास गंगा एक्सप्रेस वे पर दस दिन पहले करंट लगने से मौत हो गई थी। वादा करने के बाद सीडीएस कंपनी की ओर से राजकुमार के परिजनों को आर्थिक मदद नहीं दी थी। शुक्रवार को आर्थिक मदद की मांग को लेकर राजकुमार के परिजनों ने कंपनी कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद एसडीएम से चार दिन में आर्थिक मदद दिलाने के आश्वासन पर परिजनों ने धरना समाप्त किया था। मंगलवार की शाम तक आर्थिक मदद नहीं मिली तो राजकुमार के परिजन कंपनी के कार्यालय पहुंच गए और धरना प्रदर्शन की तैयारी करने लगे। कंपनी के अधिकारियों को जैसे ही इस बात की जानकारी हुई। उन्होंने मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार की मौजूदगी में परिजनों को एक लाख रुपये का चेक सौंप दिया और ढ़ाई लाख रुपये बुधवार को देने का वादा किया।

## एक नजर

### जाति सूचक शब्दों का विरोध करने पर युवक को पीटा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जाति सूचक शब्दों का विरोध करने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच घटना की तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी निवासी प्रिंस पुत्र राकेश ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि युवक अपने दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में रविवार की रात 11 बजे पहुंचा। जहां मौजूद दो युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। जब युवक ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। आसपास के लोगों ने पहुंच युवक को बचाया। युवक की ओर से घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

### विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नरौली ने विद्यार्थी परिषद का 76वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक निशांत शर्मा ने कहा कि अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर विभिन्न सामाजिक सेवा आदि का कार्य कर रही है। हमारा संगठन 76 वर्षों से छात्र हित व सामाजिक सेवा में लगी हुई है। इस अवसर पर डॉ. रुपेश कुमार मिश्रा, मोइन आदि मौजूद रहे।

### ससुराल वालों से विवाद के बाद महिला ने पीया तेजाब

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में ससुराल वालों से किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद महिला ने तेजाब पी लिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी सोनम ने तीन वर्ष पहले पड़ोस के ही गांव रिठाली निवासी कुलदीप से प्रेम विवाह किया था। दंपति के दो बच्चे हैं। आरोप है कि सास, ससुर व ननद आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर सोनम के साथ विवाद करते थे। कई माह से सोनम अपने मायके में रह रही थी और एक सप्ताह पहले ही ससुराल गई थी। मंगलवार की शाम भी किसी बात को लेकर सोनम का सास, ससुर व ननद से विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि उसने घर में रखा तेजाब पी लिया। परिजनों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बहजोई रोड पर चली प्रशासन की जेसीबी

## कुछ दुकानदारों ने खुद अपना अतिक्रमण हटाया, कई का पालिका कर्मियों ने ध्वस्त किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


एसडीएम से हाथ जोड़कर स्वयं अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाता दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रशासन के आदेश पर मंगलवार की शाम बहजोई रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया गया। मगर कुछ स्थानों पर दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमण हटा लिया। इसके बाद बदायूं चुंगी पर दुकानदारों से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान यातायात व कोतवाली पुलिस के साथ नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

शासन के आदेश पर प्रशासन द्वारा बहजोई रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मंगलवार की शाम एसडीएम नीतू रानी की देखरेख में नगर पालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी से बहजोई रोड पर अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त किया। मलबा नगर पालिका के

● **प्रशासन ने भी दुकानदारों से खुद अतिक्रमण हटाने का किया आग्रह**

कर्मचारी टैक्टर ट्राली में भरकर अपने साथ ले गए। कुछ स्थानों पर दुकानदारों की पुलिस से हल्की नोकझोंक भी हुई। अभियान चलता देख दुकानदारों ने स्वयं ही अपने प्रतिष्ठानों के आगे से अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया। इसके बाद बदायूं चुंगी क्षेत्र में एनाउंसमेंट कराया गया कि दुकानदारों ने स्वयं ही अपने प्रतिष्ठान के सामने से अतिक्रमण हटा लें वरना नगर पालिका की जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया जाएगा। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। अगर ऐसा किया जाता है प्रशासन की ओर से उसे ध्वस्त करा दिया जाएगा।



नाले के ऊपर बना पटरा तोड़ती जेसीबी।

### नार्मल डिलीवरी बता कर किया आपरेशन महिला की हालत बिगड़ी

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में झोलाछाप महिला डॉक्टर ने नार्मल डिलीवरी की बात कहकर गर्भवती का आपरेशन कर दिया। जब प्रसूता की हालत बिगड़ी तो अमरोहा के लिए रेफर कर दिया। गुस्साये परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल पर हंगामा किया।

गांव मंसूरपुर में झोलाछाप महिला का अस्पताल है। गांव तलवार निवासी महरूम जहां पत्नी मोहम्मद इकबाल को चार जुलाई को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन अस्पताल ले गए। आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने नार्मल डिलीवरी की बात कहर गर्भवती को भर्ती कर लिया लेकिन बाद में ऑपरेशन कर दिया। जिससे बच्ची का जन्म हुआ। प्रसूता को ज्यादा ब्लीडिंग होने पर हालत बिगड़ने लगी। झोलाछाप ने प्रसूता को अमरोहा के एक निजी अस्पताल को रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। नाराज परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के अस्पताल पर पहुंचकर हंगामा किया।

## सार-संक्षेप


विजेता बच्चों के साथ संचालिका संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाल ही में मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी कान्वेंट स्कूल में प्रथम डिस्ट्रिक ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल के जसजोत, मोहम्मद फरीद, मनन, तनिष्क, मोहम्मद जोहेर आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। मंगलवार को विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। बताया कि बच्चों को वर्तमान समय में आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो की जानकारी बहुत जरूरी है। ताइक्वांडो आत्मरक्षा की एक कोरियाई कला है, जिसके लिए उच्च स्तर की फिटनेस व समन्वय की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर कोच अंकुश राणा, दिव्या, नेहा, प्रिया, काजल, सरिता, शालू, निशा, राशि, सोनल, इशिता, मनप्रीत, रुपाली, संतोष, दीक्षा आदि मौजूद रहे।

### काली पट्टी बांधकर किया ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध


स्कूल में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते शिक्षक।

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बेसिक शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का शासनादेश निरस्त होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर जिले भर के शिक्षकों का आंदोलन जारी है। दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया। जिला महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी शिक्षक एकजुट हैं और सभी ने एकजुटता का परिचय देते हुए ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दी है। जिले में ऑनलाइन उपस्थिति की संख्या शून्य हो गई है। इस अमानवीय एवम् अव्यवहारिक आदेश को यदि निरस्त नहीं किया जाता है तो इसका पुरजोर विरोध और तेज किया जायेगा। जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की ने कहा कि आज पूरे जिले में विरोध प्रदर्शन सफल रहा। जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर राजू गुप्ता ने कहा कि आज पूरे जिले में किसी ने ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति नहीं दी है।

### शिक्षकों के समान काम तो समान वेतनमान भी मिले

**संभल, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संगठन के जिला प्रवक्ता रविन्द्र कुमार खारी ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों की ऑनलाइन फेस हाजिरी के आदेश से हलचल मची है और विरोध हो रहा है। शासन को शिक्षामित्रों, अनुदेशकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर के समान कार्य समान वेतनमान भी जारी करना चाहिए क्योंकि वह पूरे तन्मयता से बच्चों को पढ़ा रहे हैं। कहा कि शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षक सब एक साथ हैं। ऑनलाइन हाजिरी का पूरे जनपद में विरोध हो रहा है। शिक्षकों को समय से मानदेय भुगतान नहीं होता है। सात साल से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ऐसे में कैसे सरकार अपेक्षा करती है कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों से शिक्षक के बराबर काम लिया जाए। शिक्षकों के बराबर काम करने के बाद समान कार्य समान वेतनमान मिलना चाहिए।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों के हमले में शहीद पांच सुरक्षाकर्मियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में भगत सिंह पार्क में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद जवानों के परिवार वालों को दुख की घड़ी में ईश्वर शक्ति प्रदान करें यह कामना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, आरिफ खान तनवीर, हम्माद, मोबीन, सौरभ चौधरी, अकील अहमद, मुअजजम हुसैन, कासिम खान, दीपक शर्मा, दीपांशु शर्मा, इफ्तिखार कुरैशी, अंजार मंसूरी, डॉक्टर मरगूब, सरफराज सैफी, यासीन अली, पप्पू चौधरी, असलम कुरैशी आदि रहे।

### कार्यशाला में महिलाओं को एकत्रित करने की जानकारी दी

**बहजोई, अमृत विचार :** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बैंक शाखा प्रबंधकों व बैंक सखियों की सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को कार्य करने की जानकारी दी गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वयं सहायता समूह कैसे कार्य करते हैं फंड की व्यवस्था कैसे होती है। उसके विषय में विस्तार से बताया। साथ ही एसएचजी के नियम पंचसूत्र एसएचजी को बैंक से कैसे लिंक किया जाता है। उसके संबंध में भी बताया गया। इंश्योरेंस, मुद्रा लोन, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल ट्रांजेक्शन, बैंक में ऋण के लिए लिए ऑनलाइन आवेदन भरने तथा सीबीआरएम कमेटी के टिप्स दिए। सभी बैंकर्स को बताया गया कि जुलाई माह में जनपद के समस्त बैंकों की शाखों में सीबीआरएम की बैठक कर ली जाए। डीएम ने सभी को अच्छे से प्रशिक्षण लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, एनआरपी गगन बिहारी भुईंया, सुधाकर सत्यपथी आदि मौजूद रहे।

### माता रानी से घर परिवार की खुशहाली की कामना की

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मां बगिया वाली देवी पर श्रद्धालुओं पर जात लगाई गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने घर परिवार की खुशहाली के लिए माता रानी से प्रार्थना की। मंगलवार को गांव के बगिया वाली देवी मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने छोटे-छोटे बच्चों व घर परिवार की खुशहाली के लिए माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने माता रानी की प्रतिमा के समक्ष अनाज, पूड़ी, पुआ आदि भेंट कर जात लगाई। मंदिर पुजारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में मंगलवार व पूर्णिमा को माता रानी जात लगाई जाती है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। व्यवस्था में रजत शर्मा, सुभाष शर्मा, लवलेश शर्मा, उपासना शर्मा, ऋ चा शर्मा, प्रिया शर्मा, दीपेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

### माल गोदाम की रोड जर्जर, राहगीरों को हो रही परेशानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका की ओर से मालगोदाम रोड पर दो वर्ष पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। अब सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होनी शुरू हो गई है। जिससे आवागमन में दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश में जलभराव होने पर सड़क पर बने गड्ढे नजर नहीं आते। दो वर्ष पहले जर्जर हो चुकी मालगोदाम रोड की सड़क का निर्माण नगर पालिका की ओर से कराया गया था। कुछ दिन तक सड़क ठीक रही थी। उसके बाद धीरे-धीरे सड़क क्षतिग्रस्त होनी आरंभ हो गई। अब आलम यह है कि सड़क में जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात व अंधेरा होने पर सड़क पर बने गड्ढे नजर नहीं आते हैं और वाहन का पहिया गड्ढे में जाने से हादसा हो जाता है। जिससे वाहन सवार लोग चुटैल हो जाते हैं। वहीं बारिश होने पर सड़क पर जलभराव हो जाता है। । लोगों ने नगर पालिका से जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### शगुन के विवाद में अटकी दुल्हन की विदाई

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के शगुन को लेकर विवाद हो जाने के बाद दुल्हन की विदाई अटक गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। बाद में समझौता हुआ तो दुल्हन को विदा किया गया। सोमवार रात को भारतल मदापुर गांव में फूलसिंघा से बारात गई थी। मंगलवार सुबह को दुल्हन की विदाई के समय दुल्हन के भाई गाड़ी के आगे खड़े होकर शगुन मांगने लगे। इसी दौरान चालक ने गाड़ी को आगे बढ़ाई तो दुल्हन के भाई को चोट लग गई। इसी बात पर विवाद खड़ा हुआ तो विदाई अटक गई और पुलिस कई लोगों को थाने ले गई। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो जाने के बाद दुल्हन की विदाई हो गई है।

## युवक की कनपटी पर तमंचा लगा कर जान से मारने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● **पीड़ित युवक की मां ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में दी तहरीर**

**अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव भुलावई के पास एक युवक को 10 से अधिक युवकों ने जमकर पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से उसकी कनपटी पर तमंचा भी लगा दिया।

उधर से गुजर रही पुलिस को देख युवक फरार हो गए। पुलिस पीड़ित सहित चार युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पूछताछ के बाद पुलिस ने पीड़ित को छोड़ दिया। पीड़ित युवक की मां की ओर से आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

घटलेश्वर गेट निवासी भावना ठाकुर पत्नी सतेंद्र पाल सिंह ने बनियाठेर थाने में दी तहरीर में कहा है कि छह जुलाई की शाम साढ़े सात बजे आवाज विकास स्थित एक कोचिंग सेंटर के बाहर उनका 19 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह खड़ा था। तभी बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और युवराज को बाइक पर बैठा लिया।

इन युवकों से युवराज का पूर्व में विवाद हो चुका है। बाइक सवार युवक बनियाठेर थाना क्षेत्र न्यू बाईपास स्थित एक ढाबे पर पहुंचे। यहां सब ने भोजन किया।

इसके बाद सात से आठ अन्य युवक भी बाइकों से आ पहुंचे। बाइक सवार युवराज को अपने साथ मुरादाबाद रोड स्थित गांव भुलावई के पास ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की। एक युवक ने युवराज की कनपटी पर तमंचा लगा और गोली मारने की धमकी दी।

## ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


विद्यालय में बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई बनियाखेड़ा व संघर्ष समिति बनियाखेड़ा की बैठक मंगलवार की शाम चार बजे विनोवा भावे कंपोजिट विद्यालय में हुई है। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह ने कहा कि संघ द्वारा शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान को शासन को कई बार पत्र भेजा जा चुका है। जिसमें शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाली, 31 उपार्जित अवकाश, 12 द्वितीय शनिवार अवकाश, हाफ डे लीव, प्रतिकर व अध्ययन अवकाश, निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र करने जैसी मांग शामिल है, लेकिन शासन स्तर पर हुई वार्ता के उपरांत भी शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक सबसे दुर्गम स्थानों पर स्थित विद्यालयों में सेवा प्रदान कर

● **11 व 12 जुलाई को शिक्षक ब्लाक संसाधन केंद्र पर करेंगे विरोध**

रहे हैं, जहां आवागमन को सड़क नहीं है, सार्वजनिक वाहन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। शिक्षक 50 से 60 किमी तक अपने निजी साधनों से यात्रा करके विद्यालय पहुंचते हैं। शिक्षक के प्रतिमाह कभी न कभी विद्यालय में विलंब से पहुंचने की संभावना बनी रहती है। शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचने की जल्दबाजी में हादसे का शिकार हो जाते हैं। बनियाखेड़ा ब्लाक के समस्त शिक्षक उपस्थिति पंजिका का डिजिटाईजेशन करने में आ रही समस्याओं के समाधान होने तक सभी शिक्षक उपस्थिति पंजिका के डिजिटाईजेशन (ऑनलाइन उपस्थिति) किए जाने का विरोध करते हैं और ब्लाक बनियखेड़ा के सभी शिक्षक 11 व 12 जुलाई को ब्लाक संसाधन केंद्र मौलागढ़ पर दोपहर दो बजे उपस्थित होकर उपस्थिति पंजिका के डिजिटाईजेशन का विरोध करेंगे। बैठक में पंकज शर्मा, सचिन सिंह, मनोज कुमार, मोहित गोयल, राहुल गुप्ता, मोनिका सिंह, पूजा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, अरविंद राघव, अमित कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


न्यायालय परिसर में पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला न्यायालय व तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बनियाठेर थाना प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आरोप था कि थाना प्रभारी ने साथी अधिवक्ता के साथ मारपीट कर अभद्रता की। जिसमें अधिवक्ता के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। अधिवक्ताओं ने थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। विरोध स्वरूप मंगलवार को अधिवक्ता कार्य से विरत रहे।

जिला न्यायालय परिसर के बार रूम में चन्दौसी बार एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार की सुबह अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि सोमवार को थाना बनियाठेर प्रभारी मोहित कुमार काजला ने साथी अधिवक्ता प्रशांत पाठक के साथ गाली-गलौज कर अभद्रता की। अधिवक्ताओं ने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया। जिसमें साथी अधिवक्ता के

● **जिला न्यायालय परिसर व तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने की पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी**

हाथ में फ्रैक्चर होने की बात कही गई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कहा कि अगर शीघ्र थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। विरोध स्वरूप अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष नजर कुरैशी, सचिव सचिन गोयल, विक्रम सिंह चौहान, लोकेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, विनोद सिंह, सुभाष यादव, नीरेश अरुण, सुनील कुमार सिंह, मोहम्मद सगीर सैफी, चंद्रेश गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

वहीं तहसील परिसर स्थित बार रूम में अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बनियाठेर थाना प्रभारी द्वारा साथी अधिवक्ता प्रशांत पाठक के साथ मारपीट व अभद्रता करने पर रोष व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि शीघ्र ही थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। अगर अधिवक्ताओं के साथ थाने व कोतवाली में इस तरह का विरोध किया जाएगा।

### बारिश के बाद उमस से लोग हो रहे परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचारः** बरसात के बाद अब उमस लोगों को परेशान कर रही हैं। मंगलवार को दिन भर धूप रही और उमस भरी गर्मी से लोग बेहोल होते रहे। वहीं बारिश से मेंथा व मक्का किसानों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

करीब पांच से छह दिन हुई लगातार बारिश से भी गर्मी से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। वहीं घरों में पंखे के सामने भी बैठने पर भी लोगों का पसीना नहीं सूख रहा है। जिससे लोग पूरे दिन उमस से बेचैन बने रहे। शाम को उमस से थोड़ी राहत मिली।

वहीं बारिश होने से मक्का व मेंथा फसल को नुकसान होने की संभावना बताई जा रही है। क्योंकि मेंथा फसल कट रही है। मगर बारिश होने से किसान अपनी फसल नहीं काट पा रहे हैं।

खेत में जलभराव होने से दोनों ही फसलों को नुकसान होना बताया जा रहा है।

## हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने रोके गोवंशीय पशु लदे कैंटर

संवाददाता, संभल

● **जांच में पता चला जिला प्रशासन गोशाला भिजवा रहा था पशुओं को**

● **चालकों से वाहनों को चंदौसी चौराहे के पास रुकवा लिया**

**अमृत विचारः**सदर कोतवाली क्षेत्र में पीछा कर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गोवंशीय पशुओं से लदे दो वाहनों को चंदौसी चौराहे के पास रोककर पुलिस व सीओ को मौके पर बुला लिया। जानकारी करने पर पता चला कि नंदी विहार में पानी भरने की वजह से गोवंशीय पशुओं को दूसरी गोशालाओं में संरक्षित करने के लिए पहुंचाया जा रहा है।

विकासखंड रजपुरा क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा के पास स्थित नंदी विहार गोशाला में पानी भरने की वजह से गोवंशीय पशुओं को दूसरी जगह गोशालाओं में भेजा रहा है। मंगलवार की दोपहर चालक गोवंशीय पशुओं को दो केंटरों में लादकर असमोली व संभल क्षेत्र में स्थित गोशाला में लेकर जा रहे थे। चालक गोवंशीय पशुओं को लेकर जैसे ही संभल में यशोदा चौराहे के पास पहुंचे। हिंदूवादी संगठनों ने पीछा करते हुए चालकों से वाहनों को चंदौसी चौराहे के पास रुकवा लिया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी व सदर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार भी मौके पर आ गए। जानकारी करने पर पता चला कि नंदी विहार से गोवंशीय पशुओं को असमोली व हतजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में स्थित गोशालाओं में संरक्षित करने के लिए लेकर जाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने वाहनों को जाने दिया।

# मनरेगा में धीमी प्रगति में एपीओ पर होगी कार्रवाई

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचारः** मनरेगा के तहत जिले की ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर सीडीओ ने कडा रुख अपनाया है। जिस पंचायत की धीमी प्रगति है, वहां के पंचायत सचिव व तकनीकी सहायक से जवाब तलब किया जा रहा है। अब अतिरिक्त अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से भी फीडबैक लिया जा रहा है। धीमी गति पर एपीओ के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने को जिले के सभी विकासखंड में मनरेगा को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने धीमी प्रगति वाले विकासखंड के एपीओ अर्थात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों से फोन पर संवाद किया। उनके यहां पर प्रत्येक दिन सृजित मानव दिवस और लक्ष्य के सापेक्ष होने वाली

> सभी विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में मनरेगा का कार्य लक्ष्य निर्धारित समय पर होना चाहिए। अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने के लिए सभी एपीओ को निर्देशित किया गया है, जहां भी धीमी प्रगति है, उनको चेतावनी दी जा रही है। धीमी गति पर एपीओ के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -गोरखनाथ भट्ट, सीडीओ

प्रगति पर भी जवाबदेही तय करते हुए निर्देशित किया कि जिस प्रकार से बहजोई और गुन्नौर के अलावा कई अन्य विकासखंड में कार्य धीमी प्रगति पर चल रहा है, उसे अधिक तीव्रता से बढ़ाना है। उन्होंने विकासखंड पंवासा में भी अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने के साथ ही अधिक से अधिक कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक पंचायत में कच्चे नालों को खुदवाया जाए, जिससे बरसात के पानी की निकासी आसानी से हो सके।

**अनदेखी** | मोहल्ले वासियों का रहना हुआ दूभर, कई वर्षों से लगा रहे हैं प्रशासन से राहत की गुहार

# हनुमानगढ़ी में जल भराव की समस्या ले रही विकराल रूप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


हनुमान गढ़ी नई बस्ती में पानी की निकासी न होने पर भूखंडों में भरा पानी।

**अमृत विचारः** हनुमान गढ़ी नई बस्ती की जलभराव की समस्या विकराल रुप लेती जा रही है। मोहल्ले वासियों का रहना दूभर हो गया है। अधिकारियों ने कई बार निरीक्षण किया है। लेकिन जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। कई वर्षों से नगर क्षेत्र की हनुमान गढ़ी नई बस्ती जलभराव की समस्या से जूझ रही है। मोहल्ले वासी कई बार प्रदर्शन के अलावा अपनी गुहार अधिकारियों से लगा चुके हैं। कुछ माह पूर्व शिकायत पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया था। उस समय उन्होंने जेई से समस्या निस्तारण का आदेश दिया था। उसके बाद भी कोई कार्य नहीं हुआ। मोहल्ले वासियों ने अपनी शिकायत का क्रम बनाए रखा। इसी को लेकर सप्ताहभर पहले उपजिलाधिकारी नीतू रानी निरीक्षण करनी पहुंचीं लेकिन अभी

● **कई बार अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे, लेकिन समस्या जस की तस**

भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। सप्ताह भर से बरसात अधिक होने से कई सड़कों पर पानी भर गया है, साथ ही गंदगी फैल गई है।

निवासियों का कहना है, कि हमारी समस्या पिछले कई वर्षों से है। लेकिन पालिका इस समस्या को देख नहीं रही है। कालोनी की सड़क का लेबल बहुत नीचा है।

> मैंने हनुमान गढ़ी पहुंच निरीक्षण किया है। जलभराव की समस्या है, पालिका के जेई से जल्द से जल्द समाधान करने को कहा है।
>
> -नीतू रानी, उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका

जिसके कारण बरसात के अलावा घरों का गंदा पानी भी हमारी गलियों में भरा रहता है। हाल इतना बुरा हो चुका है कि अधिकांश भूखंड पानी से लबालब भरे हैं।



> जलभराव की समस्या को कई बर्ष बीत गए हैं। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। कई बार शिकायत की जा चुकी है।
>
> -नवल किशोर पाल



> बरसात के दिनों में तो रहना कठिन हो जाता है। घरों के अंदर गंदा पानी आ जाता है। सड़कों पर कई बार मिट्टी डाल चुके हैं।
>
> -भुवनेश



> कई वर्षो से मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए, मिलकर शिकायत की, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला। प्रशासन हमारी समस्या का जल्द समाधान करे।
>
> -पप्पू

## एक नजर

### बिजली लाइन से टकराया डंपर, मिस्त्री की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** डंपर में ग्रीस का काम करते समय डपंर हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगने से डंपर में काम कर रहे एक मिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हादसा बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के नगीना रोड स्थित पीली चौकी के पास हुआ। मेरठ की चुंगी के पास का रहने वाले निसार (45) गाड़ियों में ग्रीस लगाने का काम करता था। मंगलवार देर शाम वह नगीना रोड स्थित पीली चौकी के पास एक डंपर की रिपेयरिंग कर रहा था। इसी दौरान ऊपर उठाते समय डंपर हाई टेंशन लाइन से टकरा गया। इससे डंपर में करंट दौड़ गया। करंट से निसार की मौत हो गई।

### ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को दी विदाई

**नगीना, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी का लखीमपुर खीरी के लिए स्थानांतरण हो गया है। गन्ना सुपरवाइजरों ने उन्हें विदाई दी। वह आठ वर्षों से नगीना गन्ना समिति में तैनात थे। नवागत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश कुमार का स्वागत किया गया। इस दौरान गन्ना समिति के सचिव विजयपाल सिंह, मुख्य लिपिक राजवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, अरविंद कुमार, सुखबीर सिंह, अनिल कुमार, कर्मेंद्र सिंह रहे।

### प्रतिबंधित मांस के मामले में तीन आरोपी पकड़े

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव इनायतपुर के पास हरेवली नगीना मार्ग पर एक कार पकड़ी गई थी। कार सवार आरोपी मांस बेचने के लिये ले जा रहे थे। गांव इनायतपुर निवासी राहुल, ब्रजपाल, सचिन के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने आरोपियों की कॉल डिटेल निकाली तो शक सही निकला। मंगलवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### महाविद्यालय में हुई चोरी

**नगीना, अमृत विचार :** कोतवाली मार्ग स्थित एलआरएस महिला महाविद्यालय के कार्यालय की खिड़की के रास्ते घुसकर चोर 25 हजार रुपये की नकदी व छात्राओं की 30 से 40 अंकतालिकाएं चोरी कर ले गए। इस मामले में महाविद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी प्रवेश पाठक ने बताया कि महिला महाविद्यालय के प्रबंधक ने तहरीर दी है।

# किसानों के नुकसान की हो रही भरपाई

## बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर की चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने केंद्र की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने और किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के लिए योजनाएं चला रही हैं। इनका उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। उनकी आय में वृद्धि और फसलों के नुकसान की भरपाई करना है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बीमा योजना के लिए प्रेरित करें।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

शाखा प्रबंधकों की बैठक कराना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने बताया कि योजना के अन्तर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि फसली ऋण लेने वाले किसान जिनकी फसल ऋण की सीमा को स्वीकृत किया गया हो अथवा ऋण वितरित किया गया हो, वह किसान फसल बीमा के लिए पात्र होंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे कर्जदार किसान जो योजना से स्वयं को अलग करना चाहते हैं, यदि उन्होंने सूचना के अभाव में निर्धारित तिथि तक खुद को अलग करने के लिए संबंधित बैंक, जन सेवा केन्द्र, पोर्टल या क्रियान्वयक अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ, कार्यालय में कार्रवाई नहीं की तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। इस दौरान उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड सहित बैंक व बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, किसान आदि मौजूद रहे।

**निर्देश**

- जिलाधिकारी बोले- योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

### मारपीट में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**स्योहारा, अमृत विचार :** गांव बुढ़नपुर में रुपयों के लेनदेन को लेकर तीन जून को बैंक जा रहे एक व्यक्ति को तीन लोगों ने मारपीट व जख्मी कर दिया था। उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मृत्यु हो गई।

परिजनों का आरोप है कि स्योहारा पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की थी। तीन जून की दोपहर 12 बजे जब 50 वर्षीय अब्दुल सत्तार बैंक में किसी काम से जा रहे थे। तभी मनोज, नन्हे, नाजिम निवासी ग्राम सोलान थाना नूरपुर ने अब्दुल सत्तार को रास्ते में रोक लिया था। अब्दुल सत्तार ने गाली देने से मना किया तो इन लोगों ने उसे लात घूंसों व लाठी डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मारपीट के कारण अब्दुल सत्तार बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने उसके पुत्र फरमान की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। अब्दुल सत्तार का उपचार चला रहा था। बताया जाता रहा है कि अब्दुल को दिल्ली, देहरादून सहित अनेक अस्पतालों में दिखाया गया। लेकिन मंगलवार को उपचार के दौरान अब्दुल सत्तार की मौत हो गई।

# बिल बकाया होने पर काटा प्रॉपर्टी डीलर का कनेक्शन

**संवाददाता, नहटौर**

**अमृत विचार :** करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर पर विद्युत बिल बकाया होने पर उसके कार्यालय का कनेक्शन काट दिया दिया। प्रॉपर्टी डीलर ने बिना सूचना के कनेक्शन काटने का आरोप लगाया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बकाया बिल होने के बावजूद भी बिना कारण बकायेदार विवाद कर रहा है। बकाया बिल जमा होने पर ही कनेक्शन को जोड़ा जाएगा।

नहटौर नूरपुर मार्ग स्थित प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद सलमान का कार्यालय है। प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि पिछले तीन दिन से वह किसी काम से बाहर गए हुए थे। ऑफिस बंद था। सोमवार को जब वह अपने ऑफिस पहुंचे तो बिजली का कनेक्शन कटा हुआ पाया। इसकी शिकायत विद्युत उपकेंद्र में की गई।

लेकिन कनेक्शन न जोड़ने पर उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने हठ धर्मिता दिखाते हुए बिना सूचना दिए कनेक्शन काट दिया। विद्युत निगम के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि कनेक्शन कब काटा है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। कनेक्शन जोड़ने की शिकायत पर जमा बिल दिखाने की बात कही गई। शिकायतकर्ता जमा बिल नहीं दिखा पाया।

एसडीओ विश्राम सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद सलमान पर एक लाख 75 हजार 994 रुपये का बिल बकाया है। जब तक बकाया बिल जमा नहीं किया जाएगा कनेक्शन नहीं जोड़ा जाएगा।

### कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर डाली रोशनी

**हल्दौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिस हुई।

पहली मजलिस दरगाहे फात्मा जैहरा व दूसरी मजलिस इमामबारगाह में आयोजित हुई। मौलाना मेहदी अब्बास जैदी व जाकिर रोशन अब्बास ने खिताब किया। इमाम बारगाह में हुए मजलिस में मौलाना मेहदी अब्बास ने कहा कि मुहर्रम आतंकवाद के खिलाफ एक आंदोलन का नाम है। मोहर्रम गम का महीना हैं। इस महीने की 10 तारीख को रोजे-आशूरा कहते हैं। इस दिन पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन को उनके 71 साथियों के साथ तीन दिन का भूखा प्यासा कर्बला में शहीद कर दिया गया था। मजलिसों में सोजख्वानी कलीम हैदर, रौशन अब्बास, मोहम्मद अब्बास, आलम जैदी, शाहवेज जैदी ने की।

# सट्टा खेलते समय रंगे हाथ माफिया का भाई गिरफ्तार

**संवाददाता, हल्दौर/नहटौर**

**अमृत विचार :** छापेमारी के दौरान चकमा देकर फरार हुए दो सगे भाइयों में से एक सट्टा माफिया को हल्दौर पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

एसपी नीरज कुमार जादौन की सख्ती के चलते जिले भर के सट्टे माफिया भूमिगत हो गए हैं। लेकिन नहटौर में सट्टा माफिया ने पुलिस को चकमा देने के लिए ऑनलाइन सट्टे की योजना बनाकर अपना काम शुरू कर लिया था। ऑनलाइन सट्टे की शिकायत पुलिस को मिलने पर नहटौर व हल्दौर पुलिस ने सट्टा माफिया के घर छापेमारी की थी।

सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि माफिया सट्टा खेला रहा है। पुलिस ने माफिया को सट्टा खिलाते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए सट्टे माफिया ने अपना नाम अनिल उर्फ सावन उर्फ पैंतरा पुत्र भोपाल निवासी ग्राम कासमपुर लेखराज बताया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक कॉपी, एक पेन, हार जीत की बाजी में लगे 1130 रुपये, एक सट्टा पर्ची बरामद की है।



पुलिस की गिरफ्त में सट्टे का आरोपी।

## सार-संक्षेप

### दुकान को जेसीबी से कराया ध्वस्त





दीवार तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई जा रही दुकान को राजस्व की टीम ने मंगलवार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। दुकान स्वामी ने बताया कि उसके पास लोक निर्माण विभाग से पास हुआ नक्शा है। इसके बावजूद भी तहसील के कर्मचारियों ने उसकी एक न सुनी। मंगलवार को नायाब तहसीलदार राजकुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार, लेखपाल प्रेमपाल सिंह ने बढ़ापुर बस स्टैंड के पास बनाई जा रही एक दुकान को अवैध बताते हुए जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। दुकान स्वामी शमीम अहमद राजस्व विभाग के टीम से दुकान न तोड़ने के लिए फरियाद करता रहा। लेकिन उसकी एक न सुनी। शमीम अहमद का आरोप है कि जिस समय तहसील के कर्मचारी उसकी दुकान को तोड़ने पहुंचे तो उसने से कर्मचारियों को लोक निर्माण विभाग से जारी नक्शा भी दिखाया। लेकिन कर्मचारियों ने कागज को देखने से साफ इनकार कर दिया गया। उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए

**हल्दौर, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में मंगलवार को भाकियू टिकैत गुट की बैठक हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बाद में खंड विकास अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। गांव पावटी से गांव पोटा को जाने वाला रास्ता खराब है। इसका निर्माण कराया जाए। पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। जर्जर विद्युत तारों को बदलवाया जाए। चीनि मिल से किसानों का बकाया भुगतान किया जाए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अरुण कुमार, राम अवतार सिंह, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

### खेत में किसान को सांप ने डसा

**नगीना, अमृत विचार :** गन्ने के खेत में खाद डालते समय एक किसान को सांप ने डस लिया। उसे उपचार के लिए सीएचसी पर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद किसान को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। गांव गोपीवाला निवासी शहाबुद्दीन (45) देर शाम खाद डालने के लिए खेत पर गया था। तभी उसके दाहिने पांव में सांप ने काट लिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. नवीन कुमार ने किसान को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### बाल कल्याण समिति ने रुकवाई नाबालिग की शादी

**अमरोहा/रहरा, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में हो रही एक नाबालिग लड़की की शादी को बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने रुकवा दिया। लड़की एवं लड़के पक्ष के परिजनों को दोबारा शादी करने का प्रयास करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान अपनी 16 वर्षीय बेटी की शादी कर रहा था। बरात पड़ोस के गांव से पहुंच गई। बरात चढ़ता शुरू हो गई। इस दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाल कल्याण समिति के अधिकारियों को सूचना दे दी। बाल कल्याण अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। हालांकि इस मामले में अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि लड़की के पिता को चेतावनी दी है कि यदि नाबालिग की शादी कराई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेसियों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**सैदनगली, अमृत विचार :** जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की आत्मा की शांति के लिए नगर पंचायत में मंगलवार शाम बाबा आंबेडकर मूर्ति पर कांग्रेसी इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने ने कैंडल मार्च निकाला और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर, अफसर अली, अनिल डीलर, चौधरी प्रकाश, विकास सागर, हरदेव सिंह,बाबूराम गौतम, शेर सिंह, दीपक गौतम, प्रशांत पुष्कर आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा पुलिस ने फरार युवती को किया बरामद

**गजरौला, अमृत विचार :** हरियाणा पुलिस ने दबिश देकर घर से फरार हुई युवती को गजरौला से बरामद किया। युवती यहां एक मोहल्ले में अपने प्रेमी के साथ किराये के मकान में रह रही थी। हरियाणा के रोहतक जिले की पुलिस ने मंगलवार को शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर समेत कई स्थानों पर दबिश दी। पुलिस टीम के मुताबिक रोहतक निवासी एक युवती बीते कई दिन पहले एक युवक के साथ फरार हो गई थी। थाने में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर युवती को बरामद कर लिया है।

### असमोली पुलिस पर अधिवक्ता को पीटने का आरोप

**चौधरपुर, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी अधिवक्ता जावेद अख्तर ने एसपी को शिकायती पत्र देकर असमोली थाना प्रभारी, मंसूरपुर माफी चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर गाली–गलौज व जबरन गाड़ी में डालने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता जावेद अख्तर ने एसपी को बताया कि सोमवार रात वह घर में सो रहा था। रात्रि एक बजे असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार, मंसूपुर चौकी प्रभारी व कांस्टेबल उनके घर में जबरन घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो पुलिस कर्मियों ने मारपीट करते हुए थाने की गाड़ी में बैठा लिया। यह सारी घटना किसी ने मोबाइल में कैद कर ली। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

### डीजे बजाने को लेकर मारपीट में आरोपियों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** डीजे बजाने को लेकर हुए झगड़े में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रार्थी वीर सिंह निवासी ग्राम सलावा थाना छजलैट ने बताया कि आठ जुलाई को वह अपने भांजे संजय पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मोहन तख्तपुर थाना कुन्दरकी की शादी में तखतपुर आया हुआ था।

### फैसले का दवाब बनाने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर थाना के गांव सूवरा निवासी घनश्याम पुत्र लल्लू का कहना है कि वह गांव में खेती कर अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। शुक्रवार रात किसान अपने खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। तभी गांव का ही एक व्यक्ति उसके घर में तमंचा लेकर घुस आया और उसके बच्चों तथा पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। जिसकी शिकायत उसने आदमपुर पुलिस से की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस फैसले के लिए दबाव बनाने लगी। मंगलवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

### उप मंडलीय शिक्षा निदेशक का स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा ने मुरादाबाद पहुंचकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे एवं संजीव कुमार द्वितीय जिला विद्यालय निरीक्षक का पगड़ी पहनाकर एवं गमछा भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद शैक्षिक पंचांग के अनुसार शिक्षण कार्य, पौधरोपण, स्वास्थ्य परीक्षण के विषय पर चर्चा की। इस दौरान विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शीघ्र उद्यान विभाग द्वारा प्रदत्त पौधों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए युवाओं से मांगे आवेदन

**संवाददाता, कुंदरकी :** युवा कल्याण विभाग द्वारा विवेकानन्द यूथ अवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) के अन्तर्गत युवाओं एवं युवतियों से आवेदन मांगे गए हैं। जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंतर्गत विवेकानंद युद्ध अवार्ड (व्यक्तिगत) के लिए आवेदन युवक एवं युवतियों से मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन करने वाले युवक एवं युवतियों को एक अप्रैल से 31 मार्च के बीच यह कार्य किए होने चाहिए जैसे राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में तथा खेलकूद सामाजिक पौधरोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जलसरंक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन जैविक खेती, सौर उर्जा सयंन्त्र की स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण आदि क्षेत्रों में सराहनी योगदान किया हो। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा। ऐसे कार्यों के आधार पर व्यक्तिगत श्रेणी के इच्छुक युवाओं को आवेदन पत्र विकास भवन में स्थित जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

### युवती के अपहरण में दो लोगों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तहत एक युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने युवती के भाई की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के भाई के अनुसार उसकी 21 वर्षीय बहन को छह जुलाई की सुबह याकूब पुत्र महबूब व तनवीर पुत्र गुफरान निवासी ग्राम मझौली खास थाना कुंदरकी उसकी बहन का अपहरण कर कर ले जा रहे थे। जिनको ऐसा करते हुए दो लोगों देख लिया था। पुलिस ने युवती के भाई की शिकायत पर दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रामपुर-अमरोहा

# जेसीबी गरजने के दौरान छावनी में तब्दील रहा हमसफर रिसोर्ट

## 29 जून को प्रशासन ने डाक से भेजा था पूर्व सांसद को नोटिस

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन खां को प्रशासन ने 29 जून को नोटिस भेजा था। यह पूर्व सांसद को पांच जुलाई को मिला था। पूर्व सांसद ने बताया कि नोटिस में सात दिन का समय दिया गया था। उन्होंने पांच जुलाई से नोटिस प्रक्रिया शुरू होने का कयास लगाया। लेकिन, प्रशासन ने 29 जून से प्रक्रिया को मानते हुए नौ जुलाई को इमारत का कुछ हिस्सा और दीवार को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान हमसफर रिसोर्ट छावनी में तब्दील रहा।

हमसफर रिसोर्ट पर जेसीबी चलने की खबर मिलने पर सपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आसिम राजा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान और फरहान खां भी पहुंच गए। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन ने डाक के माध्यम से डॉ. तजीन फात्मा को नोटिस भेजा था, जो पांच जुलाई को मिला। जबकि, नोटिस 29 जून को भेजा गया था। नोटिस में कहा गया था कि हमसफर रिसोर्ट की जमीन से सात दिन में कब्जा हटा लें। रिसोर्ट में 0.038 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज की है। डॉ. तजीन फात्मा ने कहा कि सात दिन का वक्त मिला है, सामान हटा लेंगे। लेकिन, प्रशासन ने 29 जून से समय सीमा शुरू कर दी।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन ने हमसफर रिसोर्ट तोड़ने के लिए कोई निशान नहीं लगाया है।

### रिसोर्ट में हुई थी आजम के बेटे अदीब की शादी

सपा नेता आजम खां ने अपने बड़े बेटे अदीब आजम खां की शादी कई साल पहले इसी रिसोर्ट में की थी। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा कई मंत्री भी शामिल हुए थे। पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा के खिलाफ हमसफर रिसोर्ट में बिजली चोरी की रिपोर्ट भी हो चुकी है। इसके अलावा आजम खां के करीबियों की शादियां भी इसी रिसोर्ट में हुईं।

### कब्जा मुक्त हो गई सरकारी जमीन : डीएम

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंगलवार की शाम पत्रकार वार्ता में बताया कि पसियापुरा में बने हमसफर रिसोर्ट में कुछ हिस्सा वहां पड़ी खाद की जमीन पर कब्जा करके मिला लिया था। मंगलवार को उस जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है।

> हमसफर रिसोर्ट से खाद के गड्ढों की सरकारी जमीन को मुक्त कराने का कार्य सराहनीय है। किंतु, यह काम काफी समय पूर्व हो जाना चाहिए था। लेकिन अधिकारी गहरी नींद में सोते रहे। अब उम्मीद है कि अधिकारी आजम खां द्वारा कब्जाई गईं अन्य जमीनों को भी मुक्त कराएंगे। **–आकाश सक्सेना शहर विधायक**

### बिजली गिरने से बालक गंभीर रूप से झुलसा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भोगपुर में आकाशीय बिजली गिरने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बिजली गिरने से घर में लगे लाखों रुपये कीमत के विद्युत उपकरण भी फुंक गए।



क्षेत्र के भोगपुर गांव निवासी जितेंद्र सिंह खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे वह खेत पर काम करने गए थे। घर पर उनकी पत्नी रजवंत कौर, 13 वर्षीय पुत्र नवजोत सिंह और पुत्री खुशकिरन कौर थे। करीब साढ़े 10 बजे नवजोत सिंह बारिश में नहाने के बाद टीन शेड के नीचे खड़ा था। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इससे झुलसकर नवजोत बेहोश होकर गिर गया। बालक के अचानक गिरने से परिजनों में खलबली मच गई। चीख-पुकार सुन पड़ोसी मौके एकत्र हो गई। परिजनों ने बालक को नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ह

# दुष्कर्म व मकान हड़पने के मामले में महिला सहित नौ पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** महिला से ननदोईयों और देवरों के दुष्कर्म करने व उसका मकान हड़पने के मामले में नौ लोगों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव की महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका निकाह पांच वर्ष पूर्व हुआ था। उसके पति कपड़ों का कारोबार करते थे।

छाबसपुर में उसके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके कुछ दिनों बाद से ससुर नूर मोहम्मद, तौफीक आलम, मुशीर आलम, ननदोई मोहम्मद राशिद पुत्र शाहिद, ननद नाहिद निवासी दुल्लाहपुर, ननदोई दिलशाद अहमद पुत्र रईस अहमद, ननद रूबी खातून निवासी अफजलगढ़, साहिब परवीन पत्नी जाउल निवासी बिजनौर ने गालियां देकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों देवरों व तीनों ननदोईयों ने उससे छेड़खानी की और जब उसने सास ससुर से शिकायत की तो उन्होंने एक न सुनी। उनका कहना था कि इस घर में रहना है तो बर्दाश्त करना होगा।

महिला का आरोप है कि दोनों देवरों व तीनों ननदोईयों ने उससे दुष्कर्म किया। जब वह विरोध करती तो उसके साथ मारपीट की जाती थी और ससुर और ननद गलत काम करने के लिए बढ़ावा देते।

वह लोक लाज की वजह से सब पीड़ा सहती रही। जब इन लोगों ने उसके पति द्वारा बनाई दुकान व मकान पर कब्जा कर लिया तो सूचना पर उसके मायके वाले भी मौके पर पहुंचे और पंचायत हुई। लेकिन पंचायत में उसके ससुराल वालों ने उसकी एक ने सुनी। तब उसने कोतवाली पुलिस को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर विधवा महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अनदेखी** चचौरा गांव में वर्ष 2023 में कराया गया था अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण

# अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में नहीं डाला जा रहा कचरा, गांव में कूड़े के ढेर

**संवाददाता, आदमपुर**

**अमृत विचार :** विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र के अधिकतर गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए स्वच्छता संसाधन केंद्र (आरआरसी) का निर्माण वर्ष 2023 में कराया गया था। आरआरसी का निर्माण चार से छह लाख रुपये की लागत से हुआ था। लेकिन सरकार की गांवों को साफ सुथरा रखने की मंशा पर पानी फिर रहा है। बताया जाता है कि गांव में आरआरसी होने के बावजूद कूड़ा सेंटर तक नहीं पहुंच रहा। इससे गांव की गलियों में कूड़ा बिखरा रहता है।

क्षेत्र के गांव चचौरा में वर्ष 2023 में गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) का निर्माण 6 लाख 30 हजार की लागत से कराया गया। अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में सुख कूड़ा गीला कूड़ा प्लास्टिक कूड़ा कांच का कूड़ा प्लास्टिक का कूड़ा गोबर का कूड़ा फेंकने के लिए अलग-अलग चेंबर का निर्माण किया गया है। जिससे कि गांव की गलियों में जगह-जगह कूड़े व गंदगी का ढेर नहीं लग सकें और गांव को साफ़ सुथरा रखा जा सके लेकिन जिम्मेदार सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं जानकारी के अनुसार गांव में आर आर सी सेंटर बनें हुए भी सात माह बीत गए, लेकिन गांव की गलियों का कचरा आरसी सेंटर तक नहीं पहुंच रहा है इससे लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी सरकार की मंशा पर पूरी तरह से पानी फिर रहा है।





गांव चचौरा में आरआरसी में उगी घास। ● अमृत विचार



दौरारा में स्कूल के बाहर भरा पानी। ● अमृत विचार

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पढ़ रहे बच्चे

**रहरा, अमृत विचार :** दौरारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को जर्जर भवन व मुख्य गेट पर जलभराव होने से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बच्चे पढ़ते नजर आए। सहायक अध्यापक ने अपने आप को छुट्टी पर बताया। कहा कि विद्यालय के मुख्य गेट पर जलभराव है। कभी भी हादसा हो सकता है इसलिए यहां पर बच्चों की पढ़ाई नहीं कराई जा रही है। विद्यालय में 15-20 बच्चे मौजूद थे। दो अध्यापक में से एक अध्यापक मौजूद मिला।

### एसडीएम ने रामगंगा के तटबंध का किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार शाम एसडीएम अजय कुमार मिश्रा रामगंगा नदी किनारे बसे गांव रायभूड पहुंचे। वहां उन्होंने ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर रामगंगा नदी के तटबंध का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि अभी खतरा नहीं है। अधिक बारिश होने के बाद खो बैराज व कालागढ़ बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ही क्षेत्र में बाढ़ का खतरा होता है। बताया कि रामगंगा नदी में बाढ़ आने से एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट जाता है। लोगों के घरों, खेतों व सड़कों पर पानी भर जाता है। हर साल बारिश के दौरान यह तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाता है।

## एक नजर

### स्नातक में प्रवेश पंजीकरण का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। 11 जुलाई से महाविद्यालयों को मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे। अब तक एक लाख 20 हजार से अधिक छात्रों ने प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है, हालांकि अभी कई सीटें रिक्त रह गई हैं। विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने के निर्देश दिए हैं।

### कल समाप्त होगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में 10 जुलाई को ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त हो जाएगा। 11 जुलाई से परिसर और कॉलेज खुल जाएंगे। इसके साथ ही प्रवेश प्रक्रिया के साथ कक्षाओं का भी संचालन शुरू हो जाएगा। कुलपति ने 1 जून से 10 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया था, हालांकि इस दौरान परीक्षाएं जारी रहीं। महाविद्यालयों में परीक्षाएं 6 जुलाई को समाप्त हो गईं। विश्वविद्यालय परिसर में कुछ पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं रह गई हैं, वह भी जल्द समाप्त हो जाएंगी।

### बीकॉम ऑनर्स का परिणाम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय ने बीकॉम ऑनर्स का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बीकॉम ऑनर्स प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का परिणाम देख सकते हैं। इससे पहले एमकॉम का परिणाम 3 जुलाई को जारी किया गया था।

### भैया भाभी से विवाद में खाया जहर, मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। जिसकी वजह से व्यक्ति अपने भैया व भाभी के पास रहता था। जबकि व्यक्ति की पत्नी अपने मायके में रह रही है और बच्चे अमरोहा में आवास पर रहते हैं । कुछ दिन पहले उधर में दिए पैसों को लेकर व्यक्ति का अपने भैया और भाभी से विवाद चल रहा था। मंगलवार को विवाद इतना बढ़ गया कि व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगल लिया । समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से व्यक्ति की मौत हो गई । परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए देर शाम व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया ।

# पिटाई से युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## आरोपियों ने पिता के साथ भी की मारपीट, फिर जैतीपुर में बेटे को घेरकर पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम

संवाददाता, दातागंज (बदायूं)





कोतवाली दातागंज के सामने शव रखकर हंगामा करते युवक के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के बादाम नगर निवासी युवक की बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस आए और कोतवाली के सामने रखकर हंगामा कर दिया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि युवक की पिटाई की वजह से मौत हुई जबकि पुलिस हादसा मान रही है। एसडीएम, सीओ के समझाने पर परिजन माने और एक घंटे बाद शव ले गए।

- अधिकारियों ने पिता की पिटाई की रिपोर्ट यहां दर्ज करने का दिया आश्वासन
- बेटे के साथ मारपीट मामले में जैतीपुर थाना से कार्रवाई की बात कही

मोहल्ला बादाम नगर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र श्याम लाल कांसपुर रोड पर आटा चक्की चलाते हैं। सोमवार को उनका पड़ोसी गेहूं पिसवाने के लिए चक्की पर आया। आटा मोटा पीसने के विवाद में उसकी सुरेंद्र सिंह से कहासुनी हो गई थी। मामला शांत करा दिया गया था। इसके बाद सुरेंद्र सिंह अपने घर चले गए। घर पर भैंस का दूध निकाल रहे थे। चक्की पर कहासुनी करने वाले लोग उनके घर पर आ गए और विवाद के बाद सुरेंद्र को बुरी तरह से पीटा। उनका हाथ टूट गया। आरोप है कि उनका मुंह पानी में डुबोकर मारने की कोशिश की। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वापस चले गए।

सुरेंद्र सिंह ने बरेली के फतेहगंज पूर्वी गए अपने बेटे रूपेश (18) को फोन पर जानकारी दी और घर बुलाया। सुरेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने उनकी बात सुन ली। रूपेश वापस आ रहा था तो आरोपियों ने उसे शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव नवादा के पास घेर लिया और बुरी तरह से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन वहां पहुंचे और रूपेश को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

> मामला जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र का है। वहीं के थाने में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। युवक के पिता के साथ बदायूं में मारपीट हुई थी। उनकी रिपोर्ट यहां दर्ज की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी
>
> – केके तिवारी, सीओ दातागंज।

गुस्साये परिजन शव लेकर सीधे कोतवाली दातागंज पहुंचे और सड़क पर शव रखकर हंगामा करने लगे। वे आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एसडीएम धर्मेंद्र सिंह, सीओ दातागंज केके तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ पहुंच गए। उन्होंने परिजनों को समझाया। कहा कि सुरेंद्र के साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। रूपेश से मारपीट थाना जैतीपुर क्षेत्र में हुई। वहीं के थाने में कार्रवाई की जा सकती है। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गए।

# मुठभेड़ में पांच हजार का इनामी गोली लगने से घायल, गिरफ्तार

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

- एक सिपाही भी हुआ घायल, चोरी के एक मामले में वांछित था
- 2022 में गोरखपुर पुलिस ने बदमाश पर रखा था पांच हजार का इनाम

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गोरखपुर में चोरी के मामले में वांछित और पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की थी। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया।

सोमवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे थाना कुंवरगांव के थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ कासिमपुर मार्ग के खासपुर व करौतिया मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव खासपुर की ओर से एक बाइक सवार आता नजर आया। पुलिस ने रुकने के लिए हाथ दिया तो बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस पकड़ने को दौड़ी तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पांच गोली चलाईं। एक गोली हेड कांस्टेबल विनोद कुमार शर्मा के हाथ में लगती हुई निकल गई। पास में खड़े थानाध्यक्ष बच गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। बाइक सवार बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा, पांच खोखा कारतूस और बाइक बरामद की।

उसने अपना नाम थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तकरीम उर्फ बड्डे पुत्र जहूर हसन बताया। वह 2022 में गोरखपुर के थाना सिकरीगंज में हुई चोरी में वांछित है। गोरखपुर पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसके खिलाफ जिला फर्रुखाबाद के थाना फतेहगढ़ व शमशाबाद, शाहजहांपुर के थाना पुवायां व रोजा, मैनपुरी के थाना कुरावली, बदायूं के थाना कादरचौक और गोरखपुर में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने घायल हेड कांस्टेबल और बदमाश का जिला अस्पताल में इलाज कराया।

# शिक्षा विभाग में 11 हजार पदों पर होगी भर्ती : शिक्षा मंत्री

ब्यूरो, देहरादून

- अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश

**अमृत विचार :** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विभिन्न संवर्ग के 11 हजार पदों को भरा जाएगा। विभागीय अधिकारियों को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्राथमिक शिक्षकों, माध्यमिक शिक्षकों, समग्र शिक्षा, प्रधानाचार्यों एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मंगलवार को अपने शासकीय आवास में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा में लंबे समय से विभिन्न सवंर्गों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में लगभग 11 हजार पद रिक्त हैं, जिन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भरा जाएगा। जिसमें प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों के 3900, माध्यमिक शिक्षा के तहत सहायक अध्यापकों के 1500, प्रवक्ता 700, प्रधानाचार्य 650, उप खंड शिक्षा 100, डायट के 624, समग्र शिक्षा के अंतर्गत सीआरपी-बीआरपी सहित विभिन्न संवर्ग के 1500 पद तथा चतुर्थ श्रेणी के लगभग 2500 पद भरे जाएंगे।

बैठक में निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक महावीर सिंह बिष्ट, अपर परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल सती, संयुक्त निदेशक प्राथमिक शिक्षा रघुनाथ आर्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मारपीट में दूल्हे का भाई समेत तीन घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा में आई में बरात में डांस करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें तीन बराती घायल हो गए। जिनका उपचार निजी नर्सिंग होम में कराया गया है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा निवासी भगवान दास की पुत्री रानी की बरात जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव बाबेपुर से आई थी। रात आठ बजे चढ़त के दौरान डांस करने को लेकर वधु व वर के लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें वर पक्ष के तीन युवक घायल हो गए। मारपीट की घटना में वर पक्ष के दुल्हा का भाई सहित तीन युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मगर कार्रवाई का इन्कार होने पर पुलिस वापस लौट गई। घटना के बाद वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

# दवाओं पर चार स्लैब में लगने वाला टैक्स एक हो जाए तब मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दवा कारोबारियों को वित्त मंत्री से बजट में राहत देने की उम्मीद

**अमृत विचार :** बीमारी पर महंगे इलाज का बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च होता है। इसका कारण दवाओं पर लगने वाला भारी टैक्स है। दवाओं पर चार स्लैब में टैक्स लगता है। दवा कारोबारियों को वित्त मंत्री से उम्मीद है कि वह बजट में राहत देने को टैक्स स्लैब में कटौती कर सकती हैं। दवा कारोबारियों का कहना है कि दवाओं पर चार स्लैब में लगने वाला टैक्स एक हो तो उनके साथ जन सामान्य को भी राहत मिलेगी।

कुछ दवाओं पर पांच, 12 और 18 फीसदी टैक्स लगता है। हालांकि, कुछ दवाएं ऐसी भी हैं, जिन पर कोई टैक्स नहीं है। दवा कारोबारियों के अनुसार जिन बीमारियों के रोगी ज्यादा हैं, उनसे जुड़ी दवाओं पर टैक्स ज्यादा है। ऐसे में मरीज को इलाज में राहत कहां मिल सकती है।

दवा कारोबारी रितेश मोहन अग्रवाल का कहना है कि दवाओं पर टैक्स कम होना चाहिए। टैक्स का स्लैब एक होना चाहिए। दवा पर 18 फीसदी टैक्स का क्या औचित्य है। चार तरह के टैक्स का लेखा जोखा तैयार करना पड़ता है।दवा कारोबारी घासी राम अग्रवाल के अनुसार जीएसटी का सरलीकरण होना चाहिए। जीएसटी में व्यापारी से भूल हो जाए तो पेनाल्टी और विभाग से गलती हो तो वह भूल में गिनी जाती है। यह बंद होना चाहिए। जनता को राहत देना है तो दवाओं का टैक्स स्लैब एक होना चाहिए।दवा कारोबारी गिन्नी पाहवा बताते हैं कि सरकार दिखाने के लिए ऐसी दवा के रेट कम करती है जो चलन में नहीं रहती। रनिंग में चलने वाली दवाओं के रेट कम करने की तरफ ध्यान नहीं देती है। इस बजट में भी दवा व्यापारियों को राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। दवा व्यापारी दुर्गेश कुमार के अनुसार जीएसटी को लागू हुए सात साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक उसमें बदलाव किए जा रहे हैं।

बजट में हो सकता है वित्त मंत्री व्यापारियों की समस्या और जीएसटी की विसंगतियों को समझकर उनका निदान करने का प्रयास करें।

### किशोर चला रहा था ट्रैक्टर, अनियंत्रित होकर तालाब में गिरा

**विजय नगला, (बदायूं), अमृत विचार :** खेत की जुताई करके आते समय ट्रैक्टर का चालक नियंत्रण खो बैठा। ट्रैक्टर राजमार्ग किनारे तालाब में जा गिरी। राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर ट्रैक्टर तालाब से बाहर निकलवाया। ट्रैक्टर नाबालिग चला रहा था।थाना बिनावर क्षेत्र गांव बाकरपुर खरैर निवासी शमशुल उर्फ शाहनशे ट्रैक्टर खेत जोतकर अपने नाबालिग बेटे मोहम्मद शमी के साथ घर लौट रहे था। लोगों के अनुसार शमी ट्रैक्टर चला रहा था। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर बिनावर क्षेत्र में शफी नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर तालाब में जा गिरा। पिता-पुत्र कूदकर बच गए। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। राजमार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राजमार्ग पर वाहनों की कतार लग गई।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# मेडिकल संचालक के खिलाफ महिलाओं ने किया हंगामा

संवाददाता, काशीपुर

- नशे के इंजेक्शन व कैप्सूल बेचने का लगाया आरोप
- पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन के बाद शांत हुईं महिलाएं

**अमृत विचार :** मेडिकल संचालक पर नशे के इंजेक्शन व कैप्सूल बेचने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुई। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस को एक शिकायती पत्र भी सौंपा।

मोहल्ला कानूनगोयान स्थित दो स्कूलों के पास एक व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर खोला है। क्षेत्रवासियों को आरोप है मेडिकल स्टोर संचालक यहां नशे के कैप्सूल व इंजेक्शन बेचता है। इसके चलते दिनभर नशेड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। बीती सात जुलाई को मोहल्लेवासियों ने सीएमओ को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग भी की थी, लेकिन बीते सोमवार को कोई कार्रवाई न होने पर मंगलवार को मोहल्ले की महिलाओं व लोगों ने हंगामा काटा। आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर पर नशेड़ियों की आवाजाही से चोरियां हो रही हैं। साथ ही मोहल्ले की महिलाओं, युवतियों व बच्चों का यहां से निकलना दुश्वार हो गया है। नशेड़ी इधर-उधर खड़े होकर गाली-गलौच करते हैं। हंगामा की सूचना मिलने पर कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां लोगों ने उक्त मेडिकल स्टोर बंद कराने की मांग की। साथ ही एक शिकायती पत्र भी पुलिस को सांपा। यहां पर अजय टंडन, सुरेश सैनी, वीना शर्मा, आनन्द वर्मा, अमित कुमार, विक्की ठाकुर, फैजान, विकास वर्मा, नवल किशोर वर्मा, गुलजार अहमद, आरिफा, अमिता सक्सेना, दुलारी, राशिद समेत बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे।

### बेटे से मिलने आए पिता की मौत, कमरे में मिला शव

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** अपने बेटे से मिलने पीलीभीत से रुद्रपुर आए व्यक्ति का कमरे में शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम डयूली पीलीभीत यूपी निवासी 42 वर्षीय गेंदन लाल राजमिस्त्री का कार्य करता था, जबकि उसका बेटा जय सिंह थाना ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रहता है और सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। बताया जा रहा है कि रविवार को गेंदन अपने बेटे से मिलने रुद्रपुर आया, लेकिन बेटा ड्यूटी पर होने के कारण उससे मुलाकात नहीं हो सकी।

इसी दौरान वह बेटे के कमरे पर ही खाना बनाने लगा, तभी अचानक वह गश खाकर गिर गया। देर शाम को जब जय सिंह लौटा तो पिता को जमीन पर पड़ा देखा। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ड्रीम इलेवन का झांसा देकर युवक को ऑनलाइन ठगा

संवाददाता, रुद्रपुर

- टीम बनाने का दिया प्रलोभन, उड़ाए 4.44 लाख
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में साइबर ठग ने एक युवक को ड्रीम इलेवन बनाने का प्रलोभन देकर लाखों की ठगी कर ली। आरोप है कि ठग ने युवक को टीम बनाकर करोड़पति बनने का सपना दिखाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना ट्रांजिट कैंप के जनपथ रोड जेपी नगर निवासी जयपाल यादव ने बताया कि उसकी पत्नी सुमित्रा देवी के मोबाइल टेलीग्राम पर राम चौधरी नाम का एक लिंक आया। जिसे उसके बेटे उज्जवल ने खोल दिया और नंबर व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। आरोप था कि साइबर ठग ने बेटे को ड्रीम 11 में टीम बनाकर लाभ कमाने का लालच दिया और जब बेटा उसके झांसे में आ गया तो उसने 6 जून को सदस्यता के नाम पर 999 रुपये पेटीएम से भुगतान कर दिया।

उन्होंने बताया कि जब बेटे ने भुगतान किया। इसके बाद 6 से 13 जून तक दो खातों से 32 बार नगद ऑनलाइन भुगतान करने का मैसेज आया। बताया कि ठग ने खाते से 4.44 लाख रुपये की ठगी कर दी। जब मोबाइल पर कॉल की तो मोबाइल बंद आने लगा और ग्रुप भी डिलीट कर दिया। शिकायतकर्ता ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### बीएससी जीव विज्ञान और बीए में प्रवेश नहीं होगा आसान

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में इस बार बीएससी जीव विज्ञान और बीए में छात्रों को प्रवेश मिलना आसान नहीं होगा। दोनों पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष काफी अधिक आवेदन आने से मेरिट काफी हाई रहेगी। अभी 11 जुलाई तक पंजीकरण होंगे। इसके बाद मेरिट जारी कर प्रवेश शुरू होंगे।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के सापेक्ष करीब तीन गुना आवेदन 2143 और बीए की 1840 सीटों के सापेक्ष दोगुने से अधिक 3706 आवेदन आए हैं। दो दिन में अभी आवेदनों की संख्या और बढ़ेगी। इसकी वजह से मेरिट हाई रहेगी। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स में 302, बीबीए में 555 और बीसीए में 656 आवेदन आए हैं।

### मधुमक्खियों ने 65 लोगों को काटा, तीन भर्ती

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम क्षेत्र के कॉलटैक्स में मधुमक्खियों ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया। करीब 65 लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोगों के अनुसार नहर कवरिंग रोड पर एक होटल के पीछे पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता लगा था। मंगलवार की दोपहर किसी अराजक तत्व ने छत्ते पर पत्थर मार दिया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते मधुमक्खियों का झुंड उनपर टूट पड़ा। नैनीताल और कॉलेटैक्स रोड पर हड़कंप मच गया। मधुमक्खी से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आये। कई लोग आसपास की दुकानों में घुस गये। मधुमक्खियों से बचने के लिए लोगों ने दुकानों के शटर तक गिरा दिए। मधुमक्खियां लोगों के घरों में भी घुस गईं।

# दो पैथोलॉजी सेंटरों पर लगा 25 हजार रुपये का जुर्माना

संवाददाता, रुद्रपुर

- बगैर पंजीकरण के संचालित हो रहे थे सेंटर
- स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई, पंजीकरण कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रुद्रपुर के दो पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को दोनों सेंटर बगैर पंजीकरण के चलते मिले। स्वास्थ्य विभाग ने दोनों पैथोलॉजी सेंटर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहले रुद्रपुर के केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने लैब के रजिस्टर की जांच की। इसके अलावा पंजीकरण के दस्तावेज मांगे, लेकिन लैब स्वामी अशरफ अली पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद टीम ने आवास-विकास स्थित बालाजी पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण किया। यहां भी सेंटर स्वामी पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया।इसके बाद टीम ने दोनों सेंटरों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

कार्रवाई के बाद एसीएमओ डॉ. सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों सेंटरों का पंजीकरण नहीं मिला। इसके अलावा बायो मेडिकल वेस्ट की व्यवस्था नहीं पायी गई। मौके पर उपस्थित एलटी का उत्तराखंड में पंजीकरण भी नहीं मिला। उन्होंने दोनों सेंटरों के स्वामियों को तुरंत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए।

### गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फोटो में दर्शित कु. प्रीति पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम पंडित नगला वार्ड नं. 24 थाना कटघर दिनांक 06/07/2024 के घर से कहीं चले जाने के संबंध मे थाना कटघर पर गुमशुदगी पंजीकृत की गई है। हुलिया: कद 05 फुट, रंग गोरा, आंख, नाक, कान औसत उम्र, 28 वर्ष कपड़े हरे रंग का सूट सलवार व पैरों में काले चप्पल पहने है। यदि किसी सज्जन को उक्त गुमशुदा के सम्बन्ध में कोई जानकारी मिले तो मौ. 8630652917 सूचित करने की कृपा करें।

### सम्बन्ध-विच्छेद

मेरी व परिवार की मर्जी के खिलाफ दूसरी बिरादरी की हिना कौसर पुत्री अनवर हुसैन उर्फ कल्लू निवासी नूरयो सराय से शादी करने की वजह से मैंने अपने पुत्र मौहम्मद तारिक को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। मेरा व परिवार का अब मौहम्मद तारिक से कोई वास्ता नहीं। मौहम्मद हसन पुत्र इन्तेखाब निवासी नूरयो सराय थाना संभल जनपद संभल।

### नाम-परिवर्तन

विवाह उपरांत मैंने अपना नाम श्यामा सब्बरवाल के स्थान पर छवि कोहली रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। छवि कोहली पत्नी प्रदीप कोहली, नि. बी-2/161 आशियाना फेस-2, मुरादाबाद।

### नीलामी विज्ञप्ति

पत्रांकः- व-37/2015 (विविध) दिनांकः- 08 जुलाई 2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद रामपुर पुलिस लाइन परिसर में स्थित पुलिस फायर स्टेशन कन्ट्रोल रूम के जर्जर निष्प्रयोज्य होने के कारण भवन को निष्प्रयोज्य व कण्डम घोषित किये जाने के उपरान्त भवन की दिनांक 15-07-2024 को प्रातः 12.00 बजे सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी के समय ठेकेदारों द्वारा बोली लगायी जायेगी। इच्छुक रजिस्टर्ड ठेकेदार नियत तिथि व समय पर पुलिस लाइन परिसर के प्रॉगण में आकर रू0 10,000/- अग्रिम धरोहर के रूप में जमा करके अपनी नीलामी में भाग ले सकते हैं। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक होगी नीलामी उसके पक्ष में छोड़ी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक ठेकेदार को उस समय लगी बोली के अगले क्रम में बोली लगाना अनिवार्य है। जिस ठेकेदार द्वारा एक भी बोली नहीं लगायी जायेगी उसके द्वारा जमा अग्रिम धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करके अग्रेतर विधिक कार्यवाही करने पर विचार किया जायेगा। नीलामी के उपरान्त छोड़ी गयी नीलामी की धनराशि तत्काल ऑकिक शाखा, पुलिस कार्यालय, रामपुर में जमा करनी होगी। नीलामी समाप्ति के बाद धरोहर जमा धनराशि वापस कर दी जायेगी। ठेकेदार द्वारा निष्प्रयोज्य पुलिस फायर स्टेशन कन्ट्रोल रूम का मलबा आदि 03 दिवस के भीतर लेकर जाना सुनिश्चित करते हुए जगह को खाली करना होगा।

पुलिस अधीक्षक
रामपुर

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## ई-डिस्ट्रिक्ट पर होगा 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा यानी परिवार रजिस्टर राज्य सरकार की ई-डिस्ट्रिक्ट साइट पर होगा। पंचायती राज विभाग ने बांदा, गाजीपुर, बहराइच, इटावा व मेरठ में डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद फेज-1 के 35 जिलों में प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में 1.45 करोड़ परिवार का विवरण रजिस्टर की बजाय खसरा, खतौनी, आय, जाति, निवासी की तरह ई-डिस्ट्रिक्ट साइट से डाउनलोड करके निकाला जा सकेगा। इसके लिए विभाग ने पोर्टल तैयार करके परीक्षण शुरू कर दिया है। अगस्त से साइट पर एप्लीकेशन यानी प्रक्रिया के विकल्प जोड़कर एक माह के अंदर 35 जिलों के हर ग्रामीण परिवार का ब्योरा स्कैन करके ऑनलाइन किया जाएगा।

**पहले चरण के ये 35 जिले शामिल :** लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर, शामली आदि शामिल हैं।

# आयोजनकर्ताओं में बीएसएफ का एक जवान भी था शामिल

## पुलिस कर रही जांच, अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ

**हाथरस हादसा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जवान ने आयोजन के लिए 15 हजार रुपये दान किए
- घटना से जुड़े 125 लोगों को भेजा नोटिस, पूछताछ के लिए बुलाया



**अमृत विचार :** हाथरस घटना के आरोपियों में एक सेना के जवान का नाम भी सामने आया है। पता चला है कि जवान पंजाब में बीएसएफ में तैनात है और आयोजनकर्ताओं की लिस्ट में 40वें नंबर पर दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ हैं और तलाश के दौरान मिल भी नहीं रहे हैं। जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें से दो को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस ने न्यायालय में आवेदन कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आयोजनकर्ताओं की सूची में जिस मोहित कुमार का नाम दर्ज है, वह बीएसएफ का जवान है और पंजाब में तैनात है। बताया जा रहा है कि उसका नाम आयोजनकर्ताओं की सूची में 40वें नंबर पर दर्ज है। यह भी पता चला कि उसने 15 हजार रुपए चंदे के रूप में भी दिए थे। यह भी जानकारी मिल रही है कि जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है, उसमें से तीन आरोपी ऐसे हैं, जिनका नाम आयोजनकर्ता की सूची में नहीं है।

### महाकुंभ में ढोंगी बाबाओं का बहिष्कार करेगा अखाड़ा परिषद

**प्रयागराज, अमृत विचार :** हाथरस कांड के बाद अखाड़ा परिषद ने ढोंगी बाबाओं के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। परिषद ने नारायण सरकार उर्फ भोले बाबा को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। अखाड़ा परिषद की ओर से यह निर्णय किया गया है कि इस बार महाकुंभ में ढोंग करने वाले बाबाओं को मेले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके लिए अखाड़ा परिषद ने सूची तैयार करना शुरू कर दी है। मुद्दे को लेकर 13 अखाड़ों ने बैठक भी की है। अखाड़ा परिषद के लोगों का कहना है कि हाथरस में हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद अखाड़ा परिषद ने बड़ा फैसला लिया है। ढोंगी बाबाओं ने धर्म और आस्था के नाम पर खिलवाड़ और खुद को ईश्वर समझने वालो को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

## चारागाह की जमीन पर बना आश्रम, जांच शुरू

- राजस्व टीम ने शुरू की जांच-पड़ताल, डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**बिधनू (कानपुर), अमृत विचार:** हाथरस भगदड़ में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद चर्चा में आए करसुई के नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम की जांच शुरू हो गई है, जिससे जल्द ही शिकंजा कसने की संभावना है। बताते हैं कि 14 बीघे में फैला आश्रम चारागाह और गरीबों को आवंटित पट्टे की भूमि पर बना है। राजस्व विभाग अपनी जांच पूरी कर जल्द ही रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजेगा। बिधनू से पांच किलोमीटर दूर किसान नगर रोड पर करसुई गांव में स्थित नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का आलीशान आश्रम है, जो 14 बीघे क्षेत्रफल में फैला है। सड़क के किनारे जिस जमीन पर आश्रम बना है, उसकी राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। बताते हैं कि यह आश्रम चारागाह और गांव के गरीबों को आवंटित पट्टे की जमीन पर बना है, जिसकी शुरुआती जांच में पुष्टि हो गई है।

**खबरें कोर्ट रूम से...**

## एएसआई सर्वे की मांग पर मस्जिद कमेटी से मांगा जवाब

**ज्ञानवापी मामला**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर वुजुखाना क्षेत्र की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी करके पूछा है कि सर्वे क्यों न कराया जाए। मस्जिद कमेटी को 11 दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले को एक महत्वपूर्ण मामले के रूप में मानते हुए अगली सुनवाई आगामी 14 अगस्त को निर्धारित की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली राखी सिंह द्वारा दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। दरअसल 21 अक्टूबर के आदेश में जिला न्यायाधीश ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वुजुखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था।

### अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं को परेशान करने वाले कुछ मुद्दों, विशेष रूप से बार के प्रति कुछ न्यायाधीशों के आचरण को लेकर चिंता जताई है। इसके अलावा अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के भी कई मामले सामने आए हैं। मंगलवार को बार एसोसिएशन की बैठक के बाद बुधवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय ने की। संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति न्याय प्रशासन को नुकसान पहुंचा रही है। मौजूदा समस्याओं के बारे में मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है।

### संविधान में किसी अन्य की धर्मांतरण की अनुमति नहीं

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े मामले में कहा कि भारत का संविधान अपने नागरिकों को अपने धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, आचरण करने और उसका प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है, लेकिन यह किसी भी नागरिक को किसी अन्य नागरिक के धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देता है। अंतरात्मा और धर्म की स्वतंत्रता के व्यक्तिगत अधिकार को धर्मांतरण के सामूहिक अधिकार के रूप में नहीं समझा जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने श्रीनिवास राव की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

### अशरफ के गुर्गे सद्दाम की जमानत पर सुनवाई टली

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ के करीबी सद्दाम की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट के दस्तावेज अभी रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है। अतः सरकारी अधिवक्ता ने मामले को आगे के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया, जिस पर कोर्ट ने मामले को आगामी 11 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। हालांकि याची की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। मालूम हो कि बरेली जेल में निरुद्ध रहने के दौरान कुख्यात गैंगस्टर अशरफ से रोजाना उसके करीबी लल्लागद्दी व सद्दाम मिलने आते थे, जिन्हें गैर कानूनी ढंग से जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत द्वारा अशरफ से मिलवाया जाता था।

## सेवानिवृत्ति परिलाभ कर्मचारी का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के भुगतान में लगातार बरती जाने वाली लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति परिलाभ एक कर्मचारी का अधिकार है और उसे उसके अधिकारों से वंचित करना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन माना जाएगा। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक, उच्चतर माध्यमिक (लेखा एवं पेंशन), बरेली को इस आदेश से दो माह की अवधि के भीतर याची शौकत अली खान के सभी सेवानिवृत्ति बकायों का भुगतान करने का निर्देश दिया है। दरअसल, याची को शुरू में अस्थायी आधार पर गांधी फैज-ए-आम कॉलेज, शाहजहांपुर में रसायन विज्ञान विभाग में डेमोंस्ट्रेटर के रूप में नियुक्त किया गया था। उसी के साथ दो अन्य व्यक्ति भी नियुक्त किए गए थे। शिक्षा निदेशक ने तीनों डेमोंस्ट्रेटरस् के वेतन भुगतान के संबंध में कुछ आपत्ति जताई थी।

## सार-संक्षेप

### हाईस्कूल-इंटर की मेरिट से मिलेगा जीएनएम में दाखिला

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों में चल रहे नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) में इस वर्ष दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी, पूर्व की भांति इंटर में प्राप्त अंकों के आधार पर एडमिशन मिलेगा। राज्य सरकार ने, केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया लागू करने का निर्णय वापस ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव को आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया में, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने जीएनएम में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि 28 जुलाई 2024 निर्धारित थी, जिसकी वजह से सत्र समय से अर्थात 1 अगस्त से नहीं चालू हो पा रहा था, सत्र देर से शुरू होने पर छात्रों की होने वाली दिक्कतों को मद्देनजर केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा और काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित करते हुए, दाखिले की प्रक्रिया पूर्व की भांति यथावत जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

### पीडब्ल्यूडी में 20 अधीक्षण अभियंताओं का स्थानांतरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग में मंगलवार को 20 अधीक्षण अभियंताओं को स्थानांतरित किया गया। इनमें आठ ऐसे जिन्हें प्रोन्नति के बाद नई तैनाती दी गई है। नव प्रोन्नत कैलाश कुमार सिंह को बदायूं पीलीभीत वृत्त, प्रभात कुमार चौधरी को 31वां वृत्त सेतु लोनिवि मुख्यालय और आईजीएस वृत्त लखनऊ मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार, सनत कुमार ऋषि को कन्नौज फर्रुखाबाद वृत्त, मनीष वर्मा को बुलंदशहर वृत्त, प्रवीण कुमार को वाराणसी वृत्त, ओंकार भारतीय को राष्ट्रीय मार्ग वृत्त प्रयागराज, प्रकाश चंद्र को बरेली वृत्त तथा नव प्रोन्नत मृगेंद्र कुमार अनिल को पीएमजीएसवाई वृत्त आगरा में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनाती दी गई है।

### सीएसआर फंड से हो रहा प्राइमरी स्कूलों का कायाकल्प

**लखनऊ, अमृत विचार :** बड़ी-बड़ी निजी कंपनियां अपने सीएसआर फंड से प्राइमरी विद्यालयों का कायाकल्प कर रहीं हैं। टाटा की एयर इंडिया (एआई) सैट्स द्वारा महाराजगंज में दो प्राइमरी विद्यालयों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस कर दिया है। तैयार हो चुके स्कूल में किचन से लेकर क्लासरूम, स्मार्ट क्लास तक की सभी सुविधाएं किसी नामी निजी स्कूल की तर्ज पर बनाई गई हैं। महाराजगंज के दो प्राइमरी स्कूलों के लिए एआई सैट्स ने जिला प्रशासन को 45 लाख रुपए मुहैया कराए हैं। इससे चौक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोनाड़ी खास व प्राथमिक विद्यालय चौक छावनी को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कंप्यूटर, इंट्रैक्टिव पैनल, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर आदि सुविधा मुहैया कराकर दोनों विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है।

### भदोही: जुलूस में फलस्तीनी झंडा लहराया, एक गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी :** औराई थाना क्षेत्र में मुहर्रम का चांद दिखने पर निकाले गए जुलूस में फलस्तीन का झंडा लहराने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि रविवार रात कुछ युवकों ने बिना अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग पर माधोसिंह इलाके में जुलूस निकाला, जिसमें फलस्तीन के झंडे लेकर नारेबाजी की गई। पांडेय के मुताबिक, सोमवार को जुलूस का एक वीडियो वायरल होने के बाद जांच में साहिल उर्फ बादशाह और गोरख नाम के युवकों सहित कुछ अन्य के फलस्तीनी झंडा लहराने की बात सामने आई।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** डेढ़ वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को नोएडा पुलिस ने 12 घंटे के अंदर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एडीसीपी के मुताबिक नोएडा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सदरपुर में करीब डेढ़ वर्ष की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के संबंध में सोमवार को मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उक्त घटना में वांछित आरोपी उदयवीर को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई।

## हज 2025 के संबंध में सर्कुलर जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** हज कमेटी ऑफ़ इंडिया ने हज-2025 के सम्बन्ध में सर्कुलर जारी कर दिया है। हज व उमराह मंत्रालय सऊदी अरब सरकार की ओर से मिली सूचना के बाद भारतीय दूतावास रियाद की तरफ से हज-2025 के लिए जल्दी शुरू किये जाने का निर्देश जारी किया गया है। हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुम्बई ने अपनी वेबसाइट http://hajconnittee.gov.in पर हज-2025 के सन्दर्भ में सर्कुलर जारी कर बताया है कि जुलाई 2024 के अंत में या अगस्त के पहले हफ्ते में हज-2025 की घोषणा कर दी जाएगी। हज पर जाने के इच्छुक मशीन पर पढ़े जाने योग्य अपना पासपोर्ट तैयार रखें। पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक समाप्त हो रही है वह अपना पासपोर्ट तैयार रखें।

## बहराइच: बंदर के साथ रील बनाया, छह नर्सें निलंबित

संवाददाता, बहराइच



- बहराइच के महिला जिला अस्पताल का मामला

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बंदर के साथ खेलने वाली छह स्टाफ नर्सों को मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मंगलवार को निलंबित कर दिया।

सूत्रों के अनुसार बहराइच मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में स्टाफ नर्स अंजली, आंचल शुक्ला, किरन सिंह, प्रिया, पूनम पांडे और संध्या सिंह की तैनाती है। इन सभी ने 5 जुलाई को ड्यूटी के दौरान महिला अस्पताल में बंदर को कपड़े पहना कर रील बनाया। इसके बाद रील को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रील की वीडियो प्राचार्य डॉ. संजय खत्री के पास पहुंची, जिस पर उन्होंने सभी स्टाफ नर्सों को निलंबित कर दिया है। प्राचार्य का कहना है कि इससे मेडिकल कॉलेज की छवि खराब हुई है। प्राचार्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी को निलंबित कर दिया है। साथ ही सभी के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

## बारिश के दौरान बज्रपात से तीन लोगों की मौत

कौशांबी, एजेंसी। पश्चिम शरीरा क्षेत्र में मंगलवार को बारिश के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उप जिलाधिकारी आकाश सिंह ने बताया कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के लोधन का पुरवा गांव निवासी रानी देवी (19) तथा शिवाकांत (12) खेत में धान की रोपाई कर रहे थे कि इसी दौरान बारिश होने लगी, तभी गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से रानी देवी तथा शिवाकांत की मौके पर ही मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र के धवाडा गांव निवासी उर्मिला देवी (40) एवं कौशल्या देवी अन्य महिलाओं के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थी कि इसी दौरान वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। इस घटना में उर्मिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

## बिहार जा रही बस का अमेठी में एक्सीडेंट, 5 लोगों की मौत

संवाददाता, अमेठी

- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों से भरी निजी बस अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। बस 50 यात्रियों को लेकर दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही थी। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। वहीं डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप सिंह, सीएमओ अंशुमान सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की भोर अमेठी जिले से गुजर रही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 68.8 पर दिल्ली से सीवान जा रही बस अज्ञात वाहन में पीछे से जा भिड़ी। चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचाया, जहां से तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हरदोई में झोपड़ी पर बस पलटी, 4 की मौत

**हरदोई।** सवारियों को लेकर जा रही बस बिल्हौर-कटरा हाईवे पर माधौगंज मार्ग पर पेड़ के नीचे चारपाई पर बैठे लोगों को रौंदते हुए झोपड़ी पर पलट गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 6 लोग जख्मी हो गए। जानकारी होने पर डीएम मंगला प्रसाद, एसपी केशव गोस्वामी मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। टीम ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। झोपड़ी पर गिरी बस को जेसीबी की मदद से हटाया गया। बस में 30 लोग सवार थे। मृतक आयशा (45), हसाना (75), सूफियान (25), ननकी (62) आपस में रिश्तेदार थे।

## निहारिका वेंचर्स के एमडी की तलाश में पड़े छापे

**लखनऊ, अमृत विचार:** 400 करोड़ के घोटेले के आरोपी निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी एवं उनकी पत्नी की तलाश में प्रयागराज पुलिस ने लखनऊ एवं नोएडा में एक साथ छापा मारा। इसके अलावा पुलिस ने लखनऊ, दिल्ली, नोएडा, कौशांबी, प्रतापगढ़ जिलों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी अभिषेक द्विवेदी को लेकर सूचनाएं भेजी हैं। उधर, एमडी अभिषेक और निहारिका की नामी-बेनामी संपत्ति की सूची तैयार कर अब उसे कुर्क करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इस मामले में अब तक पुलिस अभिषेक द्विवेदी के पिता और उसकी सास को जेल भेज चुकी है। पति-पत्नी फरार हैं। रिश्तेदारों से पूछताछ और लोकेशन के आधार पर इससे पहले प्रतापगढ़, बनारस, लखनऊ में छापेमारी हुई थी।

## वर्ग पहेली-126

**बाएं से दाएं**

1. वह स्थान या बाज़ार जहां फलों का क्रय-विक्रय होता है।
3. 1. चलताऊ, मोटे तौर पर 2. जल्दी में, स्थूल रूप से 3. बिना गंभीरता के।
5. 1. नाके पर रहने वाला पहरेदार 2. नाके का अधिकारी।
7. 1. एक बलवान और हिंसक जानवर, शेर, केशरी, मृगेंद्र 2. बारह राशियों में से पांचवीं राशि 3. जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का चिह्न 4. वास्तुकला में उक्त प्रकार की आकृति
8. अकस्मात, सहसा, अचानक, यकायक, एकदम।

**ऊपर से नीचे**

2. मंद-मंद चलने वाली हवा, बयार, सुखद प्रतीत होने वाली वायु; मंदसमीरण।
4. 1. पहाड़ की तराई में होने वाला एक वृक्ष 2. उक्त वृक्ष पर लगने वाला खट्टा-मीठा फल जिसका अचार भी बनाया जाता है।
6. एक प्रकार का मसाला जो प्रसूता को दिया जाता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 3 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 4 |
| 5 | 6 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 7 | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -125 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जा | दू | ■ | 2 तु | ■ | ■ |
| गी | ■ | ■ | षा | ■ | ■ |
| र | ■ | 3 ऐ | रा | प | 4 ति |
| ■ | 5 प | ■ | पा | ■ | बा |
| 6 क | सा | फ़ | त | ■ | रा |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ना | व | टी | ■ | ■ |

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| 2 | | 9 | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 9 | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | 2 | 1 | | | | 5 | 7 | |
| 3 | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | 8 | 9 | | 1 | | 5 |
| | 1 | | | | | 3 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | |

### सुडोकू -38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 07.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10.15 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आप अपने कुछ कामों को लेकर प्लानिंग करेंगे। व्यवसाय में आप किसी परिवर्तन को बनते दिख रहे हैं। तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी। प्रेमीजन की मूल भावनाओं को समझने का प्रयास करें।

**वृष** – आज समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क बनेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा,जो बिजनेस में आपकी मदद करेगा। माता-पिता का व्यवहार स्नेहमय रहेगा।

**मिथुन** – आज अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना होगी। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस में आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आज आपको किसी विशेष काम को करने का मौका मिलेगा और आप अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। दांपत्य जीवन में सुख सहयोग में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। पर्यटन स्थल अथवा तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करने में कुछ समस्याएं आएंगी।

**कन्या** – आज आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर करें। आध्यात्मिक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। ईश्वर के प्रति आस्था में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज किसी अतिथि के आने से परिवार में खुशियों का संचार होगा। सामाजिक कार्य में आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी। नए सहयोगी बनेंगे। व्यवसाय में आप कोई नया निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।

**वृश्चिक** – आज भाई-बहनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभागिता करने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी।

**धनु** – आज आपको अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। किसी पुराने रिश्तेदार से यकायक भेंट हो सकती है,जिससे आपको बेहद खुशी होगी। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर** – आज किसी अनजान व्यक्ति से अचानक घनिष्ठता न बढ़ाएं। सोच समझकर संबंधों को आगे बढ़ाएं। मित्रों के साथ मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करने अच्छा रहेगा। मन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**कुंभ** – आज कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। पारिवारिक दायित्व को निभाने की कोशिश करेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। सामाजिक कार्यों में अरुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कोई बिजनेस करेंगे तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। शेयर मार्केट में निवेश सोच विचार कर करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कौन करे कुर्बानी – सुबह : 11.44
घातक – शाम : 05.23

**Sony Pix**
जस्टिस लीग – दोपहर : 12.43
जर्नी 2 – रात : 09.00

**&pictures**
एंटरटेनमेंट – सुबह :10.39
चुप – रात : 08.00

**Zee Cinema**
अखंडा – सुबह : 11.30
ड्रीम गर्ल – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
खूबसूरत – सुबह : 09.52
हम तुम्हारे हैं सनम – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया।
गुरुजी बोले– जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो।
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया।
गुरुजी ने दामाद से पूछा – क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया– बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर – कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू– जी नादान परिंदे।
डॉक्टर – ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं, 'व्हाटसएप के कीड़े'।

## एक नजर

### रेलवे दो साल में 10,000 डिब्बों का करेगा निर्माण

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अगले दो वित्त वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बों का निर्माण करने जा रहा है। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल का मकसद आम रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है। अगले दो वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बे बनाए जाने के बाद कुल यात्री डिब्बों में इनका हिस्सा 22 प्रतिशत बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रेलवे सामान्य (जनरल) श्रेणी के 2,605 डिब्बे, शयनयान (स्लीपर) श्रेणी के 1,470 डिब्बे और एसएलआर (गार्ड एवं दिव्यांगों के लिए निर्धारित) श्रेणी के 323 डिब्बों के साथ 32 पार्सल वैन और 55 पैंट्री कार का निर्माण भी करेगा। बयान के मुताबिक, यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए तैयार इस निर्माण कार्यक्रम में अमृत भारत ट्रेनों के लिए भी सामान्य, शयनयान और एसएलआर कोच शामिल हैं।

# खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार 1.50 लाख करोड़ के पार

## 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित, उत्पादन 315 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।



• खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी

## एयर एशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की घोषणा की

**बेंगलुरु।** एयरलाइन एयर एशिया ने अगले तीन महीनों के भीतर अंडमान निकोबार द्वीप समूह से अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। इस द्वीप समूह के बुनियादी ढांचे और संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी। विश्व में सबसे कम लागत वाली एयरलाइन एयरएशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की योजना का अनावरण किया। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और ग्राहक अनुभव अधिकारी केशवन शिवानंदम ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम अगले तीन महीनों में अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने जा रहे हैं।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

**मुंबई, एजेंसी**

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है।

आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है। इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया।



• अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई

## अशोका लेलैंड ने तमिलनाडु में रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया

**चेन्नई।** अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1090 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## युवराज की याचिका पर रियल एस्टेट कंपनी को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह की याचिका पर एक रियल एस्टेट कंपनी को मंगलवार को नोटिस जारी किया। सिंह ने निर्माण परियोजनाओं के प्रचार में उनकी निजता के अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें आवासीय इकाई पर कब्जा देने में देरी के लिए मध्यस्थता कानून लागू करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने सिंह द्वारा उनके और बिल्डर के बीच विवादों की सुनवाई और निर्णय के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति को लेकर दायर याचिकाओं पर ब्रिलियंट एटोइल प्राइवेट लिमिटेड से जवाब मांगा।

# राज्यों से छत पर सौर परियोजनाएं लगाने की योजना को आगे बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने कहा है कि वह पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत गांवों में छत पर सौर परियोजना की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए पंचायती राज संस्थानों को प्रोत्साहित करेगा। उसने राज्यों से योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए काम करने का अनुरोध किया है। पंचायती राज मंत्रालय ने राज्यों को छतों पर सौर पैनल स्थापित करने और एक करोड़ घरों के लिए 300 मासिक यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना के दिशानिर्देश साझा करने को लेकर लिखा है। योजना की शुरुआत फरवरी, 2024 में हुई थी।

• योजना पर कुल व्यय 75,021 करोड़ रुपये अनुमानित और वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू होगी

पंचायती राज मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव चंद्रशेखर कुमार ने इस बारे में आठ जुलाई को सभी राज्य विभागों को पत्र लिखा है। पत्र में अधिकारियों से योजना के परिचालन संबंधी दिशानिर्देशों को पंचायती राज संस्थानों, राज्य के पंचायती राज विभागों के अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ साझा करने के लिए कहा गया है। इस पहल का उद्देश्य योजना को बेहतर तरीके से समझने में मदद करना है। उन्होंने पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आह्वान किया। इस योजना पर कुल व्यय 75,021 करोड़ रुपये अनुमानित है और इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है।

## आईबीएम ने कोच्चि में जेनएआई इनोवेशन सेंटर का किया अनावरण

**कोच्चि।** आईबीएम ने मंगलवार को कोच्चि में अपने जेनएआई इनोवेशन सेंटर का अनावरण किया। आईबीएम ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य एआई नवाचार में तेजी लाना, उत्पादकता को बढ़ावा देना और पूरे देश में जेनएआई विशेषज्ञता को मजबूत करना है। आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब के भीतर स्थित जेनएआई इनोवेशन सेंटर उद्यमों, स्टार्टअप और भागीदारों को जनरेटिव एआई तकनीक का पता लगाने, अनुभव और विकसित करने के लिए एक गतिशील वातावरण प्रदान करेगा।

# डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई: येचुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• माकपा के महासचिव ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े का हवाला देते हुए यह दावा किया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारत की डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई है। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उस आंकड़े का हवाला देते हुए यह दावा किया, जिसमें कहा गया है कि देश में 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियों का सृजन हुआ।

येचुरी ने कहा, आरबीआई का कहना है कि 2024 में नौकरियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत की डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई है। मोदी का प्रचार सच्चाई को दबा रहा है। उन्होंने गैर-सरकारी आर्थिक थिंक टैंक सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा जारी आंकड़ों को भी साझा किया, जिसमें दर्शाया गया है कि जून 2024 में बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत थी। येचुरी ने कहा, सीएमआईई का यह आंकड़ा 2014 के बाद से बेरोजगारी के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।



## एक नजर

### ईडी की चार्जशीट पर केजरीवाल को किया तलब

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र पर यहां की एक अदालत ने मंगलवार को संज्ञान लिया। संघीय जांच एजेंसी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया और केजरीवाल को 12 जुलाई के लिए सम्मन जारी किया। धन शोधन निरोधक एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को यहां उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। इसमें आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल आबकारी घोटाले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता हैं तथा इसके लिए परोक्ष रूप से जिम्मेदार हैं।

### रजत शर्मा को चुना गया एनबीडीए का अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** इंडिया टीवी के अध्यक्ष रजत शर्मा को पुनः न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) का अध्यक्ष चुना गया है। मंगलवार को एनबीडीए की बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान में शर्मा को 2024-25 के लिए पुनः अध्यक्ष बनाया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक चुनाव के बाद शर्मा ने एनबीडीए की बैठक को संबोधित करते हुए समाचार प्रसारकों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों अपनी राय प्रकट की। उन्होंने कहा, समाचार प्रसारण उद्योग को बदनाम करने का एक सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। समाचार प्रसारकों पर हमला करने के लिए डिजिटल मीडिया के एक वर्ग का दुरुपयोग किया जा रहा है।



### दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर, थाना- ज्योति नगर, नई दिल्ली के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निपटाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी ने रिश्वत की राशि कम कर दी और 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। सीबीआई ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# नदियां खतरे के निशान से नीचे : हिमंत

## 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन (एएसडीएमए) द्वारा मंगलवार को जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य के 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अच्छी खबर - ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अधिकतर स्थानों पर खतरे के स्तर से नीचे है।

उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर यह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, लेकिन इनके जल स्तर में गिरावट आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की सूचना के अनुसार, सोमवार को राज्य में औसतन 6.3 मिमी बारिश हुई। सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। राज्य में कुल मिलाकर 48,124 विस्थापित लोगों ने 245 राहत शिविरों में शरण ली है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को कछार, बारपेटा, बंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और जोरहाट में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, पुलिस बल और एएसडीएमए के आपदा मित्र स्वयंसेवक बाढ़ और तूफान प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर सुबह नौ बजे दर्ज किए गए जलस्तर के अनुसार, ब्रह्मपुत्र नदी निमती घाट (जोरहाट), तेजपुर (सोनितपुर), गुवाहाटी (कामरूप) और धुबरी (धुबरी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी।

### गोवा में भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

**पणजी।** गोवा के कई हिस्सों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया और राजधानी पणजी तथा अन्य शहरों में यातायात प्रभावित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को रेड अलर्ट जारी किया है जिसमें कहा गया है कि कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा जिले में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार, तटीय राज्य में लगातार बारिश होने तथा 50 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की आशंका है। मछुआरों को रेड अलर्ट के दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है जबकि लोगों को बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा गया है।

# अंग प्रतिरोपण गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश और दिल्ली-एनसीआर में कथित तौर पर गुर्दा प्रतिरोपण गिरोह चलाने के मामले में दिल्ली की 50 वर्षीय एक महिला चिकित्सक सहित कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से इस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के हैं जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत लाया गया।

• ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के निवासी फर्जी दस्तावेज से भारत आए

अधिकारियों ने बताया कि महिला चिकित्सक की पहचान डी. विजया राजकुमारी के रूप में हुई है, जो अब दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्रति मरीज शुल्क के आधार पर गुर्दा प्रतिरोपण सर्जन के रूप में काम कर रही है। वह कथित तौर पर 2021 से 2023 के बीच बांग्लादेश से आए करीब 15 लोगों की प्रतिरोपण सर्जरी में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि डॉ. राजकुमारी ने कथित सर्जरी नोएडा के यथार्थ अस्पताल में की जहां पर वह परामर्शदाता के तौर पर अपनी सेवाएं देती हैं।

## सीतारमण के डीपफेक वीडियो पर प्राथमिकी दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने माल एवं सेवा कर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक डीपफेक वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। राज्य के मंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वीडियो क्लिप में सीतारमण कथित तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए और जीएसटी को गोपनीय सूचना टैक्स बताते हुए दिखाई दे रही हैं। इसे चिराग पटेल नामक एक व्यक्ति ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था। पटेल के एक्स प्रोफाइल के अनुसार, वह अमेरिका में रहता है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि लोगों को गुमराह करने के लिए डीप फेक वीडियो फैलाने का कृत्य घृणित है।

# नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं : विजयन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि राज्य में लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में सरकार के संज्ञान में अब तक कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। विजयन ने विधानसभा को बताया कि सरकार आरोपों की गंभीर जांच कराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य पीएससी एक भर्ती एजेंसी है जो निष्ठापूर्वक काम करती है और इसकी नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हुआ है।



• अनियमितता का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री का यह बयान कोझिकोड में माकपा के एक स्थानीय नेता के खिलाफ लगे आरोपों पर उठे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर आया है। माकपा नेता पर आरोप है कि उन्होंने पीएससी सदस्य के रूप में पद दिलाने का वादा करके एक डॉक्टर से रिश्वत ली थी।

# लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक क्लब के अंदर एक लड़की की लोगों के समूह द्वारा पिटाई किये जाने का पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैरकपुर पुलिस ने कहा कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक के करीबी व्यक्ति ने लड़की को प्रताड़ित किया है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने मांग की है कि वीडियो की सत्यता का पता लगाने के लिए इसकी जांच की जाए। लड़की को प्रताड़ित किये जाने की वजह का पता नहीं चल सका है।

बैरकपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभी प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें एक लड़की पर हमला किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए एक फौजदारी मामला शुरू किया गया है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 2 लोग हिरासत में लिये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह वीडियो कम से कम दो साल पुराना है, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि एजेंसी द्वारा नहीं की गई है।



• पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का मामला, दो गिरफ्तार

# नड्डा ने कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की और उन पर वैचारिक रूप से दिवालिया और सत्ता की भूखी होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वामपंथी भी अपने बेटे-बेटियों को बढ़ावा देकर कांग्रेस का अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने केरल की राजधानी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है।

लोकसभा चुनाव के बाद केरल के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे 'परजीवी' करार दिया, जो क्षेत्रीय दलों के समर्थन और मदद की बदौलत इस साल सीट हासिल कर सकी।



• भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वैचारिक रूप से दिवालिया बताया

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मौत, धारा बढ़ाई

**सिरसा, एजेंसी**

हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में दुष्कर्म के बाद साढ़े तीन साल की बच्ची की हुई मौत मामले में हेल्प डेस्क प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर शकुंतला को निलंबित किया गया है। बच्ची की मौत के बाद पूर्व में दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा और जोड़ दी गई है।

फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि इस मामले में घटना वाले दिन जांच अधिकारी के साथ सब इंस्पेक्टर शकुंतला ने जाने में देरी की। इसलिए उसे निलंबित किया गया है। इस मामले में आरोपियों को घटना के थोड़े समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उधर, टोहाना थाना प्रभारी देवी लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने बताया था कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। डेढ़-दो माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। गत 29 जून रात को उनकी जान पहचान के तीन युवक जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं उनके पास आए थे। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। पिता ने पुलिस को बताया कि आधी रात को तीन बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान अवस्था में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ हैवानियत की है।

• हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में साढ़े तीन साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म
• मामले में घटना वाले दिन सब इंस्पेक्टर के देरी से पहुंचने के कारण की गईं निलंबित

## केटीआर ने की पार्टी के दलबदल पर राहुल गांधी की आलोचना

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के.टी. रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना में पार्टी के दलबदल पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रुख की कड़ी आलोचना की। केटीआर ने गांधी के दोहरे मानदंडों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन पर संविधान के रक्षक होने का दिखावा करते हुए इसकी भावना को कमतर आंकने का आरोप लगाया।

# रत्न भंडार खोलने की सिफारिश करेगी समिति

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सिलसिले में गठित उच्च स्तरीय समिति ने ओडिशा सरकार को 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने की सिफारिश करने का फैसला किया है। समिति के एक सदस्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। रत्न भंडार में संग्रहित मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने की निगरानी के लिए समिति का गठन किया गया था।

• पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान निर्णय लिया गया

समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा, हमने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि समिति सरकार से 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने का अनुरोध करेगी। रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। रथ ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक समिति के सदस्य संयोजक भी हैं। रथ ने कहा, हालांकि, एसजेटीए प्रशासन डुप्लीकेट चाबी नहीं दे सका क्योंकि मंदिर प्रशासन रथ यात्रा के आयोजन में व्यस्त था। अब मुख्य प्रशासक को 14 जुलाई को समिति के समक्ष चाबी जमा करने को कहा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि डुप्लीकेट चाबी काम नहीं करेगी तो ताला तोड़कर रत्न भंडार को खोला जाएगा।

## खेल डायरी



### सिराज को आवासीय भूखंड और नौकरी देगी सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट दीः सूत्र

**लाहौर।** टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें बोर्ड से समर्थन मिलेगा। सूत्र ने कहा, कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।

### गुकेश के लिए बेहतर प्रदर्शन का मौका गुजराती को वाइल्डकार्ड

**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाई रहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे।

### हॉकी इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से आंध्र प्रदेश में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से 17 जुलाई तक आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धी टीमों में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी कर्नाटक, केरल हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, ले पुडुचेरी हॉकी और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। महिला वर्ग में टीमें कर्नाटक, यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना हॉकी और ले पुडुचेरी हॉकी की टीमे हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों में प्रतियोगिता राउंड-रॉबिन प्रारूप के अनुसार होगी जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं वॉर्नर

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म हुआ अध्याय करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके आपातकालीन विकल्प होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने आखिरी टी-20 24 जून को भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

### मैत्री मैच में म्यांमार ने भारत को 1-2 से हराया

**यांगून (म्यांमार)।** विन थेइंगी तुन और सान थाव थाव के गोल से म्यांमार की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को यहां मैत्री मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। दोनों टीमें पांच साल के अंतराल पर एक-दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय घरेलू फुटबॉल में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाली थेइंगी तुन ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर म्यांमा को बढ़त दिला दी। क्लब टीम की उनकी साथी प्यारी खाखा ने 58वें मिनट में गोल कर भारत की वापसी कराई। भारतीय टीम हालांकि म्यांमार को बढ़त लेने से ज्यादा देर नहीं रोक सकी। मे थेट मोन माइंट की फ्री किक को थाव थाव ने मैच के 74वें मिनट में गोल में बदल दिया। म्यांमार के खिलाफ छह मैचों में यह भारत की पांचवीं हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# बुमराह और मंधाना चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, एजेंसी



भारत की पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जून महीने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया गया है।

यह पहली बार है जब एक ही देश महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में यह पुरस्कार जीते हैं। बुमराह ने भारतीट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 4.17 की औसत से गेंदबाजी की और 15 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी नवाजा गया था। इसके अलावा एनरिक नोटर्जे ने भी टूर्नामेंट में 9 मैच में 15 विकेट झटके। सबसे ज्यादा 17-17 विकेट संयुक्त रूप से अफगानिस्तान फजलहक फारूकी और भारत अर्शदीप सिंह ने लिए थे।

### सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ पहुंचे उडुपी मंदिर

**उडुपी (कर्नाटक)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को तुलु भाषा में बात करते देखा गया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम : मोदी

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की असली पूंजी करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

# खाली हाथ विदा हुई मेहमान दक्षिण अफ्रीका टीम

## एकतरफा जीत से टी-20 श्रृंखला की बराबर, भारतीय महिलाओं ने जीती थी टेस्ट और वनडे सीरीज



चेन्नई, एजेंसी



पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 55 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 10.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 88 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना 40 गेंद पर 54 रन और शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रही। मंधाना ने अयोबांगा खाका पर दो चौके लगाकर शुरुआत की। दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सहजता से रन बटोरे। भारत में पावर प्ले में 40 रन बनाए। इसके बाद मंधाना दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गई। मंधाना ने नेदिन डि क्लर्क पर दो चौके और विजयी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और दो छक्के लगाए।

इससे पहले भारत की तरफ से वस्त्राकर और राधा के अलावा अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े। वोलवार्ट ने वस्त्राकर के पहले ही ओवर में चौके के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे किए। वोलवार्ट और ब्रिट्स ने संजीवन संजना पर भी चौके मारे। ब्रिट्स ऑफ स्पिनर दीप्ति की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हवा में शॉट खेल गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड ऑफ पर शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। एनेके बॉश और क्लो ट्रॉयोन ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। वस्त्राकर ने बॉश (17) को पगबाधा करके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। दो गेंद बाद नेदिन डि क्लर्क (00) भी वस्त्राकर की गेंद को विकेटों पर खेल गईं जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 61 रन हो गया। राधा ने एनेरी डर्कसेन (02), सिनालो जाफ्ता (08) और नोनकुलुलेको मलाबा (00) को आउट किया जबकि अरुंधति ने ट्रॉयोन (08) की पारी का अंत किया। वस्त्राकर ने एलिज मारी मार्क्स (07) को विकेटकीपर उमा छेत्री के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच 12 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने इससे पहले वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करने के अलावा एकमात्र टेस्ट मैच भी अपने नाम किया था। भारतीय महिला टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मेहमान टीम को खाली हाथ ही घर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका :** 84/10, 17.1 ओवर। तेजमिन ब्रिट्स 20, लॉरा वोलवार्ट 9, मारिजेन कैप 10। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 4, राधा यादव 3, दीप्ति 1, श्रेयंका पाटिल 1, अरुंधति रेड्डी 1।

**भारत :** 88। 10.5 ओवर। स्मृति मंधाना 54, शेफाली वर्मा 27।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी



- गंभीर की नियुक्ति पर बीसीसीआई सचिव बोले- विश्वास है वह भारत को और आगे ले जाएंगे

विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।

टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

हरारे, एजेंसी

- जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 में सलामी जोड़ी में हो सकता है बदलाव मध्यक्रम में जुड़ सकते हैं नए नाम



टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर किया जाए। वैसे गिल अंडर 14 दिनों के सबसे अच्छे दोस्त के साथ नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा।

### मैच : शाम 4: 30 बजे

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में जाना चाहेगा इंग्लैंड

**यूरो कप 2024**

डोर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं। स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है। मेम्फिस डेपाय, कोडी गेप्को और स्टीवन बर्गविन की जोड़ी मैच में शुरुआत कर सकती है।

### कोपा के सेमीफाइनल में खेलेंगे मेसी : स्कालोनी

**न्यू जर्सी।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि टीम के कप्तान लियोनेल मेसी कनाडा के खिलाफ कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए फिट है। सकालोनी ने कहा लियो ठीक है और कल वह खेल का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा वह खेलने के लिए फिट है और हम इसे लेकर सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि अगर मेसी स्पष्ट रूप से फिटनेस की कमी के बावजूद खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह क्या करेंगे। स्कालोनी ने कहा, यह बहुत आसान है क्योंकि 99 प्रतिशत समय ऐसा ही होता है वह खेलने के लिए तैयार है। टीम के मुख्य कोच ने कहा, इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि वह हमें क्या दे सकता है, भले ही वह अनुकूल परिस्थितियों में न हो। उल्लेखनीय है कि 37 वर्षीय मेसी मांसपेसियों की समस्या के कारण पेरू पर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत के अंतिम ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे। वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टरफाइनल के लिए शुरुआती 11 मिनट में वापस आ गए यह मैच अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर जीता लिया था।



# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

लंदन, एजेंसी

सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में हूटिंग के बीच अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए है।

सोमवार को जोकोविच ने दो घंटे और तीन मिनट तक चले मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में दुनिया के नौ नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से भिड़ेंगे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मुझे पता है कि वे रूण के लिए चीयर कर रहे थे, लेकिन यह हूटिंग करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी तरकीबें पता हैं। मैंने इससे कहीं ज्यादा शत्रुतापूर्ण माहौल में खेला है। आप लोग मुझे छू नहीं सकते।

वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में फ्रिट्ज का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।



डेनमार्क के होल्गर रूण के खिलाफ मैच में शॉट खेलते जोकोविच। ● एजेंसी

### मेदवेदेव से हारे सिनर, बाहर

**लंदन।** शीर्ष वरीय यानिक सिनर को दानिल मेदवेदेव ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मंगलवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 6-7 (7), 6-4, 7-6 (4), 2-6, 6-3 से हराया। सिनर के इस मुकाबले के दौरान अपने ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा और वह तीसरे सेट में कोर्ट से चले गए थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि सिनर को क्या हुआ था। लॉकर रूम में जाने से पहले उनकी हृदय गति की जांच भी की गई। इटली का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी लगभग 10 मिनट बाद वापस लौटा और फिर से खेलना शुरू किया।

### डोना सेमीफाइनल में

**लंदन।** क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया। वह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही है। वेकिच विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशिया की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### अमेरिका में भारतीय छात्र की डूबने से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ट्राइन विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र की न्यूयॉर्क राज्य के अल्बानी में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। यहां भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। साई सूर्या अविनाश गड्डे की 7 जुलाई को यहां से करीब 240 किलोमीटर उत्तर में अल्बानी के बार्बरविले फॉल्स के पास गया था। दूतावास ने कहा कि हम अविनाश की मौत से बहुत दुखी हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा हम शोक संतप्त परिवार एवं मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### उड़ान भरने के बाद विमान का पहिया निकला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया सोमवार को उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन 23 शव बरामद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

### कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों ने शुरू किए

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख भारतीय अमेरिकियों के एक समूह से कहा कि कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए और इस प्रांत की सफलता में इनका उल्लेखनीय योगदान है। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता न्यूसम ने सोमवार को मैसाचुसेट्स में एक कार्यक्रम में ये बात कहीं कि हमारे प्रांत की सफलता में प्रवासी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# कई सरकारी एप्स हैं सहायक, घर बैठे हो जाएंगे सभी जरूरी काम

**अमृत विचार नेटवर्क...।** मोबाइल एप्स ने हमारी जिंदगी बेहद आसान बना दी है। सुबह उठते ही हम सबसे पहले फोन में मैसेजिंग ऐप्स स्क्रॉल करते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे मोबाइल एप्स भी हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को बहुत आसान बना दिया है। चाहे ट्रेन या प्लेन का टिकट बुक करवाना हो या पैसों का लेन-देन करना हो। ये मोबाइल एप्स हमारी बहुत मदद करते हैं। डिजिटल होती दुनिया में भारत सरकार ने भी लोगों की सुविधा के लिए कई एप्स बनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल करके आसानी से सरकारी सुविधाओं का घर बैठे लाभ उठाया जा सकता है। इस तरह के एप्स से समय तो बचता ही है, साथ ही किसी सरकारी ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ये एप्स पूरी तरह से फ्री होते हैं। इसके लिए किसी तरह का कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना पड़ता है। भारत सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए कुछ ऐसे ऐप्स बनाए हैं, जिसकी मदद से आप सरकारी योजनाओं का आसानी से फायदा उठा सकते हैं। आज हम बताएंगे यह एप्स कौन-कौन से हैं और इनके प्रयोग के दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।




### इन सरकारी एप्स को करें डाउनलोड

अगर आप एंड्रॉयड प्रयोगकर्ता हैं तो इन सभी सरकारी एप्स को आसानी से गूगल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा आईओएस यूजर भी एपल के एप स्टोर से इन एप को डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें मुख्य रूप से भीम, एमआधार, उमंग, यूटीएस, डिजीलॉकर, एमपासपोर्ट सेवा, नेक्सटजेन परिवहन इत्यादि शामिल हैं।

### पारदर्शिता को मिलता है बढ़ावा

ये एप्लिकेशन न केवल समय पर सर्विस देते हैं, बल्कि इसके इस्तेमाल से पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलता है। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में ये एप सरकार और उसके नागरिकों के बीच की दूरी को पाटने का काम करते हैं। इनका इस्तेमाल करना बेहद आसान है। यह बहुत ही यूजर फ्रेंडली होते हैं। यही चीज इन्हें बाकी के एप्स से अलग बनाती है। सरकारी ऐप्स के इंटरफेस की डिजाइन बहुत आसान होती है। टेक्नोलॉजी से अपरिचित लोग भी इन्हें आसानी से चला सकते हैं। ज्यादातर एप्स में स्थानीय भाषा में सर्च करने और सर्विस लेने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### सिक्योर होते हैं यह एप्स

सरकारी ऐप्स पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं। सरकार इन ऐप्स में यूजर के डेटा की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। किसी भी तरह की संवेदनशील जानकारी की सिक्योरिटी के लिए हाई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यूजर अपने पर्सनल डेटा के साथ इन प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा कर सकें।

### नकली ऑफिशियल सरकारी वेबसाइट्स को कैसे पहचान सकते हैं?

- जब भी आप इस सुविधा का प्रयोग करें सबसे पहले वेब एड्रेस (URL) को ध्यान से देखें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइटों में gov.in या nic.in डोमेन होता है। इसलिए इससे मिलते-जुलते डोमेन या URL वाली वेबसाइटों से आप हमेशा सावधान रहें।
- आधिकारिक सरकारी मुहरें, लोगो या चिन्ह को जरूर देखें। असली सरकारी वेबसाइट्स अक्सर इन चीजों को प्रमुखता से दिखाती हैं। हालांकि ध्यान रखें कि इन्हें कॉपी भी किया जा सकता है।



- वेबसाइट की वर्तनी और व्याकरण संबंधी त्रुटियों की जांच करें। सरकारी वेबसाइट्स के इंटरफेस में आमतौर पर भाषाई गलतियां नहीं होती हैं। टाइपो और व्याकरण संबंधी गलतियां नकली वेबसाइट का संकेत है।
- अगर आपको किसी वेबसाइट की प्रमाणिकता के बारे में कोई संदेह है तो इसके सत्यापन के लिए संबंधित सरकारी एजेंसी से सीधे संपर्क करना सबसे अच्छा विकल्प है।

# संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं

## मोदी बोले- यूक्रेन युद्ध में मासूमों की मौत पीड़ादायक, पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर भारत के सुझावों की सराहना की

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

मोदी ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। मोदी ने कहा शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है। मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और मंगलवार को पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी-पुतिन वार्ता से पहले वाशिंगटन में कहा हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम रूस से वार्ता करने वाले हर देश से करते हैं कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता एवं यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में, सोमवार को यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है।



मॉस्को में 22वें रूस-भारत शिखर वार्ता के दौरान चर्चा करते मोदी-पुतिन।

**मोदी के पुतिन से गले मिलने पर जेलेंस्की ने आपत्ति जताई :** इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मोदी के पुतिन से गले मिलने पर आपत्ति जताई। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें कैंसर के मरीज बच्चों पर निशाना साधा गया। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना बड़ा निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ अपनी अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति की बात सुनने से उम्मीद बनी।



भारतीय समुदाय के लोगों से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।

### भारत-रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को एटमिक सिम्फनी भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का हृदय है।

### सुख-दुख का भरोसेमंद साथी है रूस : मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को रूस को भारत का सुख-दुख का साथी और सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके डीएनए में है। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। हमारे रूसी दोस्त इसे द्रुजवा कहते हैं और हम हिंदी में इसे दोस्ती कहते हैं।

# पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।** सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं।

भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था।

कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया।

### कठुआ मुठभेड़



छानबीन करते आर्मी के जवान।

### बारिश रुकते ही फिर तलाशी अभियान शुरू

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सोमवार देर रात अभियान को स्थगित कर दिया था लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू किया गया। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त तलाशी दलों ने कठुआ, उधमपुर और डोडा सहित विभिन्न दिशाओं से अभियान शुरू किया है।

### जोरदार धमाके की आवाज आई थी : पूरनचंद

ग्रामीण पूरन चंद शर्मा ने बताया हमले से करीब 10 मिनट पहले एक गैर सैनिक बस वहां से गुजरी थी। हमने जोरदार धमाका सुना और शुरुआत में लगा कि टायर फटा है लेकिन कुछ देर बाद ही गोलीबारी की आवाज आने के महसूस हुआ कि मुठभेड़ शुरू हो गयी है।

# सिंगापुर में नाबालिग से दुष्कर्म में भारतीय को 13 साल जेल

सिंगापुर एजेंसी

- **नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई, भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया**

यहां की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए सोमवार को 13 वर्ष चार सप्ताह की जेल और नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई है।

समाचार चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, राज कुमार बाला (42) को पीड़िता के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के अलग-अलग आरोपों के अलावा चिल्ड्रन एंड यंग पर्सन एक्ट के तहत भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया। दोषी बाला भारतीय मूल का नागरिक है, जिसके पास अब सिंगापुर की नागरिकता है और वह देश में एक बार का संचालन करता है। खबर के अनुसार, बचाव पक्ष के वकील रमेश तिवारी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया है।

## चीन पर साइबर हमलों का लगाया आरोप

**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर ऑस्ट्रेलिया और अन्य स्थानों पर सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमले करने का आरोप लगाया। इन पांच देशों को जासूसी गठबंधन फाइव आईज''कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट/नेटवर्क मामलों के निदेशालय द्वारा फाइव आईज के सहयोगी देशों जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया की सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन का सुरक्षा मंत्रालय 'नेटवर्क ऑफ इंटरेस्ट' को हैक कर रहा है।

# फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद अगली सरकार बनाने की तैयारी में जुटे

पेरिस, एजेंसी

- **चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को नहीं मिला था स्पष्ट बहुमत**

फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद मंगलवार को नेशनल असेंबली में बातचीत के लिए जुटे, ताकि त्रिशंकु संसद बनने के बाद वे साथ मिलकर बहुमत वाली सरकार का गठन कर सकें।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली के लिए हुए चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल से सरकार का दैनिक कामकाज संभालते रहने को कहा। वहीं, पेरिस ओलंपिक शुरू होने में तीन सप्ताह से भी कम समय शेष है। मैक्रों वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे। चुनाव में कोई भी गुट सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत के करीब भी नहीं पहुंच पाया, जिससे यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप्प हो जाने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, यूरोप में त्रिशंकु संसद बनना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह स्थिति अभूतपूर्व है। सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले वामपंथी गठबंधन, 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' का कहना है कि उन्हें नयी सरकार बनानी चाहिए। गठबंधन में शामिल तीन मुख्य पार्टियों - कट्टर वामपंथी फ्रांस अन्बाउड, सोशलिस्ट्स और ग्रीन्स - ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तलाशने के लिए बातचीत शुरू कर दी है।

# अमेरिका भारत से बोला- यूक्रेन संघर्ष समाधान में संप्रभुता का हो सम्मान

वाशिंगटन, एजेंसी

- **भारत रणनीति साझेदार है जिसके साथ पूर्ण व स्पष्ट बातचीत हो सकती**
- **भारत की इस मसले पर सर्वजनिक टिप्पणी का रहेगा इंतजार**

अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया। मिलर ने कहा भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा मैं मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की।

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना रनौत ने मीना कुमारी की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्रेजडी क्वीन, दिवंगत अभिनेत्री मीना कुमारी की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कमल अमरोही निर्देशित फिल्म पाकीजा से मीना कुमारी की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कंगना ने लिखा मैंने मीना जी के काम को ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन मैंने बहुत कुछ पढ़ा है। वह अपने काम के लिए काफी मशहूर थीं। दुख से लेकर हंसी और फिर निराशा तक का यह रोंगटे खड़े कर देने वाला बदलाव सबसे बढ़कर है। उस दौर में दूसरी हीरोइंस को एक्ट्रेस कहने की हिम्मत कोई नहीं करता था, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री कहते थे कि वो सब हीरोइंस हैं, लेकिन एक्ट्रेस एक ही हैं- मीना कुमारी। कंगना बहुत जल्द फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं।



### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। श्लोक लाल के बोल और तनिष्क बागची की एड्रेनालाईन पैक रचना और दमदार गायकी के साथ, दे ताली प्रेरणादायक और प्रेरक गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्टअप और एविएशन पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है।



### पवन सिंह और डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज हो गया है। पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पॉवर स्टार को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका वाली इस फ़िल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है। इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह पर फिल्माया नया सांग रंगदारी रिलीज किया गया है।

## डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रभावशाली कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस राष्ट्रपति जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवारों की दौड़ से हटाने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच उनके बारे में अपने सदस्यों की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुन रहा है।

कॉकस की अध्यक्ष और भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी से संबद्ध एक समूह है। जयपाल ने कहा यह सच है कि डेमोक्रेट्स हमारे सदस्यों और घटकों के बीच बातचीत कर रहे हैं क्योंकि हम अपनी पार्टी की रक्षा करने के लिए सबसे अच्छे रास्ते पर विचार करते हैं।

**तैयारी** संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का होगा आयोजन

# न्यूयॉर्क में होगा भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन

न्यूयॉर्क एजेंसी

- **ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम**

न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। वैश्विक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए शहर के प्रख्यात लिंकन सेंटर में 10 से 14 जुलाई तक इंडिया वीक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय संस्कृति की सुंदरता और जीवंतता की झलक देखने को मिलेगी। सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में देश के संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन तथा अन्य क्षेत्रों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 'इंडिया वीक' के मुख्य आकर्षण में प्रसिद्ध तालवादक पद्म भूषण पुरस्कार विजेता वीटी एच. विनायकराम, ग्रैमी-नामांकित गायिका प्रिया दर्शिनी की गीत प्रस्तुति, पीबॉडी पुरस्कार विजेता अभिनेता एवं लेखक आसिफ मांडवी, हास्य अभिनेता हरि कोंडाबोलू, एमी-नामांकित लेखक व हास्य कलाकार निमेश और अपर्णा नानचेरला की प्रस्तुति शामिल होगी। नानचेरला को रोलिंग स्टोन द्वारा 'द 50 फनीएस्ट पीपुल राइट नाऊ' में से एक नामित किया गया है। इसमें ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'आरआरआर' भी दिखायी जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन एस. एस राजमौली ने किया है। सप्ताह भर आयोजित होने वाले समारोह का मुख्य आकर्षण राजस्थानी लोक समूह 'एसएजेड' होगा जिसमें सुमित्रा दास गोस्वामी 'रंग-ए-थार' प्रस्तुत करेंगी।



इंडिया वीक आयोजन के तहत तैयारी करतीं छात्राएं।